ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष त्रयोदशी 09:36 उपरांत चतुर्दशी विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 9 जून 2025
वर्ष 6, अंक 199, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



किसानों के हितों की रक्षा करेगा भारत 12
जयशंकर यूरोप रवाना, द्विपक्षीय संबंध होगा प्रमुख मुद्दा 14

## जातिवाद से मुक्त हो समाज : भागवत

### संघ प्रमुख बोले-मंदिर, जलाशय, श्मशान पर सभी का समान अधिकार

- कहा-हिंदुओं को एकजुट व सनातन परंपरा को दोबारा स्थापित करेंगे
- पूर्वी यूपी क्षेत्र कार्यकर्ता विकास वर्ग और शिक्षा वर्ग में किया प्रतिभाग

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



**अमृत विचार :** शहर प्रवास पर आए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक मोहन भागवत ने रविवार को स्वयंसेवकों से कहा कि संघ अपने शताब्दी वर्ष में है। पंच परिवर्तन के आधार पर सम्पूर्ण समाज एक बड़े परिवर्तन की ओर जा रहा है।

ऐसा समाज जो राष्ट्र के प्रति अपने दायित्व के लिए जागरूक हो, ऐसा समाज जो पर्यावरण के अनुकूल अपनी जीवन शैली का निर्माण करे, ऐसा समाज जो जातिवाद की विषमता से मुक्त हो, जहां मंदिर, जलाशय, श्मशान पर संपूर्ण समाज का समान अधिकार हो। पं. दीनदयाल उपाध्याय विद्यालय आजाद नगर में पूर्वी यूपी क्षेत्र के कार्यकर्ता विकास वर्ग, सामान्य-विशेष और संघ शिक्षा वर्ग में सरसंघचालक ने भाग लिया। रविवार सुबह उन्होंने प्रशिक्षण वर्ग के लोगों के साथ शाखा की।

इस दौरान उन्होंने कहा कि संघ द्वारा समाज हित में किए गए कार्यों से जुड़े साहित्य को हर घर तक पहुंचाना है। पंच परिवर्तन पर विशेष जोर देते हुए कहा, सभी हिंदुओं को एकजुट करने का काम करना है। हर घर में संस्कार हों और लोग परिवार में एकजुट हों जिससे सनातन परंपरा को हर घर में दोबारा स्थापित किया जा सके।

## राजग सरकार ने 11 साल में महिलाओं को आगे बढ़ाया

नई दिल्ली, एजेंसी

- सरकार के तीसरे कार्यकाल का एक साल पूरा होने पर बोले प्रधानमंत्री मोदी
- कहा-सभी क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर लोगों के लिए प्रेरणा बन रहीं महिलाएं



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपनी सरकार के तीसरे कार्यकाल का एक साल पूरे होने से एक दिन पहले रविवार को कहा कि भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार ने अपने 11 साल के कार्यकाल में महिला नीत विकास को पुनः परिभाषित किया है।

प्रधानमंत्री मोदी ने 'एक्स' पर कहा कि विज्ञान, शिक्षा, खेल, स्टार्टअप और सशस्त्र बलों सहित सभी क्षेत्रों में महिलाएं उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही हैं और लोगों के लिए प्रेरणा बन रही हैं। प्रधानमंत्री ने कई कल्याणकारी कार्यक्रमों का हवाला देते हुए कहा कि इनसे महिलाओं को काफी लाभ हुआ है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि स्वच्छ भारत के माध्यम से गरिमा सुनिश्चित करने से लेकर जन धन खातों के जरिए वित्तीय समावेशन तक, विभिन्न पहलों में महिलाओं को सशक्त बनाने पर ध्यान केंद्रित किया गया है। उन्होंने कहा कि जहां धुआं मुक्त रसोई प्रदान करते हुए उज्ज्वला योजना के माध्यम से गरीब परिवारों को गैस सिलेंडर मिले, वहीं मुद्रा ऋण ने लाखों महिला उद्यमियों को खुद की शर्तों पर अपने सपने पूरे करने में सक्षम बनाया।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना में महिलाओं के नाम पर बने घरों ने भी उल्लेखनीय प्रभाव डाला है। मोदी ने कहा कि 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' कार्यक्रम ने बालिकाओं की सुरक्षा के लिए एक राष्ट्रीय आंदोलन की लौ जगाई।

प्रधानमंत्री ने सरकार द्वारा संचालित उन पहलों संबंधी पोस्ट भी साझा किए जिनमें सरकारी योजनाओं द्वारा महिलाओं को दिए गए लाभों को सूचीबद्ध किया गया। इन पोस्ट में कहा गया है कि देश में जीवित जन्मों पर मातृ मृत्यु अनुपात 2011-13 में प्रति लाख 167 से घटकर 2019-21 में प्रति लाख 93 हो गया और नल से जल प्राप्त करने वाले घरों की संख्या अगस्त 2019 में 3.23 करोड़ से बढ़कर मई 2025 में 15.64 करोड़ हो गई।

### हर क्षेत्र में कायम कर रहीं मिसाल

पोस्ट में महिलाओं के लिए कई अन्य कल्याणकारी कदमों पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि उज्ज्वला योजना के तहत 10 करोड़ से अधिक रसोई गैस कनेक्शन दिए गए। प्रधानमंत्री ने कहा कि माताएं-बहनें आज विकसित भारत के संकल्प में भागीदारी निभा रही हैं, बल्कि शिक्षा-व्यवसाय से लेकर हर क्षेत्र में मिसाल कायम कर रही हैं।

## एक नजर

### धोखाधड़ी में तकनीकी विशेषज्ञ गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने 24 वर्षीय एक तकनीकी विशेषज्ञ को एक मोबाइल एप्लीकेशन विकसित करने के आरोप में गिरफ्तार किया है, जिसका इस्तेमाल लोगों को उनके क्रेडिट कार्ड की सीमा बढ़ाने के बहाने धोखा देने के लिए किया जाता था। पुलिस ने रविवार को बताया कि आरोपी की पहचान गाजियाबाद निवासी जय किशन के रूप में हुई है।

### संदेशखालि केस में महिला का बयान दर्ज

**कोलकाता।** सीबीआई की एक टीम रविवार को पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखालि पहुंची और उसने तृणमूल कांग्रेस के पूर्व नेता शेख शाहजहां के खिलाफ शिकायत दर्ज कराने वाली एक स्थानीय महिला का बयान दर्ज किया। अधिकारी ने बताया कि सीबीआई ने शिकायतकर्ता झुमा मंडल का बयान दर्ज किया और अब इसकी जांच की जाएगी।

### फर्जी वीजा से स्पेन भेजने में एजेंट गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** पंजाब के तीन लोगों को फर्जी शैंगेन वीजा एवं जाली टिकटों के जरिए स्पेन भेजने के आरोपी को पुलिस ने दिल्ली स्थित इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से गिरफ्तार किया है। दिल्ली हवाई अड्डे पर तीनों व्यक्तियों को उनके दस्तावेज़ और टिकट नकली पाए जाने के बाद गिरफ्तार कर लिया गया था।

# किसानों से संवाद नई क्रांति : योगी

### लैब से लैंड योजना : विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत मुख्यमंत्री ने किया किसानों से संवाद

- योगी बोले-खेती प्रधानमंत्री के शीर्ष एजेंडे में शामिल, फसलों का किया हवाई सर्वेक्षण

संवाददाता, अजीतमल (औरैया)



औरैया जिले में कार्यक्रम के दौरान एक बच्चे को अन्नप्राशन कराते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। ● एजेंसी

**अमृत विचार :** लैब, आईसीआर, कृषि विश्वविद्यालय, कृषि विज्ञान केंद्र व अन्य संस्थानों में कार्यरत वैज्ञानिक पहली बार लैंड पर जाकर किसानों के साथ कृषि की चुनौतियों का मुकाबला करने के लिए कार्य कर रहे हैं और आगे भी करते रहेंगे। विकसित कृषि संकल्प अभियान का उद्देश्य लैब से लैंड तक जाना है। कृषि वैज्ञानिक लैंड पर जाएंगे और किसानों से संवाद करेंगे। यह संवाद कृषि क्षेत्र में नई क्रांति की शुरुआत करेगा। लैब में जो भी काम हो रहे हैं, वह धरातल पर दिखना चाहिए। यह बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कस्बे के जनता महाविद्यालय में रविवार को जनसभा के दौरान कहीं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने के लिए प्रधानमंत्री मोदी ने जो विजन दिया है, कृषि उसकी आधारशिला बनेगी। कृषि के माध्यम से लक्ष्य प्राप्त करने की दिशा में क्या कदम उठाया जा सकता है, इस पर कृषि वैज्ञानिक, कृषि विभाग के अधिकारी-कार्मिक, औद्यानिक फसल, खेती, डेयरी, मत्स्य पालन से जुड़े किसानों को खेती के बारे में आधुनिक जानकारी देंगे। इस पहल के तहत वैज्ञानिक क्लाइमेटिक जोन को देखेंगे और किसानों को बीज व वैरायटी का प्रोडक्शन पर असर की जानकारी भी देंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 8 वर्ष के अंदर यूपी में डबल इंजन सरकार ने किसानों के जीवन में परिवर्तन लाने के अभियान को अपने हाथों में लिया है। यूपी में कृषि के लिए बहुत स्कोप है। सीएम ने पिछली सरकारों पर आरोप लगाया कि किसान उनके सरकार के एजेंडे का हिस्सा नहीं बन पाया था। किसान को बीज, एमएसपी का दाम, समय पर खाद्य, खेत के लिए पानी, तकनीक, स्वायल हेल्थ की व्यवस्था नहीं थी। लागत कम और अधिक उत्पादन पर जोर नहीं था। उन्होंने कहा कि खेती-किसानी पीएम मोदी के शीर्ष एजेंडे में है। देश में 11 वर्ष के अंदर खेती-किसानी के क्षेत्र में व्यापक परिवर्तन हुआ है।

### कृषि संबंधी योजनाओं से अन्नदाताओं की जीवनशैली में आ रहा बदलाव

उन्होंने कहा कि हेल्थ कार्ड का अभियान चलाया। किसानों को पीएम कृषि बीमा योजना, पीएम कृषि सिंचाई योजना, एमएसपी, पीएम किसान सम्मान निधि का लाभ मिल रहा है। यह अन्नदाता किसान के जीवन में परिवर्तन का परिणाम है। कहा कि पिछली सरकार यूपी में कृषि विज्ञान को लागू नहीं करना चाहती थी, लेकिन जैसे ही सूर्यप्रताप शाही कृषि मंत्री बने, 20 नए कृषि विज्ञान केंद्र लाने में सफलता प्राप्त की। आज 89 कृषि विज्ञान केंद्र हैं। जो नई तकनीक और बीज की जानकारी दे रहे हैं।

### शोध के केंद्र के रूप में उभरे कृषि विवि

कृषि विवि भी इनोवेशन और कृषि के क्षेत्र में रिसर्च एंड डेवलपमेंट के नए केंद्र के रूप में उभरे हैं। उनकी नई गति प्रदेश की प्रगति में सहायक हो रही है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि किसान अपनी आय को बढ़ा रहा है। वर्ष 2017 के पहले सुनने को मिलता था कि किसान को पर्ची नहीं मिली तो उसने खेत में आग लगा दी। किसान को वर्षों से गन्ना मूल्य का भुगतान नहीं होता था। वह मजबूर होकर फसल में आग लगा देता था। किसान का आक्रोश सरकार की स्थिति को बयां कर देता था। इस मौके पर कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, कृषि राज्य मंत्री बलदेव सिंह औलख, प्रभारी मंत्री प्रतिभा शुक्ला के साथ स्थानीय विधायक और पार्टी के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## पड़ोसी के घर सूटकेस में मिला बच्ची का शव

नई दिल्ली, एजेंसी

- परिवार ने लगाया यौन उत्पीड़न के बाद हत्या का आरोप
- इलाके में तनाव के मद्देनजर पुलिस-अर्धसैनिक बल तैनात

उत्तर-पूर्वी दिल्ली के दयालपुर इलाके में नौ वर्षीय एक बच्ची का शव पड़ोसी के घर सूटकेस में पाया गया, जिसके बाद परिजनों और स्थानीय लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया तथा यौन उत्पीड़न एवं हत्या का आरोप लगाया है। लड़की का शव शनिवार शाम को मिला। इलाके में तनाव को देखते पुलिस और अर्धसैनिक बल को तैनात किया गया।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि ऐसा लगता है कि अपराधी बच्ची को सूटकेस में डालने के बाद फरार हो गया। दिल्ली पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने बताया कि यौन उत्पीड़न समेत सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। फरार आरोपी को पकड़ने के लिए पुलिस के दल गठित किए गए हैं। नेहरू विहार निवासी बच्ची के परिवार ने बताया कि वह शाम करीब सात बजे पास में रहने वाले एक रिश्तेदार को बर्फ देने गई थी। काफी देर तक घर नहीं लौटी तो उसकी तलाश शुरू की। बच्ची के पिता के अनुसार, जिस रिश्तेदार के घर वह बर्फ देने गई थी उन्होंने बताया कि वह लगभग पांच मिनट रुकी और चली गई, घर नहीं पहुंची तो हमने हर जगह ढूंढा। अंत में किसी ने बताया कि वह पास के एक घर में गई थी, जहां हमें सूटकेस में उसका शव मिला।

बच्ची के पिता ने बताया कि जब वह इस पड़ोसी के घर पहुंचे तो वहां ताला लगा हुआ था। संदेह होने पर उन्होंने ताला तोड़ दिया और कमरे में दाखिल हुए। वहां अपनी बेटी को खून से सने सूटकेस के अंदर पाया। तुरंत वह उसे नजदीकी क्लिनिक लेकर गए, लेकिन वहां के चिकित्सक ने उसे अस्पताल ले जाने की सलाह दी। इसके बाद वह अपनी बेटी को शास्त्री पार्क स्थित जग प्रवेश चंद्र अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### पॉक्सो सहित कई धाराओं में रिपोर्ट

दयालपुर पुलिस थाने में बीएनएस की संबंधित धाराओं के साथ यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम की धारा छह के तहत मामला दर्ज किया गया है। आरोपियों का पता लगाने के लिए पुलिस की कई टीमें तैनात की गई हैं। घटना के कारण लोगों में आक्रोश व्याप्त है।

## भाई की डांट से क्षुब्ध बहनों ने खाया जहर, दोनों की मौत

संवाददाता, सहसवान(बदायूं)

- खाना बनाने को लेकर हुआ था विवाद, अस्पताल में तोड़ा दम

**अमृत विचार :** बदायूं जिले के कोतवाली सहसवान क्षेत्र के गांव भवानीपुर खल्ली में दो बहनों में विवाद के बाद भाई ने डांटा तो उन्होंने विषाक्त पदार्थ (जहर) खा लिया। दोनों की हालत गंभीर होने पर अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सक ने एक युवती को मृत घोषित कर दिया, जबकि कुछ समय के बाद उसकी बहन की भी मौत हो गई। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मौत के बाद परिजनों में चीत्कार मचा है।

सहसवान क्षेत्र के गांव भवानीपुर खल्ली निवासी दो बहन मैरूल (17) और मैरीन उर्फ जीवा (18) पुत्री जवार के बीच रविवार को खाना बनाने को लेकर विवाद हो गया था। काफी समय तक दोनों में कहासुनी होती रही, जिसके चलते उनके भाई ने दोनों बहनों को डांट दिया था। इससे क्षुब्ध होकर दोनों बहनों ने विषाक्त पदार्थ खा लिया। कुछ समय के बाद दोनों बहनों की हालत बिगड़ गई। परिजन दोनों बहनों को इलाज के लिए राजकीय मेडिकल कॉलेज ले गए, जहां चिकित्सक ने मैरीन उर्फ जीवा को मृत घोषित कर दिया और मैरूल का इलाज शुरू किया, लेकिन कुछ समय के बाद उसकी भी मौत हो गई। सहसवान के उपनिरीक्षक विनोद कुमार ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

## 20 जून से कर सकेंगे राम दरबार के दर्शन

- रोजाना 750 श्रद्धालुओं को मिलेगा मौका
- रामजन्मभूमि ट्रस्ट जारी करेगा मुफ्त पास

कार्यालय संवाददाता, अयोध्या



राम मंदिर में प्रथम तल पर गर्भगृह में स्थापित राम दरबार।

**अमृत विचार :** राम मंदिर में विराजमान रामलला के साथ राम दरबार के भी दर्शन भक्त सकेंगे। इसके लिए प्रथम तल पर रेलिंग को लगाने का कार्य शुरू हो गया है।

माना जा रहा है कि 20 जून से दर्शन की प्रक्रिया प्रारंभ हो सकती है। वहीं दर्शन करने के लिए श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट एक दिन में लगभग 750 भक्तों को पास जारी करेगा। औसतन प्रति घंटे के मुताबिक 50 पास जारी होंगे। इस पास को राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट अपनी वेबसाइट से जारी करेगा। दर्शन के लिए सुगम दर्शन पास की तरह प्रथम तल के दर्शन का पास भी निशुल्क जारी किया जाएगा। मंदिर निर्माण समिति की दो दिवसीय बैठक के अंतिम दिन समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने बताया कि अगले 10 दिन के अंदर राम दरबार के दर्शन शुरू हो सकते हैं।

## नेता विपक्ष निर्वाचन आयोग को सीधे भेजें पत्र, तभी देंगे जवाब

नई दिल्ली, एजेंसी

- राहुल गांधी के आरोपों पर निर्वाचन आयोग की दो टूक

कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में धांधली का आरोप लगाने वाले अपने लेख पर निर्वाचन आयोग से जवाब मांगे जाने के एक दिन बाद आयोग के सूत्रों ने रविवार को कहा कि संवैधानिक निकाय तभी जवाब देगा, जब विपक्ष के नेता उसे सीधे पत्र लिखेंगे।

सूत्रों ने साथ ही कहा कि अपने संपर्क अभियान के तहत निर्वाचन आयोग ने सभी छह राष्ट्रीय दलों से अलग-अलग बातचीत के लिए उन्हें आमंत्रित किया था, जबकि अन्य पांच दलों ने आयोग के शीर्ष अधिकारियों से मुलाकात की, लेकिन कांग्रेस ने 15 मई की बैठक रद्द कर दी। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने महाराष्ट्र में पिछले साल हुए विधानसभा चुनाव में धांधली के आरोपों को निर्वाचन आयोग के सूत्रों द्वारा खारिज किए जाने के बाद उस पर पलटवार करते हुए शनिवार को कहा था कि उसकी विश्वसनीयता बात छिपाने से नहीं, बल्कि सच बोलने से बचेगी।

गांधी द्वारा महाराष्ट्र के मतदान केंद्रों की शाम की सीसीटीवी फुटेज मांगे जाने संबंधी एक सवाल के जवाब में सूत्रों ने कहा कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार, चुनाव याचिका दायर होने पर मतदान केंद्रों की सीसीटीवी फुटेज की जांच सक्षम उच्च न्यायालय ही कर सकता है।

## सरकारी जमीन पर कब्जे का पुनर्वास दावों से संबंध नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी

- दिल्ली हाईकोर्ट ने अतिक्रमण के मामले में दी हिदायत

दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा है कि अतिक्रमणकारी केवल इस आधार पर सरकारी जमीन पर कब्जा जारी रखने के अधिकार का दावा नहीं कर सकते कि उनके पुनर्वास दावों का समाधान नहीं हुआ है, क्योंकि इससे सार्वजनिक परियोजनाओं में अनावश्यक बाधा उत्पन्न होगी।

हाईकोर्ट ने यह टिप्पणी दिल्ली विकास प्राधिकरण को दक्षिण दिल्ली के कालकाजी स्थित भूमिहीन कैंप में कानून के अनुसार ध्वस्तीकरण की कार्रवाई करने की अनुमति देते हुए की। न्यायमूर्ति धर्मेश शर्मा ने कहा कि रिट याचिकाएं न केवल कई पक्षों के गलत तरीके से जुड़े होने के कारण त्रुटिपूर्ण थीं, बल्कि दिल्ली झुग्गी और झुग्गी-झोपड़ी पुनर्वास एवं पुनर्स्थापन नीति द्वारा निर्धारित आवश्यक मानदंडों को भी पूरा नहीं करती थीं।

अदालत ने छह जून को सुनाए गए आदेश में कहा कि किसी भी याचिकाकर्ता को जेजे. क्लस्टर पर लगातार कब्जा बनाए रखने का कोई कानूनी अधिकार नहीं है, जिससे आम जनता को नुकसान हो।

## चलने-फिरने में लाचार हो चुका माइलो अब फिर लगा रहा दौड़

### रचा इतिहास : आईवीआरआई के वैज्ञानिकों ने स्वदेशी तकनीक से कुत्ते के कूल्हे का किया सफल प्रत्यारोपण

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- डॉ. रोहित कुमार और टीम ने करीब साढ़े चार घंटे के जटिल ऑपरेशन से हासिल की सफलता
- वैज्ञानिकों ने आर्टिफिशियल हिप बनाने के लिए लगभग 3 वर्षों तक किया था अध्ययन



**अमृत विचार :** भारतीय पशु अनुसंधान संस्थान के वैज्ञानिकों ने देश में पहली बार स्वदेशी तकनीक से लेब्राडोर प्रजाति के कुत्ते का कूल्हा प्रत्यारोपण किया। इसके चलते खटीमा के युगल का चलने-फिरने में लाचार हो चुका लेब्राडोर प्रजाति का कुत्ता माइलो एक बार फिर अपने पैरों पर पर दौड़ने लगा है।

आईवीआरआई के वैज्ञानिक डिस्लोकेटेड हिप को रिप्लेस करने के लिए आर्टिफिशियल हिप बनाने पर करीब तीन साल से काम कर रहे थे। वैज्ञानिकों की सलाह पर युगल ने माइलो के कूल्हा प्रत्यारोपण पर सहमति जताई। करीब एक घंटे तक चली शल्य प्रक्रिया के दौरान पॉलीइथाइलीन नामक पदार्थ से ज्वाइंट बनाकर कूल्हे का प्रत्यारोपण किया। वैज्ञानिकों का दावा है कि ऑपरेशन के तीन दिन बाद ही माइलो चलने-दौड़ने लगा। खटीमा निवासी युगल के अनुसार बाहर घूमाने के दौरान माइलो का पैर अचानक गड्ढे में आ जाने से वह लड़खड़ाने लगा।

अधिक दर्द होने की स्थिति में माइलो को पहले पंतनगर ले गए। पंतनगर में वेटेनरी डॉक्टर ने एक्सरे व अन्य जांच रिपोर्ट के आधार पर बताया कि माइलो का हिप डिस्लोकेट हो गया है। वेटेनरी डॉक्टर ने ही बरेली स्थित भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान के लिए रेफर किया। माइलो को आईवीआरआई लेकर पहुंचे तो चिकित्सकों ने कूल्हा प्रत्यारोपण की सलाह दी। डॉ. रोहित कुमार के नेतृत्व में टीम ने करीब साढ़े चार घंटे के जटिल ऑपरेशन के बाद माइलो का कूल्हा प्रत्यारोपण सफलता से पूरा किया। अब माइलो पूरी तरह स्वस्थ है। संस्थान के शल्य विभाग के वैज्ञानिक डॉ. रोहित कुमार ने बताया कि माइलो का हिप डिस्लोकेट होने से हिप ज्वाइंट, कैप्सूल से बाहर आ गया था। इससे माइलो की फीमर हड्डी एसीटाबुलम कैवटी से बाहर आ गई। इससे चलने-फिरने में लाचार हो गया था। जटिल ऑपरेशन के दौरान खराब कैप्सूल को निकालकर फीमर हड्डी के लिए उसी आकार की पॉलीइथाइलीन कैवटी बनाकर उसे माइलो के शरीर में प्रत्यारोपित किया गया।

डॉ. रोहित कुमार ने बताया कि पहला प्रत्यारोपण माइलो में सफल होने के बाद अब तक दो अन्य कुत्तों में भी प्रत्यारोपण किया गया। एक बरेली निवासी के लेब्राडोर प्रजाति में किया गया, जबकि दूसरा प्रत्यारोपण संभल पुलिस के जर्मन शेफर्ड प्रजाति के कुत्ते में किया गया है।

### विदेश में खर्चा 5 लाख, स्वदेशी तकनीक में 30 हजार

विदेशों में कुत्तों के कूल्हे के प्रत्यारोपण पर करीब पांच लाख रुपये का खर्चा आता है। माइलो के कूल्हा प्रत्यारोपण में करीब 30 हजार रुपये का खर्चा आया। डॉ. रोहित ने बताया कि ये स्वदेशी तकनीक पूरी तरह से सुरक्षित और किफायती है। बाजार में आने के बाद भी इसका खर्च 30-40 हजार रुपये तक हो सकता है।

## एक नजर

### छत पर गए युवक पर बंदर ने किया हमला, घायल

**बीसलपुर, अमृत विचार** : पटेल नगर कॉलोनी निवासी पातीराम का पुत्र ऋषिपाल रविवार को घर की छत पर घरेलू सामान लेने गया था। इसी बीच वहां बैठे बंदरों ने उस पर हमला कर दिया। वह बचने को भागा, लेकिन बंदरों ने पीछा किया और काट लिया। शोर पर पहुंचे परिवार ने बचाया। घायल का सीएचसी में इलाज कराया गया।

### हादसे की रिपोर्ट दर्ज

**बीसलपुर, अमृत विचार** : क्षेत्र के ग्राम पकड़िया मंगली निवासी दाताराम ने कोतवाली में दी तहरीर में बताया कि 29 मई की रात उनका पुत्र बृजेश कुमार बीसलपुर में एक बारात घर से बाइक पर सवार होकर घर आ रहा था। पीलीभीत मार्ग पर ग्राम अर्जुनपुर मोड़ के पास पहुंचते ही उसे वाहन ने टक्कर मार दी। जिसमें बेटे की मौत हो गई। पुलिस ने बाइक नंबर के आधार पर अज्ञात चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### ग्रामीण से मारपीट, रिपोर्ट

**बीसलपुर, अमृत विचार** : पुलिस को दी तहरीर में ग्राम रसिया खानपुर निवासी मुन्तियाज हुसैन ने बताया कि 9 मई को वह अपने गांव जा रहे थे। इस बीच रास्ते में गांव के ही कैसर हुसैन, मोहम्मद अहमद ने गाली गलौज की। विरोध करने पर पिटाई कर दी। शोर पर जमा हुए लोगों ने बचाया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# पीटीआर : काउंटडाउन शुरू, सात दिन बाद बंद हो सकता है पर्यटन सत्र

**दोनों शिफ्टों में सफारी वाहन बुक होने से कई मायूस होकर वापस लौटे**

## पीलीभीत टाइगर रिजर्व में अंतिम दिनों में बढ़ रही सैलानियों की भीड़, रविवार को रही सैलानियों की भरमार

संवाददाता, पीलीभीत/माधोटांडा

**अमृत विचार।** पीलीभीत टाइगर रिजर्व में पर्यटन सत्र का काउंटडाउन शुरू हो चुका है। टाइगर साइटिंग के लिए मशहूर पीलीभीत टाइगर रिजर्व बंद होने में मात्र 7 दिन का समय शेष बचा है। इधर, पर्यटन सत्र के अंतिम दिनों में सैलानियों की आमद में खासी बढ़ोतरी देखी जा रही है। रविवार को सैलानियों की भरमार रही। दोनों शिफ्टों में सभी सफारी वाहनों बुक हो गए। ऐसे में कई सैलानियों को बिना सफारी किए गए मायूस होकर लौटना पड़ा। पर्यटन सत्र की समाप्ति तक सैलानियों की संख्या में खासी बढ़ोतरी होने की उम्मीद जताई जा रही है।

तराई की तलहटी में बसे पीलीभीत टाइगर रिजर्व का पर्यटन सत्र 15 नवंबर से सैलानियों के लिए बंद हो सकता है। हालांकि इस पर अभी अंतिम निर्णय नहीं लिया गया है। हालांकि पिछले पर्यटन सत्र में 10 दिन की बढ़ोत्तरी करते हुए इसे 25 नवंबर तक संचालित किया गया था। इधर, अपनी विशिष्ट जैवविविधता एवं टाइगर साइटिंग के मशहूर पीलीभीत टाइगर रिजर्व विश्व पटल पर अपनी पहचान बना चुका है। पीटीआर का प्रमुख इको टूरिज्म स्पॉट चूका बीच देशी एवं विदेशी सैलानियों के बीच पर्यटन का केंद्र बिंदु बनता जा रहा है। बाघों एवं अन्य वन्यजीवों का दीदार करने और प्रकृति को करीब से निहारने के लिए यहां दुनिया के कोने-कोने से बड़ी संख्या सैलानी पहुंच रहे हैं। पीटीआर में पहुंचने वाले सैलानी जंगल की हरी-भरी वादियों के बीच ने इको टूरिज्म स्पॉट चूका बीच की हटों में ठहरने के साथ ही जंगल सफारी का भी लुत्फ उठा रहे हैं। विदेशी धरती पर पीटीआर अपनी खासी छाप छोड़ता नजर आ रहा है। ऐसे में पीटीआर विदेशी सैलानियों को अपनी ओर खासा आकर्षित कर रहा है। यही कारण है कि पीटीआर में आने वाले विदेशी सैलानियों की संख्या में साल दर साल इजाफा हो रहा है।


पीटीआर के मुस्तफाबाद गेट पर रविवार को उमड़ी सैलानियों की भीड़।

### बचे 07 दिन, चूका की अधिकांश हट एडवांस बुक

पीटीआर का पर्यटन सत्र समाप्त होने में मात्र 07 दिन का समय शेष बचा है। जैसे-जैसे पर्यटन सत्र समाप्त होने की तारीख करीब आती जा रही है, वैसे ही सैलानियों की संख्या में तेजी से बढ़ोतरी देखी जा रही है। अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि चूका बीच की अधिकांश हटें 15 जून तक एडवांस बुक हो चुकी है।

### रविवार को सभी सफारी वाहन बुक, नेताओं से भी करवाते दिखे सिफारिश

पीलीभीत टाइगर रिजर्व का पर्यटन सत्र समाप्त होने जा रहा है। ऐसे में पर्यटन सत्र के अंतिम दिनों में सैलानियों की संख्या में हर रोज भारी बढ़ोतरी देखी जा रही है। यह स्थिति पहली जून से ही चली आ रही है। रविवार की बात करें तो टाइगर रिजर्व में पूरे दिन सैलानियों की खासी भरमार रही। मुस्तफाबाद और महोफ गेट पर सुबह होते ही सैलानियों का जमावाड़ा लगाना शुरू हो गया। कमावेश यही स्थिति शाम की शिफ्ट में रही। वन अफसरों के मुताबिक सुबह और शाम दोनों शिफ्टों में 60-60 सफारी वाहन संचालित किए गए। स्थिति यह हो गई कि सभी सफारी वाहन बुक होने से कई सैलानियों को मायूस होकर लौटना पड़ा। कुछ सैलानी सफारी वाहनों को लेकर नेताओं से सिफारिश भी करवाते देखे गए, मगर सभी सफारी वाहन बुक होने से उन्हें मायूसी ही हाथ लगी।

> पर्यटन सत्र समाप्ति की ओर से है। ऐसे में सैलानियों की संख्या में तेजी से बढ़ोत्तरी हो रही है। सैलानियों की बढ़ती संख्या के दृष्टिगत पर्यटन क्षेत्र के स्टाफ को निर्देशित किया गया है। आने वाले दिनों में संख्या में और भी बढ़ोतरी होने की संभावना है। – **मनीष सिंह**, डिप्टी डायरेक्टर, पीलीभीत टाइगर रिजर्व

# सक्रिय कार्यकर्ताओं का बढ़ेगा कद, मिलेगी जिम्मेदारी


बैठक को संबोधित करते कांग्रेस जिलाध्यक्ष हरप्रीत सिंह चब्बा। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- संगठन सृजन अभियान के तहत कांग्रेस कार्यालय पर हुई बैठक

**अमृत विचारः** संगठन सृजन अभियान के तहत रविवार को कांग्रेस कार्यालय पर बैठक हुई, जिसमें कार्यकर्ताओं को सक्रियता का पाठ पढ़ाया गया। जिलाध्यक्ष हरप्रीत सिंह चब्बा ने अध्यक्षता की।

फ्रंटल कोऑर्डिनेटर बलराम गुप्ता ने कहा कि कार्यकर्ता को बूथ स्तर पर सक्रिय भूमिका निभानी है। सब फ्रंटल मजबूत हो गए तो कांग्रेस अपने आप खड़ी हो जाएगी। आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए लोगों तक पार्टी की नीतियां पहुंचाने की जिम्मेदारी दी गई। जिलाध्यक्ष ने कहा कि जिले में जल्दी ही सारे फ्रंटल संगठन विभाग प्रकोष्ठ में सक्रिय कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी जाएगी।

इस मौके पर शहर अध्यक्ष श्रीकृष्ण गंगवार, अल्पसंख्यक कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी अनवर अनीस, युसूफ मलिक, मुनेंद्रपाल सक्सेना, रामनाथ, जिला महासचिव नरेश शुक्ला, अभिनय गुप्ता गोल्डी, राजेश वर्मा, सरिता चौहान, संदीप गंगवार, सिद्दीकी अहमद उस्मानी, हरीश मौर्य, ज्ञानेंद्र गौतम एडवोकेट, दिनेश शर्मा आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### इलाबास देवल के लिए श्रद्धालुओं का जत्था रवाना



**बिठौराकलां, अमृत विचार** : ग्राम पंचायत से इलाहाबास देवल के लिए तीन अलग-अलग जत्थों में श्रद्धालु झंडी पदयात्रा लेकर रवाना हुए। भक्ति गीतों पर थिरकते हुए भक्त चल रहे थे। उनका ग्रामीणों ने अभिनंदन भी किया। बिठौरा कलां के मंदिर से पूजा अर्चना कर झंडी यात्रा रवाना हुई। इस मौके पर ग्राम प्रधान अरविंद कुमार, राम सिंह, देवकीनंदन, प्रेमशंकर, गया प्रसाद, ओमप्रकाश, जसपाल माथुर आदि मौजूद रहे।

### भंडारे में भक्तों ने ग्रहण किया प्रसाद



**बरखेड़ा, अमृत विचार** : क्षेत्र के गांव ज्योरह कल्यानपुर में मेला वाली मढ़ी पर रविवार को भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंचे और प्रसाद ग्रहण किया। पूजा अर्चना भी की गई। इस मौके पर भोले प्रजापति, प्यारेलाल कश्यप, चेतराम मौर्य, अरविन्द भारती, वेदप्रकाश श्रीवास्तव, सुम्मेर लाल, पप्पू श्रीवास्तव, महेश मौर्य, राजेश गंगवार, राजेश श्रीवास्तव, सुखदेव आदि मौजूद रहे।

### चेयरमैन ने पत्नी संग की पूजा अर्चना

**बरखेड़ा, अमृत विचार** : नगर पंचायत क्षेत्र की सुख समृद्धि एवं विकास के लिए चेयरमैन श्याम बिहारी भोजवाल, उनकी पत्नी ममता भोजवाल ने रविवार को इलाबास देवल मेले में पहुंचकर पूजा अर्चना की। माता के दरबार में सत्यनारायण कथा सुनकर आशीर्वाद लिया और इसके बाद भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में क्षेत्र के लोग भी पहुंचे और प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान लोगों ने मैया की पूजा अर्चना भी की।

### डीएम कार्यालय का आज घेराव करेगी भाकियू भानु

**पीलीभीत, अमृत विचार** : विभिन्न मांगों को लेकर भारतीय किसान यूनियन भानु आज डीएम कार्यालय का घेराव करेगी। इसे लेकर कार्यकर्ताओं से बड़ी संख्या में एकत्र होने की अपील की गई है। तहसील अध्यक्ष नंदकिशोर राठौर ने बताया कि संगठन आर पार का आंदोलन सोमवार से शुरू करेगा। जिलाध्यक्ष भजनलाल क्रोधी की अध्यक्षता में पूर्व में दिए हुए ज्ञापनों एवं किसानों की समस्याओं के समाधान नहीं किया गया है। इसी को लेकर सुबह 11 बजे कार्यकर्ता कृषक विश्रामगृह मंडी समिति में जमा होंगे। यहां से जुलूस की शक्ल में कचहरी पहुंचकर डीएम कार्यालय का घेराव किया जाएगा।

# राहगीरों को बांटा शीतल शरबत, गर्मी से मिली राहत


गांधी स्टेडियम रोड पर शरबत बांटती संगत। ● अमृत विचार

**पीलीभीत, अमृत विचारः** भीषण गर्मी से राहगीरों को राहत दिलाने के उद्देश्य से अखिल भारतीय चित्रांश महासभा द्वारा रविवार को रंगीलाल चौराहे पर शरबत वितरण किया गया।

राहगीरों, दुकानदारों, वाहन चालकों आदि को शीतल शरबत बांटा गया। इसे पीकर राहगीरों ने राहत की सांस ली। इस मौके पर महासभा के जिलाध्यक्ष संजय सक्सेना, संरक्षक विनय सक्सेना, कोषाध्यक्ष विपिन सक्सेना, मनोज सक्सेना, आयुष सक्सेना, डॉ. अमित सक्सेना, सुशील बाबू सक्सेना, अवनीश सक्सेना, महेश नारायन सक्सेना, सुभाष सक्सेना, वर्षा सक्सेना आदि मौजूद रहे। उधर, गांधी स्टेडियम रोड पर भी दिनभर शीतल शरबत का वितरण सिख संगत की ओर से किया गया। बड़ी संख्या में राहगीरों ने शरबत पीकर गर्मी में राहत महसूस की। तमाम संगत सेवा कार्य में जुटी रही।

# हाईटेंशन लाइन का तार टूटकर गिरने से मकान में लगी आग

**पीलीभीत, अमृत विचार** : शारदा पार इलाके में हाईटेंशन लाइन का तार टूटकर गिरने से छप्परपोश घर में आग लग गई। आग की लपेट देखकर गांव में भगदड़ मच गई। ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू किया गया। आग से घर जलकर राख हो गया और एक पशु की मौत हो गई, जबकि एक अन्य पशु गंभीर रूप से झुलस गया।

पूरनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव गूजरमंडी में रात अचानक गांव निवासी कपिलदेव के छप्पर-पोषा घर में भीषण आग लग गई। दरअसल, गांव में चल रही हाईवोल्टेज तार अचानक टूट कर गिर गया, जिससे कपिलदेव के छप्परपोश घर में आग लग गई। देखते ही देखते घर में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया। इसमें एक पशु की मौत हो गई, जबकि दूसरा झुलस गया। गांव वालों ने बिजली विभाग को सूचना देकर सप्लाई बंद कराई। इस के बाद सभी ने निजी संसाधनों से बमुश्किल आग पर काबू पाया।

# धूमधाम से निकाली शोभायात्रा, रुद्रपुर की गतका पार्टी ने दिखाए करतब


शोभायात्रा में शिवाजी महाराज की झांकी।


शोभायात्रा में शामिल पहलगाम हमले की झांकी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- नगर के गांधी स्टेडियम से की गई इसकी शुरुआत
- पहलगाम हमले की झांकी भी सजाई गई, उमड़ी भीड़

**अमृत विचारः** राष्ट्र रक्षा मंच की ओर से छत्रपति शिवाजी महाराज के हिंदू साम्राज्य स्थापना दिवस पर शोभायात्रा निकाली।

गांधी स्टेडियम से इसकी शुरुआत की गई। रुद्रपुर की गतका पार्टी ने करतब दिखाए। यात्रा में पहलगाम हमले से संबंधित झांकी भी ही। इसके अलावा गुरु गोविंद सिंह के चारों पुत्रों के बलिदान की झांकी भी आकर्षण का केंद्र रही। इसके अलावा वीर शिवाजी, रानी लक्ष्मीबाई, महाराणा प्रताप, भारत माता की झांकियां भी सजाई गई। यात्रा सुनगढ़ी तिराहा, गैस चौराहा, चावला चौराहा, ड्रमंडगंज चौराहा, जाटो चौराहा, काला मंदिर से होते हुए वापस गांधी स्टेडियम पर आकर संपन्न हुई। इस मौके पर प्रांतीय अध्यक्ष जोगपाल, जिलाध्यक्ष केशव वैश्य, तरुण प्रकाश मिश्रा, अजय चौहान, अमित, विनय, अश्वनी, जॉली गुप्ता, मलकीत सिंह, नवनीत रस्तोगी, निर्मल गंगवार, रजत आदि मौजूद रहे।

# डीएम पहुंचे देवीपुरा गोशाला, परखीं व्यवस्थाएं

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** डीएम ने देवीपुरा गोशाला पहुंचकर निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने गोशाला परिसर का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। बनाए जा रहे टिनशेड के कार्य को देखने के साथ इस्तेमाल की जा रही सामग्री की गुणवत्ता को भी परखा। उन्होंने संबंधित स्टाफ को गोशाला में साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

डीएम ज्ञानेंद्र सिंह रविवार को देवीपुरा गोशाला पहुंचे। यहां उन्होंने गोशाला परिसर में घूमकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने निराश्रित पशुओं के लिए भूसा, पानी, हरा चारा, साफ-सफाई व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाएं देखीं। ग्राम प्रधान से भूसे की उपलब्ध के बारे में जानकारी की। इस पर ग्राम प्रधान ने बताया कि गोशाला में गोवंशों के लिए पर्याप्त मात्रा में भूसा उपलब्ध है। डीएम ने निर्देश दिए कि जो गोवंश दुर्घटना से चोटिल होकर गोशाला लाये जाते हैं, उनके स्वास्थ्य की विशेष ध्यान रखते हुए नियमित दवाई दी जाए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने गोवंशों के लिए बनाए जा रहे टिनशेड के कार्यों को देखा एवं प्रयोग की जा रही सामग्री को भी गुणवत्ता परखा।


देवीपुरा गोशाला में टिनशेड कार्य का जायजा लेते डीएम ज्ञानेंद्र सिंह। ● अमृत विचार

### गोमाता का आशीर्वाद लेकर मनाया जन्मदिन

उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिला उपाध्यक्ष विक्रांत मिश्रा ने देवीपुरा गोशाला में जन्मोत्सव मनाया। डीएम ज्ञानेंद्र सिंह ने कहा कि अन्य लोग भी अपना जन्मदिन एवं अन्य विशेष अवसर भी गोशालाओं में मनाएं और गौ संरक्षण में योगदान दें। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष ने गोमाता की पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया। इस मौके पर वेद प्रकाश कश्यप, शैली शर्मा, गोकुल प्रसाद मौर्य, सागर सैनी, पंकज शर्मा, सूरज शर्मा चंदू शर्मा, अशोक बाजपेई, संयुक्त बार एसोसिएशन के अध्यक्ष धीरेंद्र मिश्रा, विजेंद्र गुप्ता, सारांश गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# कजरी निरंजनपुर में बाघ ने गोशाला में किया शिकार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- वीडियो वायरल होने के बाद शुरू की निगरानी

**अमृत विचारः** पूरनपुर तहसील के सेहरामऊ उत्तरी क्षेत्र में एक बार फिर बाघ की दशहत देखी जा रही है। बाघ ने गांव कजरी निरंजनपुर स्थित गोशाला में घुसकर एक पशु को निवाला बना डाला। घटना का वीडियो वायरल होने के बाद वन विभाग ने संबंधित क्षेत्र में निगरानी शुरू कर दी है।

सेहरामऊ उत्तरी क्षेत्र में पिछले माह दो किसानों को मारने वाले बाघ के पकड़े जाने के बाद एक बार फिर बाघ की दहशत देखी गई। बाघ ने गांव कजरी निरंजनपुर स्थित गोशाला में घुसकर एक पशु को निवाला बना डाला। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। हालांकि खुटार रेंज के वन अफसर घटना दो दिन पुरानी होने की बात कह रहे हैं। खुटार रेंज की ओर से वनकर्मियों की टीम को निगरानी के लिए लगाया गया है। इससे पहले भी गोशाला में घुसकर बाघ एक गोवंश पशु का शिकार कर चुका है। बाघ द्वारा लगातार गोशाला में घुसकर गोवंश को मारने के बाद गोशाला की सुरक्षा व्यवस्था पर भी उंगलियां उठ रही है। फिलहाल इसको लेकर जिम्मेदार सुरक्षा बढ़ाने की बात कह रहे हैं।

# सीएचसी का हाल: हैंडपंप और आरओ खराब, कैसे बुझे लोगों की प्यास

संवाददाता, बिलसंडा

**अमृत विचारः** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में लगा इंडिया मार्का हैंडपंप और शीतल जल उपलब्ध कराए जाने की आरओ मशीन खराब है। भीषण गर्मी में मरीजों और उनके तीमारदारों को पानी के लिए भटकना पड़ रहा है या जेब ढीली करनी पड़ रही है।

बता दें कि ज्येष्ठ महीने में पड़ने वाली भीषण गर्मी में लोगों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से जगह-जगह शीतल जल का प्याऊ लगवाकर लोग पुण्य लाभ अर्चित कर रहे हैं। वहीं इससे इतर नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में लगा इंडिया मार्का का हैंडपंप काफी दिनों से खराब है। इसे दुरुस्त कराने की अस्पताल प्रशासन ने जहमत नहीं उठाई। इतना ही नहीं, अस्पताल परिसर में शीतल जल उपलब्ध कराने के लिए लगवाया आरओ भी खराब है। इसको भी ठीक नहीं कराया गया है। अस्पताल में आने वाले मरीज और उनके तीमारदारों को भीषण गर्मी में पानी के लिए परेशान होना पड़ रहा है। उधर गांव मुड़िया बिलहरा निवासी अखिलेश कुमार का कहना है कि अस्पताल में आने वाले मरीजों को इस भीषण गर्मी में शीतल जल तो दूर की बात सादा पानी भी मयस्सर नहीं हो रहा है। जिसकी वजह से मरीज और तीमारदार पानी के लिए इधर-उधर भटक रहे हैं। उन्होंने इस मामले की सीएमओ से शिकायत किए जाने की बात कही है।


सीएचसी में शोपीस बनी आरओ यूनिट।


सीएचसी परिसर में लगा हैंडपंप खराब।

- जिम्मेदारों की अनदेखी मरीजों और तीमारदारों पर पड़ रही भारी

# आरबीएसके योजना ने 89 मासूमों की बदली जिंदगी

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत चलाई जा रही योजना
- जन्मजात बीमारियों से जूझ रहे बच्चों को मिला नया जीवन

**अमृत विचार** : गरीबी और लाचारी जब बीमारी से मिल जाती है, तो इससे बड़ा अभिशाप कोई नहीं होता। मगर, जब किसी मासूम के कटे होंठ मुस्कान में बदल जाएं, जब दिल में छेद लिए जन्मा बच्चा फिर से हंसने लगे, तो यह किसी चमत्कार से कम नहीं होता। पीलीभीत में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) ने ऐसा ही कर दिखाया है। इस योजना ने उन बच्चों की जिंदगी बेहतर बनाई है, जिनके लिए इलाज एक सपना बन चुका था। आरबीएसके की टीम ने जनपद में 89 बच्चों को चिह्नित करने के बाद उन्हें इलाज मुहैया कराया है।

बता दें कि राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की शुरुआत वर्ष 2015 में हुई थी। इस योजना के तहत ऐसी 90 फीसदी बीमारियों का इलाज होता है, जो जन्मजात होती है, जिसका पूरा खर्च स्वास्थ्य विभाग उठाता है। जिन पर 30 हजार से छह लाख रुपये तक का खर्च होता है। इसके लिए आरबीएसके की मोबाइल टीमें शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूलों, आंगनबाड़ी केंद्र पहुंचकर बच्चों को तलाशती है। जनपद में भी इस योजना का बेहतर ढंग से क्रियान्वयन किया जा रहा है। वित्तीय वर्ष एक अप्रैल 2024 से मार्च 2025 तक जनपद के 1673 स्कूल और 2803 आंगनबाड़ी केंद्रों का भ्रमण किया गया था। करीब 329659 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। परीक्षण के दौरान 15481 बच्चों में जन्मजात विकृति की पुष्टि हुई थी। इसके बाद स्वास्थ्य विभाग की आरबीएसके टीम ने 89 ऐसे बच्चों को चिह्नित किया, जो जटिल बीमारियों से ग्रसित चल रहे थे। इन बच्चों की स्थिति यह थी कि अगर उन्हें इलाज नहीं मिला तो उन्हें आगे दिक्कत हो सकती थी। इस पर आरबीएसके टीम के मोहम्मद जुबैर और अन्य लोगों की मदद से इन बच्चों को प्रदेश के विभिन्न हायर सेंटर या मेडिकल कॉलेज में इलाज के लिए भेजा गया। इनमें सबसे अधिक संख्या में मस्तिष्क एवं रीढ़ हड्डी की बीमारी से ग्रसित मरीजों की संख्या अधिक थी।

आंकड़ों के अनुसार, 11 माह में 33 से अधिक मामले सामने आए। जिनका इलाज जेएन मेडिकल कॉलेज अलीगढ़ में कराया गया है। इसके अलावा शेष कॉक्लियर इंप्लांट, फिस्टुला, सर्जरी, क्लब फुट, क्लब पैलेट, कुपोषण और दिल में छेद, न्यूरो मोटर इंपियरमेंट, हार्मोनल डिसऑर्डर जैसी बीमारियों से मुक्त कराया गया है, ताकि उन्हें भी जन्मजात बीमारियों से छुटकारा मिल सके।



> सभी ब्लॉकों में आरबीएसके टीम प्रतिदिन स्कूल या आंगनबाड़ी केंद्रों का दौरा करती हैं। अगर किसी का नवजात जन्मजात गूंगेपन और बहरेपन की समस्या से ग्रसित हैं, तो आशा कार्यकर्ता, स्कूल के शिक्षक या आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के माध्यम से टीम से संपर्क कर लें। ऐसे बच्चों को नि :शुल्क सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। 11 माह में 89 जटिल बीमारियों से ग्रसित बच्चों का इलाज कराया गया है। – **डॉ. आलोक कुमार**, सीएमओ

### हृदय के 15, हाथ पैर कटे 26 बच्चों का हुआ इलाज

सीएमओ के अनुसार मोबाइल टीम स्कूल और आंगनबाड़ी केंद्रों से चिन्हित किए गए 89 केस जटिल पाए गए थे। इस अवधि में 15 हृदय रोग से ग्रसित मिले। जिनका ऑपरेशन अलीगढ़ मेडिकल कॉलेज कराया गया। क्लब फुट के 26 बच्चों का इलाज जिला अस्पताल में कराया गया। मुंह कटे 12 बच्चों का इलाज सिप्स हॉस्पिटल लखनऊ और सास्वत हॉस्पिटल आगरा में कराया गया। न्यूरल ट्यूब डिफेक्ट की बीमारी से ग्रसित दो बच्चों के ऑपरेशन भी अलीगढ़ मेडिकल कॉलेज में कराए गए हैं। साथ ही 33 केस न्यूरोमीटर इंपेयरमेंट का इलाज हुआ, जिनका इलाज नि :शुल्क कराया गया है।

पांच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा

बस "खुशबू" ही नहीं स्वाद भी है
"शुद्धता का एहसास" भी है।
हर समझदार गृहणी की पसन्द
एम. के. बन्धानी हींग
श्री के.एम. डिस्ट्रीब्यूटर
51/71, नारायन प्लाजा, नयागंज, कानपुर
फोन: 9519456555, 9695416555

## शहर में आज

- दियोरियाकलां क्षेत्र स्थित इलाबांस देवल पर भंडारा दोपहर 12 बजे से।
- परिषदीय विद्यालयों में समर कैंप के तहत प्रतियोगिताएं सुबह 7.30 बजे से।
- जिला अस्पताल परिसर में बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए शिविर सुबह 10 बजे से।

## एक नजर

### चोरी की बाइक के साथ तीन गिरफ्तार, भेजा जेल

**बिलसंडा, अमृत विचार** : वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस ने चोरी की बाइक के साथ तीन ऑटो लिफ्टर गिरफ्तार किए। एसओ सिद्धांत शर्मा ने बताया कि सुहेला भट्ठे के पास से शाहजहांपुर जनपद के थाना निगोही क्षेत्र के ग्राम बहादुरपुर खुर्द के निवासी हरिशचंद्र, दियोरियाकलां कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बिहारीपुर हीरा निवासी शंकरलाल और करेली थाना क्षेत्र के ग्राम घुंघौरा निवासी जसवीर उर्फ भूरा को गिरफ्तार किया गया था। उनके पास से चोरी की बाइक बरामद की गई। रिपोर्ट दर्ज कर तीनों को जेल भेज दिया है।

### जिला प्रभारी समेत तीन बर्खास्त

**पीलीभीत, अमृत विचार** : भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति के जिला प्रभारी समेत तीन पदाधिकारियों को संगठन से बाहर कर दिया गया है। मंडलीय सचिव मुरलीधर कश्यप ने बताया कि अनुशासनहीनता एवं संगठन विरोधी गतिविधियों के चलते जिला प्रभारी वीरेंद्र पाल आर्य, जिला महासचिव श्रीकृष्ण शर्मा और विधिक सलाहकार मंत्री अखिलेश शर्मा को संगठन से हमेशा के लिए बर्खास्त कर दिया है। अगर इनके द्वारा अब संगठन के लेटरपैड, मोहर का इस्तेमाल किया जाता है, तो सख्त कार्रवाई कराई जाएगी। तीन पदाधिकारियों पर हुई बर्खास्तगी की कार्रवाई से खलबली मच गई है।

# इक्का-दुक्का छोड़िए, अधिकांश भट्ठों में ईंटें पकाने को जला रहे कार्बन

## पाबंदी लगाई लेकिन पालन कराना भूले जिम्मेदार, बीसलपुर रोड-अमरिया क्षेत्र में भी खेल, प्रदूषण नियंत्रण विभाग को नहीं कोई फिक्र, नहीं लिया संज्ञान

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत


ग्राम जंगरौली पुल के पास एक ईंट-भट्ठे के पास रखे कार्बन के कट्टे।


बीसलपुर रोड पर एक ईंट-भट्ठे पर कार्बन ब्लैक से भरे रखे ड्रम।


बीसलपुर रोड पर रूपपुर गांव के आगे एक भट्ठे पर ईंटों का ढेर।


कार्बन ब्लैक का प्रयोग करने के चलते परिसर में फैली कालिख।

**अमृत विचार**: बढ़ते प्रदूषण की रोकथाम के लिए ईंट-भट्ठों को जिग-जैग तकनीक पर संचालित करने के आदेश तो कर दिए गए हैं, लेकिन पूरे जनपद भर में ईंट-भट्ठों से प्रदूषण फैलाया जा रहा है। जिम्मेदारों की ओर से बरती जाने वाली लापरवाही के चलते आलम ये है कि इक्का-दुक्का को छोड़ दिया जाए तो अधिकांश में ब्लैक कार्बन जलाकर ईंट पकाने का काम किया जा रहा है। चर्चा तो ये भी है कि सब खेल जिम्मेदारों के संरक्षण में ही चल रहा है, जिसकी वजह से शिकायतों को भी अनदेखा करने से पीछे नहीं हटते। हर तरफ स्थिति बद से बदतर बनी हुई है। इस पर एक्शन लेने के बजाय टालने पर अधिक जोर दिया जा रहा है।

बता दें कि जनपद में करीब 100 से अधिक ईंट-भट्ठे संचालित हो रहे हैं। कारोबारियों की मानें तो पूरे जनपद भर में कोई भी ईंट-भट्ठा जिग जैग तकनीक पर संचालित नहीं हो रहा है। प्रदूषण रोकने के लिए ईंट-भट्ठों को लेकर सख्ती शासन स्तर से की गई है, मगर जिला स्तर पर ये सब आदेश हवा हवाई साबित हो रहे हैं। भट्ठा संचालकों पर इसका कोई असर नहीं दिख रहा है। एक दिन पूर्व अमृत विचार की टीम ने न्यूरिया क्षेत्र में पहुंचकर ईंट-भट्ठों पर नियम पालन की स्थिति परखी तो तस्वीर कागजी दावों से उलट मिली थी।

वहीं, दूसरे दिन रविवार को बीसलपुर रोड पर स्थित तमाम ईंट-भट्टों पर भी कुछ ऐसा ही नजारा दिखा। इस मार्ग पर दर्जनों ईंट-भट्ठे संचालित हो रहे हैं। इक्का-दुक्का पर तो लकड़ी और कोयले का इस्तेमाल किया जा रहा था। मगर, अधिकांश में ब्लैक कार्बन की बोरियों के ढेर लगे हुए थे। भट्ठों पर काली धूल का गुबार था। जो श्रमिक काम कर रहे थे, उनके कपड़े से लेकर शरीर कार्बन की कालिख से पटा हुआ था। इससे होने वाले नुकसान से बेफ्रिक होकर प्रदूषण के साथ ही श्रमिकों की सेहत से खुलेआम खिलवाड़ किया जा रहा था। श्रमिकों का तर्क था कि परिवार का भरण पोषण करना है। ऐसे में जो भी काम मिल जाए वो तो करना ही पड़ेगा। सभी का कहना था कि वह कोयला भी इस्तेमाल करते हैं, लेकिन इसमें कार्बन ब्लैक मिला दिया जाता है। एक ईंट-भट्टे पर तो बताते हैं कि ब्लैक कार्बन की खेप तीन दिन पहले ही उतारी गई थी, जिनमें से अधिकांश बोरियां खपाई भी जा चुकी है। मगर, जिम्मेदार अधिकारी इन सबके बावजूद नियमों का सख्ती से पालन नहीं करा सके हैं। फिर निगाहें फेरने का काम किया जा रहा है। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड बरेली के वैज्ञानिक सहायक सुनील चौहान इसकी जांच कराने की बात तो कह रहे हैं। मगर, कार्रवाई की शुरुआत नहीं की जा सकी है।


ब्लैक कार्बन जलाकर ईंट पकाने से पर्यावरण को बहुत नुकसान है। जिस जगह इसे जलाया जा रहा है, उसके आसपास के इलाके के पर्यावरण पर असर पड़ेगा और ऑक्सीजन की मात्रा कम हो जाती है। जलवायु परिवर्तन पर नकारात्मक प्रभाव है। इस पर सख्ती की जानी चाहिए। – **लक्ष्मीकांत शर्मा**, पर्यावरणविद


कार्बन ब्लैक स्वास्थ्य के लिए बेहद हानिकारक है। अगर कहीं कार्बन ब्लैक को जलाया जा रहा है। उसकी परिधि में काम करने वाले लोग एलर्जिक खांसी के शिकार हो सकते हैं। लंबे समय तक कार्बन ब्लैक का अंश शरीर में पहुंचने से फेफड़ों में कैंसर का खतरा बढ़ सकता है, जो जानलेवा भी साबित हो सकता है। –**डॉ. रमाकांत सागर**, सीएमओ, जिला पुरुष अस्पताल


अगर ईंट-भट्ठों पर प्रतिबंध होने के बाद भी कार्बन जलाया जा रहा है, तो ये एक गंभीर मामला है। इसे गंभीरता से दिखवाएंगे। जांच कराकर नियमानुसार कार्रवाई कराई जाएगी। –**ज्ञानेंद्र सिंह**, डीएम

### ..तो सीजन खत्म होने का इंतजार

ईंट-भट्ठों पर इस्तेमाल किए जा रहे ब्लैक कार्बन को लेकर अब जांच कराकर सख्ती करने की बात प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड बरेली के जिम्मेदार कर रहे हैं, मगर अभी तक मुहिम की शुरुआत तक नहीं की गई है। बीते साल सितंबर-अक्टूबर माह में सीजन शुरू हुआ था, जो अब मानसून के चलते समाप्ति की ओर हैं। ऐसे में अब कार्रवाई के नाम पर औपचारिकता निभाने की तैयारी की जा रही है। इसी गति से रूपरेखा तय की गई तो सीजन ही खत्म हो जाएगा। शायद इसी का इंतजार जिम्मेदार भी कर रहे हैं।

### सर्वे कैसा! अभी तक को कोई झांकने नहीं आया

एक ईंट-भट्ठा संचालक से जब ये पूछा गया कि जिम्मेदार अधिकारियों की टीमें सर्वे करने आती होंगी। फिर क्या वह ये नहीं बताते हैं कि इसका नुकसान क्या है? हंसकर एक ही जवाब मिला कि कैसा सर्वे! सीजन समाप्ति की ओर है इस बार तो अभी तक कोई आया ही नहीं है। ये तो अधिकांश पर इस्तेमाल किया जा रहा है। फिर कुछ ऐसे तर्क भी दे गए, जो साठगांठ की ओर इशारा कर गए।

# राष्ट्रीय पंचायत में उठेंगे तराई के किसानों के मुद्दे

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- हरिद्वार में होगी भाकियू अराजनैतिक की पंचायत

**अमृत विचार**: भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक की बैठक रविवार को जिलाध्यक्ष सरदार मंजीत सिंह के आवास पर सम्पन्न हुई। संचालन जिला प्रभारी दिनेश कुमार ने किया।

जिलाध्यक्ष ने कहा कि संगठन का राष्ट्रीय शिविर 9 से लेकर 11 जून तक उत्तराखंड के हरिद्वार में अयोजित होना है। जिसमें किसानों की प्रमुख समस्याओं पर गहनता से मंथन होगा। पिछले छह माह से संगठन ने जो कार्य किसान हित में किए और आगामी छह माह में किये जाने हैं। उन आंदोलन, जटिल समस्याओं आदि के लिए विचार विमर्श किया जाएगा। कहा कि इन दिनों मंहगाई ने किसानों की कमर तोड़कर रख दी है। कर्ज बढ़ता जा रहा है। कहा कि इन तमाम समस्याओं को लेकर इस महापंचायत में आंदोलन का बिगुल फूंका जाएगा। टाईगर रिजर्व जंगल की जाल व तार फेंसिंग न होने के कारण वन्यजीवों की आबादी में दसतक, बाघों द्वारा अब तक जान गंवाने वाले ग्रामीण किसानों की मौतों का मुद्दा भी उठाया जाएगा।

इसके अलावा शारदा नदी के कटान, बजाज हिन्दुस्तान लिमिटेड चीनी मिलों के बकाया गन्ना भुगतान, तहसीलों में फैले भ्रष्टाचार, बिजली विभाग द्वारा किये जा रहे उत्पीड़न आदि गंभीर समस्याओं को भी राष्ट्रीय मंच पर रखा जाएगा। इस मौके पर नवजोत सिंह, बूटा सिंह, पवन कुमार वर्मा, तेजराम, रामरतन, कुलदीप कुमार, लालबहादुर आदि मौजूद रहे।

# हल्द्वानी को 136 रनों से हराकर बीसीसी बिलसंडा ने दर्ज की जीत

संवाददाता, बिलसंडा

**अमृत विचार**: गांधी स्मारक सुंदरलाल इंटर कॉलेज मैदान पर चल रहे राज्य स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट में रविवार को हल्द्वानी और भारत क्रिकेट क्लब बिलसंडा की टीम के मध्य मैच खेला गया। हल्द्वानी की टीम को 136 रनों के लंबे अंतर से हराकर बीसीसी ने ट्रॉफी पर कब्जा किया। भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह मुख्य अतिथि रहे और खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया।

राष्ट्रीय गान के बाद ग्राउंड पर पहुंची दोनों टीमों का भाजपा जिलाध्यक्ष के साथ व्यापार मंडल अध्यक्ष अवनीश जायसवाल ने संयुक्त रूप से परिचय लिया, फिर टॉस कराया। टॉस बिलसंडा ने जीता और पहले बल्लेबाजी करते हुए शानदार 300 रनों का लक्ष्य रखा,


खिलाड़ियों से परिचय के बाद टॉस कराते भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह।

- भाजपा जिलाध्यक्ष ने बढ़ाया खिलाड़ियों का हौसला

जो कि अब तक का सर्वाधिक स्कोर रहा। लक्ष्य का पीछा करने मैदान पर उतरे हल्द्वानी की टीम के खिलाड़ियों ने 19.5 ओवर में महज 163 रन ही जुटाए। बीसीसी की ओर से मैन ऑफ द मैच फैजी रहे, जिन्होंने शानदार 74 रन की पारी खेली। टीम के कप्तान अजीत जायसवाल, आयोजक प्रियांशु एवं शुभम जायसवाल की आगंतुकों ने अच्छे आयोजन के लिए काफी सराहना की। इस मौके पर पूर्व चेयरमैन अटल जायसवाल, अधिवक्ता रमेश गुप्ता, सहकारी गन्ना समिति बीसलपुर के अध्यक्ष राजेश सिंह उर्फ बबलू आदि मौजूद रहे।

# युवक की संदिग्ध हालात में मौत, हत्या का आरोप

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- जहानाबाद क्षेत्र की घटना पुलिस छानबीन में जुटी

**अमृत विचार**: संदिग्ध परिस्थितियों में फार्म हाउस पर काम कर रहे एक युवक की मौत हो गई। परिवार वालों ने हत्या करने का आरोप लगाया। पुलिस शव पोस्टमार्टम को भेज मामले की जांच कर रही है।

थाना जहानाबाद क्षेत्र के उजैनिया रम्पुरा गांव के रहने वाले अनिल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका छोटा भाई चरनजीत (19) पुत्र तेजपाल उत्तराखंड के सितारगंज क्षेत्र में स्थित एक फार्म पर मजदूरी करते थे। दो माह से वहीं काम कर रहे थे। परिजनों के अनुसार, दो दिन पूर्व चरनजीत से फार्म पर कीटनाशक दवा का छिड़काव कराया गया, जिससे उसकी तबीयत बिगड़ गई। आरोप है कि जब स्प्रे करने से मना किया, तो फार्म स्वामी ने दबाव बनाते हुए मारपीट की। इसकी जानकारी चरनजीत ने खुद फोन पर परिजनों को दी थी। आरोप है कि शनिवार को फार्म स्वामी ने फिर से मारपीट करते हुए उसे विषाक्त पदार्थ जबरन खिला दिया, और हालत बिगड़ने पर उसे अस्पताल के बाहर छोड़कर भाग गए। उसकी इलाज से पहले ही मौत हो गई। जहानाबाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जानकारी की। इंस्पेक्टर जहानाबाद मनोज मिश्रा ने बताया कि मामले में जांच कराई जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मृत्यु का कारण स्पष्ट हो सकेगा। तहरीर के आधार पर सभी तथ्यों की गहनता से जांच की जा रही है।

# संचालित होगी हाईटेक नर्सरी, लगा ट्रांसफार्मर

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत


कृषि विज्ञान केंद्र में तैयार की गई हाईटेक नर्सरी।

- उद्यान विभाग की टीम पहुंचकर करेगी ट्रायल
- कृषि विज्ञान केंद्र में 128 करोड़ से बनाई गई है हाईटेक नर्सरी

**अमृत विचार**: जिले में 1.28 करोड़ की लागत से बनी हाईटेक नर्सरी जल्द ही संचालित ही जाएगी। हाईटेक नर्सरी को बिजली सप्लाई देने के लिए पॉवर कारपोरेशन की ओर से बिजली ट्रांसफार्मर भी लगा दिया गया है। जल्द ही उद्यान विभाग की टीम नर्सरी में पहुंचकर ट्रायल करेगी। बता दें कि इस हाईटेक नर्सरी में इजराइल तकनीक से बिना मिट्टी के सब्जी पौध तैयार की जाएगी। जिससे किसानों को अपने ही जिले में गुणवत्तापरक सब्जी पौध आसानी से मिल सकेगी।

तराई के इस जिले में गेहूं, धान और गन्ना फसल के अलावा पिछले कुछ सालों से यहां बड़े पैमाने पर सब्जी फसलों की खेती भी की जा रही है, मगर इसके लिए किसानों को खुद ही सब्जी पौध तैयार करनी पड़ रही है। इसमें कई बार गुणवत्तापरक पौध पैदा न होने से किसानों को आर्थिक हानि भी उठानी पड़ती हैं। इधर अब सब्जी उत्पादन करने वाले किसानों को अपने ही जिले में रोग मुक्त एवं उन्नतशील किस्म की सब्जी पौध उपलब्ध कराने की तैयारी चल रही है। इसके लिए उद्यान विभाग की ओर से कृषि विज्ञान केंद्र टांडा बिजैसी में हाईटेक नर्सरी (सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर वेजिटेबल) बनकर तैयार हो चुकी है।

करीब 1.28 करोड़ की लागत से बनने वाली इस हाईटेक नर्सरी के पॉली हाउस में जरूरी उपकरण भी लगाए चुके हैं। बीते दिनों बिजली कनेक्शन को लेकर उद्यान विभाग की से पावर कॉरपोरेशन में आवेदन किया गया था। इधर पॉवर कारपोरेशन की ओर से हाईटेक नर्सरी को बिजली सप्लाई देने के लिए बिजली ट्रांसफार्मर भी स्थापित कर दिया है। उद्यान विभाग के मुताबिक विभागीय टीम जल्द ही नर्सरी में पहुंचकर ट्रायल करेगी। यदि सबकुछ ठीक रहा तो जल्द ही हाईटेक नर्सरी में काम शुरू कर दिया जाएगा।

### हर साल पांच लाख पौध होगी तैयार

इस हाईटेक नर्सरी में बिना मिट्टी के पौध तैयार की जाएगी। विभागीय अफसरों के मुताबिक पौध उत्पादन में इजराइल तकनीक का इस्तेमाल किया जाएगा। इसके लिए मिट्टी की जरुरत नहीं होती है। कृषि वैज्ञानिकों के मुताबिक इस तरह के पौध उत्पादन से बीमारियां का खतरा भी नहीं रहता है और इस तकनीक से तैयार पौध को एक स्थान से दूसरे स्थान तक ले जाना भी आसान होता है। हाईटेक नर्सरी में हर साल लगभग पांच लाख पौध उगाई जा सकेगी। खास बात यह है कि यहां किसान अपनी पसंदीदा सब्जी फसलों की पौध प्राप्त कर सकेंगे। इसके लिए किसानों को हाईटेक नर्सरी से पौध लेने से पूर्व अपनी डिमांड के अनुसार सब्जी बीज देना होगा, जिसके बाद किसानों को बेहद कम दामों पर सब्जी पौध उपलब्ध कराई जाएगी।

# मेले में भोंपू बजाने को लेकर मारपीट

**दियोरियाकलां, अमृत विचार**: मेले में भोंपू बजाने की बात पर हुई कहासुनी के बाद मारपीट हो गई। पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करते हुए कार्रवाई की है।

क्षेत्र के गांव ढकवारा निवासी नरवेश पुत्र विष्णु दयाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह 5 जून को दियोरिया कोतवाली क्षेत्र के गांव दियोकलिया में मेला देखने गए थे। मेले में बच्चे भोंपू बजा रहे थे। इसी बीच दियोकलिया निवासी विनोद, अरविंद, पप्पू ने उन पर भोंपू बजाने का आरोप लगाते हुए गाली गलौज शुरू कर दी। उन्होंने आरोप लगाया कि विरोध करने पर उनसे मारपीट की गई। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

# दो शातिर गिरफ्तार, चोरी की दो मोटरसाइकिलें बरामद

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- पूरनपुर पुलिस ने की धरपकड़, आरोपियों का निकली क्रिमिनल हिस्ट्री
- चेचिस और इंजन नंबर के जरिए पुलिस को वाहन चोरी के होने का पता चला

**अमृत विचार** : पूरनपुर पुलिस ने दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से चोरी की दो मोटरसाइकिल बरामद की है। आरोपी से चाकू भी बरामद किया गया। पकड़े गए दोनों आरोपियों की क्रिमिनल हिस्ट्री है। चालान कर कोर्ट में पेश करके जेल भेज दिया है।

पूरनपुर कोतवाली पुलिस को सूचना मिली कि दो शातिर अपराधी चोरी की बाइक लेकर जा रहे हैं।इस पर पुलिस ने वाहन चेकिंग की और दो आरोपियों को पकड़ा। आरोपी ग्राम मोहम्मदपुर भायपुर निवासी आयुष पांडे उर्फ अंशु और मोहल्ला लाइनपार साहूकारा निवासी आनंद प्रकाश के पास से चोरी की दो बाइक बरामद की गई। चेचिस और इंजन नंबर के जरिए पुलिस को वाहन चोरी के होने का पता चला। आरोपी आयुष के पास से एक चाकू भी बरामद किया गया। उस पर विभिन्न थानों में चोरी, लूट, गैंगस्टर एक्ट, आर्म्स एक्ट, बलवा आदि के मुकदमे पूर्व से दर्ज निकले। कोतवाल सत्येंद्र कुमार ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया है। वह पूरनपुर, बिलसंडा, बीसलपुर और शाहजहांपुर तक सक्रिय रहा है।

# महिला से छेड़छाड़ का आरोप, एक पकड़ा

**घुंघचिहाई, अमृत विचार**: विवाहिता से घर में घुसकर छेड़छाड़ की गई। शोर पर पहुंची जेठानी ने एक आरोपी को पकड़ लिया, जिसे पुलिस के सुपुर्द कर दिया है।

क्षेत्र की रहने वाली एक महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि रविवार दोपहर में उसके पति और पुत्र घर पर नहीं थे। वह पूरनपुर काम से गए हुए थे। आरोप है कि पुरानी रंजिश के चलते गांव के ही तीन युवक उसके घर में घुस आए और छेड़छाड़ की। कान का एक झुमका भी नोंच लिया व जातिसूचक शब्दों से अपमानित किया। शोर मचाने पर उसकी जेठानी मौके पर पहुंची। जिसकी मदद से एक युवक को पकड़ लिया। जबकि दो भाग गए। एसओ इंस्पेक्टर प्रकाश सिंह का कहना है मामला छेड़छाड़ का नहीं है। एक युवक का शांतिभंग की आशंका में चालान किया है। पुराने विवाद को लेकर गाली गलौज हुई थी।

# खेत पर कब्जे को लेकर लूटपाट और मारपीट

संवाददाता, बरखेड़ा

- पीड़ित ने पुलिस पर लापरवाही का लगाया आरोप, न्याय की गुहार
- एसपी के आदेश पर चार लोगों के खिलाफ दर्ज हुई एफआईआर

**अमृत विचार** : न्यायालय में विचाराधीन जमीन पर पक्के निर्माण का विरोध करने पिता-पुत्र को महंगा पड़ गया। विरोध करने पर विपक्षीगण ने पिता-पुत्र को बेरहमी से पीटा। साथ ही युवक का मोबाइल और 5500 रुपये भी लूट लिए। किसी तरह जान बचाकर जब वह थाने पहुंचे तो आरोपियों ने बाहर घेर लिया और जमकर पिटाई की। मामले की शिकायत बरखेड़ा पुलिस से की गई, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। अब इस मामले में एसपी के आदेश पर चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

बीसलपुर क्षेत्र के गांव भैसहा ग्वालपुर निवासी हीरालाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि चार जून को अपने बेटे सुरेंद्र के साथ खेत की नाप कराने गए थे। तभी विपक्षी पक्ष के भैसहा ग्वालपुर निवासी भजनलाल, सुरेश देवता, भूराम, रामसिंह और रवि ने जबरन निर्माण कार्य शुरू कर दिया। विरोध करने पर सभी ने मिलकर लाठी-डंडों से हमला कर दिया, जिसमें वह घायल हो गया। आरोप है कि आरोपियों ने सुरेंद्र का मोबाइल और 5500 रुपये भी लूट ले गए। किसी तरह जान बचाकर वह बरखेड़ा थाने की ओर भागे तो आरोपियों ने थाने के बाहर उन्हें घेर लिया और पिटाई कर दी, जिसमें पीड़िता हाथ फैक्चर हो गया। घटना का वीडियो सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई।

# जहर खाकर ग्रामीण ने दी जान


**पीलीभीत, अमृत विचार** : जहरीला पदार्थ खाकर एक ग्रामीण ने खुदकुशी कर ली। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नावकूड़ निवासी करन ने बताया कि वह मजदूरी करते हैं। उनके पिता 48 वर्षीय बलवीर सिंह पुत्र दयाराम शनिवार को घर पर ही थे। मां और छोटा भाई सुभाष शनिवार को घर से किसी काम से कहीं गए हुए थे। इस बीच उन्होंने किसी विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया। इससे उनकी हालत बिगड़ गई। जानकारी होने पर परिजन उन्हें जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां इलाज के दौरान मौत हो गई। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली राजीव कुमार सिंह ने बताया पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का सही कारण स्पष्ट हो सकेगा।

# नेहरू पार्क सजकर तैयार, जल्द ही हो सकेगी शुरुआत

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत


टनकपुर हाईवे पर नए लुक में तैयार नेहरू पार्क का मुख्यद्वार। ● अमृत विचार


नेहरू पार्क में तैयार किया गया सेल्फी प्वाइंट। ● अमृत विचार

- 1.33 करोड़ की लागत से कराया गया जीर्णोद्वार, कई सुविधाएं शामिल
- फाइनल टच का चल रहा कार्य, जल्द ही हो सकती है इसकी शुरुआत

**अमृत विचार** : नेहरू पार्क की तस्वीर बदल चुकी है। लंबे समय से उपेक्षा का शिकार इस पार्क का कायाकल्प पूरा हो चुका है। करीब 1.33 करोड़ रुपये की लागत से हुए जीर्णोद्धार के बाद नेहरू पार्क अब आधुनिक सुविधाओं से लैस होकर शहरवासियों को नई ताजगी और सुकून देने को तैयार है। हरियाली की चादर, सजे-संवरे वॉक-वे, बच्चों के लिए झूले, बैठने की आकर्षक व्यवस्था और रोशनी के इंतजाम किए गए हैं। पार्क के फाइनल टच का कार्य अंतिम चरण में है। जल्द ही इसका लोकार्पण केंद्रीय राज्यमंत्री एवं पीलीभीत सांसद जितिन प्रसाद से कराने की तैयारी है।

बता दें कि टनकपुर हाईवे निरंजनकुंज कॉलोनी के सामने की तरफ नेहरू पार्क है। इसमें एक समय में बोटिंग भी कराई जाती थी, मगर अनदेखी के चलते पार्क बदहाल हो गया। फिर ये पार्क धरना स्थल का रूप ले चुका था। फिर करीब चार साल पहले पार्क का तत्कालीन डीएम पुलकित खरे के संज्ञान लेने के बाद सौंदर्यीकरण कराया गया। नगरपालिका की ओर से कायाकल्प कराते हुए आमदनी बढ़ाने के लिए पार्क को ठेके पर दे दिया था। इससे पालिका को आय भी हुई। पिछले वित्तीय वर्ष 2023-24 में नगरपालिका ने 4.50 लाख रुपये ठेका दिया था, लेकिन ठेकेदार ने आमदनी न होने का हवाला देते हुए ठेका सरेंडर कर दिया गया था। इसके बाद नगर पालिका चेयरमैन डॉ. आस्था अग्रवाल ने पार्क का सौंदर्यीकरण करने के लिए शासन को प्रस्ताव भेजा था, जिसे शासन ने स्वीकृति देते हुए 1.33 करोड़ का बजट स्वीकृति किया। बजट मिलने के बाद नगर पालिका की ओर से यहां काम शुरू करा दिया गया था।

पार्क में अब उच्चीकरण के अलावा में यहां पर नए झूले, ओपन जिम, पाथवे, लाइट, गार्डन आदि तैयार किया गया है। साथ ही नेहरू पार्क का मुख्य द्वार भी बदल दिया गया है। पार्क का कार्य लगभग पूरा हो चुका है। अब सिर्फ फाइनल टच चल रहा है। कयास लगाए जा रहे हैं कि इस माह ही पार्क का उद्घाटन हो जाएगा। नगर पालिका चेयरमैन डॉ. आस्था अग्रवाल के अनुसार केंद्रीय राज्यमंत्री एवं पीलीभीत सांसद जितिन प्रसाद से इसका उद्घाटन कराने की तैयारी है। हालांकि अभी दिन तय नहीं हो सका है।

प्रवेश प्रारम्भ
चन्द्रलोक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस
रजऊपरसपुर (बरेली) उ.प्र.
चिकित्सा के क्षेत्र में उज्जवल भविष्य बनाने हेतु उत्तम संस्थान
• उ.प्र. स्टेट मेडिकल फैकल्टी लखनऊ एवं उ.प्र. सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त
• सरकारी, अर्द्धसरकारी, सेना एवं विदेश में नौकरी के लिए मान्य
• सरकारी मानकों के अनुसार फीस एवं छात्रवृत्ति
स्थान सीमित शीघ्र प्रवेश लें
GNM (जनरल नर्सिंग एण्ड मिडवाइफरी) 3 Years (इंटरमीडिएट)
आयुष्मान भारत योजना एवं पं. दीनदयाल उपाध्याय योजना में निःशुल्क इलाज
विशेष सुविधाएं
• मेडिक्लेम, बीमा योजना
• ICU वेन्टीलेटर सुविधा
सिटी ऑफिस
चन्द्रलोक हॉस्पिटल
दूरबीन विधि द्वारा
• पित्त की थैली, पित्त की नली की पथरी (Lap Chole, ERCP), गुर्दे, यूरेटर की पथरी (PCNL, URS)
• प्रोस्टेट (गदूद) (TURP, TURBT)
• रसौली, बांझपन की जाँच
• बबासीर, हर्निया का ऑपरेशन
• मेडिक्लेम • स्त्री एवं प्रसूति रोग
• सभी प्रकार की सर्जरी
• पैथोलॉजी, अल्ट्रासाउण्ड
• ट्रॉमा, हेड इंजरी, फ्रेक्चर आदि।
• ICU, कार्डियक मॉनिटर, वेन्टिलेटर,
• हृदय, सांस, गुर्दा रोग एवं डायबिटीज
पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
सम्पर्क करें-
9458882565
9410002566
8859493000

## बरेली निवासी मनोज का था निगोही नहर में मिला शव

**पीलीभीत/बरेली, अमृत विचार:** पीलीभीत के दियोरियाकलां थाना क्षेत्र में इलाबास देव स्थान के पास निगोही ब्रांच नहर में शनिवार को मिले शव की शिनाख्त हो गई है। मृतक बरेली के थाना बारादरी क्षेत्र का मनोज है। परिजनों का आरोप है कि मनोज की हत्या करके शव नहर में फेका गया है।

गंगापुर निवासी गुंजन राणा ने बताया कि मनोज पुत्र भूरा उनका भतीजा है। शुक्रवार को मनोज मोहल्ले के एक युवक और कुछ अज्ञात युवकों के साथ पीलीभीत के दियोरियाकलां थाना क्षेत्र में इलाबास देव मंदिर पर लगने वाले मेले को देखने के लिए ऑटो से गया था, लेकिन वह वापस नहीं आया। शनिवार को उसका शव देव स्थान से कुछ दूरी पर मिला था। हाथ पर लिखे मनोज नाम से उसकी शिनाख्त हो सकी। गुंजन ने बताया कि जिस दोस्त के साथ मनोज गया था, उसी ने उसकी हत्या करके शव फेंक दिया है। यदि ऐसा नहीं था तो उसने घर आकर मनोज के बारे में कुछ क्यों नहीं बताया। हालांकि परिजनों ने अभी थाने पर तहरीर नहीं दी है। वहीं दियोरियाकलां पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मामले का खुलासा हो सकेगा।

# खाली कराया जाएगा सपा कार्यालय, नोटिस चस्पा

### ईओ छुपाते रहे, सिटी मजिस्ट्रेट और एसडीएम की आख्या मिलने के बाद चल रही तैयारी, सपाई खेमे में खलबली

**कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत**

**अमृत विचार:** नगर पालिका के ईओ आवास में संचालित हो रहे समाजवादी पार्टी कार्यालय को खाली कराए जाने को लेकर चल रही कार्रवाई के बीच नया मोड़ आया है। सिटी मजिस्ट्रेट और एसडीएम की आख्या मिलने के बाद इसे लेकर रणनीति बना ली गई है। 10 जून को सपा कार्यालय खाली कराया जाएगा। इसका नोटिस भी सपा कार्यालय के बाहर चस्पा कर दिया गया है। हालांकि ईओ खुलकर बोलने से बचते थे। फिलहाल सपाई खेमे में भी हलचल मची है।

बता दें कि नगर पालिका पीलीभीत की चेयरमैन डॉ.आस्था अग्रवाल ने 18 मई को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से लखनऊ में हुई मुलाकात के दौरान एक पत्र सौंपा था। जिसमें नकटादाना चौराहा पर नगरपालिका के स्वामित्व वाले भवन (सपा कार्यालय) को खाली कराने का आग्रह किया गया था। शासन स्तर पर गंभीरता से लिया गया। प्रमुख सचिव की ओर से जांच के बाद अवैध कब्जा मुक्त कराकर आख्या मुहैया कराने के निर्देश जिला प्रशासन को दिए गए। इसके बाद नगरपालिका ईओ से आख्या तलब की गई। तत्कालीन प्रभारी ईओ ने आख्या बनाकर सिटी मजिस्ट्रेट विजय वर्धन तोमर को भेज



समाजवादी पार्टी कार्यालय।

- **नकटादाना चौराहा पर नगर पालिका के स्वामित्व वाले भवन में संचालित है सपा कार्यालय**

दी थी। इसके बाद सपा जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा की अगुवाई में कार्यकर्ताओं ने डीएम ज्ञानेंद्र सिंह से मुलाकात की थी और तत्कालीन ईओ की आख्या को राजनीतिक दबाव में बताते हुए आपत्ति दर्ज कराई गई थी। हालांकि इस मुलाकात के दौरान ही सख्ती का इशारा भी प्रतिनिधि मंडल को हो गया था। इधर, सिटी मजिस्ट्रेट विजय वर्धन तोमर, एसडीएम सदर आशुतोष गुप्ता ने इस प्रकरण को लेकर अपनी संयुक्त रिपोर्ट वरिष्ठ अधिकारियों को भेज दी है।

बताते हैं कि अभी तक की जांच में समाजवादी पार्टी नेताओं की ओर से कोई स्थगन आदेश पेश नहीं किया जा सका है। ऐसे में अब कार्यालय खाली कराने की तैयारी की गई है।

## पूर्व जिलाध्यक्ष ने वापस ले ली थी याचिका

बता दें कि नकटादाना चौराहा पर स्थित अधिशासी अधिकारी आवास के एक कमरा और आंगन को 2005 में नगरपालिका बोर्ड द्वारा अस्थाई रूप से किराए पर दिया गया था। आवंटन में निर्धारित प्रक्रिया का अनुपालन न किए जाने के कारण तत्कालीन ईओ द्वारा 12 नवंबर 2020 को आवंटन निरस्त करते कर दिया गया था। इसकी सूचना सपा नेता यूसुफ कादरी को दी गई थी। तत्कालीन जिलाध्यक्ष आनंद सिंह यादव की ओर से उच्च न्यायालय इलाहाबाद में रिट याचिका उत्तर प्रदेश सरकार व अन्य को प्रतिवादी बनाते हुए योजित की गई थी, जिसे एक दिसंबर 2020 को वापस लिया जा चुका है। इसके बाद 2021 में सपा के तत्कालीन जिला महासचिव यूसुफ कादरी ने नगपालिका पीलीभीत, ईओ के प्रतिवादी बनाते हुए एक वाद न्यायालय सिविल जज सीनियर डिवीजन में योजित किया गया। यह वाद वर्तमान में विचाराधीन है। आख्या में ये भी बताया था कि न्यायालय ने न तो किसी प्रकार अंतरिम आदेश पारित किया गया है, न ही नगरपालिका पीलीभीत को अपने भवन पर कब्जा लेने से रोका गया है। आवंटित भवन का आवंटन निरस्त होने की सूचना बीते सालों में कई बार जिला अध्यक्ष, महासचिव को देने की बात भी की गई। हालांकि सपा जिलाध्यक्ष ने इससे साफ इन्कार किया। ये भी कहा गया था कि अंतिम 11 फरवरी 2025 को सपा जिलाध्यक्ष ने डीएम, सिटी मजिस्ट्रेट को मामला सर्वोच्च न्यायालय में विचाराधीन होने का हवाला देते हुए पत्र दिया था। मगर, इसके तीन माह बाद भी समाजवादी पार्टी द्वारा सर्वोच्च न्यायालय या किसी अन्य न्यायालय से नगरपालिका के भवन को ,खाली न कराए जाने के संबंध में कोई अंतरिम आदेश प्रस्तुत नहीं किया।

> नगर पालिका के ईओ आवास खाली कराने को लेकर संयुक्त जांच रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को दी गई है। अभी तक की जांच में कोई भी स्थगन आदेश नहीं मिला है। नगर पालिका ईओ के स्तर से आगे की कारवाई की जा रही है।
> – **विजय वर्धन तोमर**, सिटी मजिस्ट्रेट

ईओ संजीव कुमार की ओर से सपा कार्यालय पर नोटिस चस्पा कर दिया है। जिसमें दस जून की सुबह दस बजे तक का समय सामान हटाने के लिए दिया है। इसके बाद नगरपालिका अपने भवन पर कब्जा लेगी। नोटिस भले ईओ की तरफ से हो लेकिन वह इसे लेकर कुछ भी बोलने से बचते थे। फिलहाल इसे लेकर सुरक्षा इंतजाम भी किए जा रहे हैं।

### सड़क से सदन तक होगा विरोध



सपा कार्यालय के भवन को खाली कराए जाने की कार्रवाई अंतिम पड़ाव पर आने के बाद राजनीति गरमा गई है। सपा जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा का कहना है कि उन्हें आज तक कोई भी नोटिस नहीं प्राप्त हुआ। पता लगा कि रविवार रात में एक नोटिस कार्यालय पर गुपचुप तरीके से चस्पा कर दिया है, जबकि मामला न्यायालय में विचाराधीन है। इसके बावजूद असंवैधानिक तरीके से सत्ता के दबाव में बलपूर्वक कार्यालय खाली कराने की तैयारी की जा रही है। अगर ऐसा कुछ किया जाता है तो सड़क से सदन तक सपा विरोध दर्ज कराएगी। न्यायालय की भी शरण ली जाएगी।

## लूट और रंगदारी मांगने वालों सहित 13 की खोली हिस्ट्रीशीट

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

- **तीन अपराधियों पर 12-12 मुकदमे हैं दर्ज**
- **हिस्ट्रीशीटरों में पीलीभीत और बरेली के भी बदमाश**

**अमृत विचार :** एसएसपी के निर्देश पर पुलिस ने 13 शातिर अपराधियों की बी क्लास की हिस्ट्रीशीट खोली है। इन पर गोकशी, चोरी, लूट, धोखाधड़ी, रंगदारी मांगने जैसे गंभीर मामले दर्ज हैं।

जिन अपराधियों की हिस्ट्रीशीट खोली गई है, उनमें आंवला के गौसिया चौक निवासी दानिश पर वाहन चोरी और नकबजनी के 12 मुकदमे, हाफिजगंज कस्बे के जुबैर पर गोकशी के 12 मुकदमे, हाफिजगंज के गांव औरंगाबाद के शिवम पर चोरी और लूट के 12 मुकदमे, आंवला के गांव पचघेर निवासी सोनू यादव पर धोखाधड़ी के आठ मुकदमे, आंवला के मोहल्ला सईदान गौसिया चौक निवासी अकबर उर्फ टोनी के पर मारपीट और रंगदारी के आठ मुकदमे दर्ज हैं। इसके अलावा पीलीभीत के थाना पूरनपुर के गांव शेरपुर कलां निवासी हाल, निवासी थाना बहेड़ी के सिलीजागीर निवासी शाकिर के खिलाफ गोकशी के सात मुकदमे, फतेहगंज पश्चिमी के गांव लोहार नगला निवासी मुन्ना उर्फ अभय कुमार के खिलाफ नकबजनी के सात मुकदमे, बहेड़ी के टांडा निवासी मोहम्मद अली के खिलाफ नकबजनी के सात मुकदमे, हाफिजगंज के गांव दोहरिया जागीर निवासी यामीन के खिलाफ गोकशी के पांच, फतेहगंज पश्चिमी के गांव टिटौली निवासी मोहम्मद जुबैर अहमद के खिलाफ नकबजनी के पांच, हाफिजगंज के गांव दुआवट निवासी मोहम्मद रईस के खिलाफ गोकशी के तीन, भमोरा के गांव मजनुपुर निवासी अजीम हुसैन के खिलाफ मादक पदार्थों की तस्करी के दो और भोजीपुरा के गांव फतेहपुर दुर्गाप्रसाद निवासी रफीक उर्फ बटुआ के खिलाफ गोकशी के दो मुकदमे दर्ज हैं।

### इंस्टाग्राम पर आपत्तिजनक टिप्पणी, रिपोर्ट

**बरखेड़ा, अमृत विचार :** सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। कस्बे के सत्यपाल ने पुलिस को दी तहारीर में बताया कि इंस्टाग्राम पर सलमान रजा नाम से बनी एक आईडी से राष्ट्र विरोधी आपत्तिजनक टिप्पणी की गई है। सात जून की शाम करीब साढ़े सात बजे उन्होंने इंस्टाग्राम पर आपत्तिजनक कमेंट देखा। इसे भड़काऊ और आहत करने वाला कमेंट बताते हुए सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामले में नामजद रिपोर्ट दर्ज की है।

### युवक पर गिरा बिजली का तार, गंभीर

**बीसलपुर, अमृत विचार :** धार्मिक स्थल पर बैठे एक युवक के ऊपर बिजली का तार टूट कर गिर गया, जिसमें वह गंभीर रूप से झुलस गया। उसे सीएचसी से मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है। हादसा क्षेत्र के ग्राम सुकटिया में हुआ। यहां के रहने वाले हीरालाल का पुत्र सुरेश चंद्र रविवार को गांव में ही स्थित एक धार्मिक स्थल के पास बैठा था। इस बीच बिजली का तार टूटकर उसके ऊपर गिर गया। करंट लगने से वह झुलस गया। चीखने की आवाज सुनकर लोग पहुंचे और डंडे से तार को हटाकर उसे बचाया।

## समर कैंप में बच्चों को कराई कई गतिविधियां


समर कैंप में शामिल हुए बच्चे। • अमृत विचार

**कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत**

**अमृत विचार:** पूरनपुर ब्लॉक क्षेत्र के पीएमश्री स्कूल खासपुर में रविवार को समर कैंप के तहत टीचर लर्निंग मटेरियल से संबंधित कलाकृतियां तैयार की गई। हीटवेव और संचारी रोगों से बचाव के तरीके बताए गए।

अनुदेशक विनोद कुमार, शिक्षा मित्र मिथलेश ने बच्चों से कई जानकारियां साझा की। पशु पक्षियों के साथ गर्मी में कैसा व्यवहार करें। बच्चों को पॉलिथीन से दूरी बनाए रखने के लिए जूट के थैले कैसे बनाएं, इसकी जानकारी दी। कागज के उपयोगी लिफाफे बनाना सिखाए गए। बच्चों को अधिक से अधिक पौधे लगाए जाने के लिए प्रेरित किया गया और उन्हें पर्यावरण को कैसे मेंटेन रखा जाए इसके बारे में भी जानकारी दी गई। प्रधानाध्यापक श्रीकृष्ण ने बताया कि कैंप में बच्चे खुद ही सुबह 7 बजे स्कूल में आ जाते हैं। उसके बाद से लगातार विद्यालय में 40 से 50 बच्चे उपस्थित हो रहे हैं। स्वच्छ पर्यावरण के तहत लघु नाटक का मंचन भी बच्चों ने किया।

## झोलाछाप के इंजेक्शन लगाने से महिला की मौत

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** बिनौरा गांव में एक महिला की तबीयत खराब हो गयी। परिवार वाले उसे झोलाछाप की दुकान पर ले गए। झोलाछाप ने महिला के इंजेक्शन लगाया और दवा खिलाई। परिवार वाले उसे घर लेकर आ रहे थे। रास्ते में महिला की मौत हो गई। मदनापुर थाना क्षेत्र के गांव बिनौरा निवासी 28 वर्षीय पूनम के पेट में शनिवार की शाम दर्द होने पर तबियत खराब हो गई। बृजेश अपनी पत्नी पूनम को लेकर रजपुरा में स्थित में एक झोलाछाप की दुकान पर ले गया और उसे हाल बताया। झोलाछाप ने महिला को देखने के बाद पानी के साथ दवा खिला दी और इंजेक्शन लगा दिया। परिवार वाले उसे लेकर घर आ रहे थे। रास्ते में पूनम की मौत हो गई। परिवार वाले पूनम को लेकर झोलाछाप की दुकान पर ले गए। झोलाछाप अपनी दुकान बंद करके भाग गया। उन्होंने पत्नी के मरने की सूचना मदनापुर थाना पर दी। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत का कारण स्पष्ट होगा।

## महिला से दुष्कर्म का प्रयास

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** कटरा थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला शनिवार की रात घर में सो रही थी और उसका पति खेत पर था। रात में ढाई बजे एक युवक मकान की छत से जीने से नीचे आ गया। उसने सोते समय महिला को एक कमरे में पकड़ लिया। आरोप है कि युवक ने उसके साथ दुष्कर्म करने का प्रयास किया। महिला ने शोर मचाया तो आरोपी युवक भाग गया। महिला ने रात में डायल 112 को सूचना दी। पुलिस गांव में पहुंची और महिला से जानकारी की। महिला ने आरोपी के खिलाफ तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# बेटी के नामकरण की खुशियां, सड़क पर पिता ने तोड़ा दम

**संवाददाता, पुवायां**

- **घर में खुशी का माहौल था, चारों ओर संगीत बज रहा था**
- **युवक की मौत की खबर से घर में मच गया कोहराम**

**अमृत विचार:** घर में बेटी का नामकरण कार्यक्रम चल रहा था, उसी समय किसी काम से पुवायां जाते समय युवक सड़क दुर्घटना में घायल हो गया। जानकारी होने पर परिजन उसे लेकर अस्पताल पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।


मृतक सूरज

गांव करनापुर निवासी सूरज सिंह अपने माता पिता की इकलौती सन्तान था। शनिवार रात सूरज की बेटी का नामकरण संस्कार का कार्यक्रम था। घर में खुशी का माहौल था, चारों ओर संगीत बज रहा था। इस बीच रात लगभग 2 बजे सूरज किसी काम से पुवायां जाने की बात कहकर घर से निकला, जो देर रात तक घर वापस नहीं पहुंचा। परिजन युवक की तलाश में निकले तो वह उन्हें कुछ ही दूर बितौनी मोड़ पर घायल अवस्था में मिला। घायल अवस्था में लेकर परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## कार बनी काल, बाइक सवार दंपती घायल, बेटे की मौत

**संवाददाता, खुटार**

- **रविवार सुबह खुटार-बंडा रोड पर हुआ हादसा**
- **बरेली अस्पताल ले जाते वक्त बेटे ने रास्ते में तोड़ा दम**

**अमृत विचार:** तेज रफ्तार कार बाइक सवार दंपती और उनके बेटे के लिए काल बन गई। कार की टक्कर से बाइक सवार दंपती और उनका बेटा घायल हो गया। बाद में बेटे ने बरेली अस्पताल ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया।


इसी कार से हुआ हादसा। • अमृत विचार

पीलीभीत जनपद के थाना पूरनपुर के गांव गहलुइया में रहने वाले शरीफउल्ला (40) अपनी पत्नी मीरा बी, बेटे गुलाब खां (20) के साथ बाइक से खुटार के गांव कैहमरिया के मजरा चठिया में अपने साढू के घर ईद मिलने जा रहे थे। रविवार सुबह साढ़े नौ बजे के करीब जब वह निर्माणाधीन बाईपास से खुटार बंडा रोड पर निर्माणाधीन ओवरब्रिज के पास पहुंचे, तभी तेज रफ्तार बंडा की ओर से आ रही कार ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही बाइक सवार पति-पत्नी और उनका बेटा उछलकर दूर जा गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर अस्पताल पहुंचे परिजन घायलों को पीलीभीत ले गए, जहां से गुलाब खां को बरेली के लिए रेफर किया गया, लेकिन रास्ते में उसकी मौत हो गई।


मृतक गुलाब खां

**केबल बदलने के चलते गुल रही बिजली :** बीसलपुर, अमृत विचार : तहसील फीडर पर पुरानी विद्युत लाइनों के कारण आए दिन फॉल्ट होते रहते थे। इसका रविवार को सुधार कार्य कराया गया। इसके लिए बंच केबिल डालने का काम चला। इस दौरान सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक बिजली सप्लाई बंद रखी गई।

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

ADITYA
आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें
बिना सुई बिना टांका आधुनिक से आधुनिक लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा।
अल्ट्रासाउण्ड द्वारा पर्दे की जांच की सुविधा उपलब्ध।
80000 से अधिक आँखों के ऑपरेशन का अनुभव
IOL Master 700 द्वारा लेंस का नंबर
लेजर द्वारा आँख की झिल्ली हटाने की सुविधा उपलब्ध।
बी-स्कैन द्वारा पर्दे की जाँच उपलब्ध
OCT द्वारा काला पानी एवं पर्दे की जांच व उपचार
8077344353
समयः- प्रातः 10 बजे से सायं 7 बजे तक (सोमवार से शनिवार)
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री ऑपरेशन की सुविधा
डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB, MNAMS
CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाईपास, बरेली

# डीएम की अध्यक्षता में लगी बाढ़ चौपाल

**कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत**

- **गांव में राजस्व कैंप लगाकर समस्याओं के निस्तारण के दिए निर्देश**

**अमृत विचार:** डीएम की अध्यक्षता में देवहा नदी के किनारे बसे गांव मधुडांडी में बाढ़ चौपाल की आयोजन किया गया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से बाढ़ के संबंध में जानकारी ली। साथ ही उन्होंने राजस्व अधिकारियों को गांव में राजस्व कैंप लगाकर समस्याओं का निस्तारण करने के निर्देश दिए।

डीएम ज्ञानेंद्र सिंह की अध्यक्षता में रविवार को सदर तहसील के बाढ़ प्रभावित गांव मधुडांडी में बाढ़ चौपाल का आयोजन किया गया। इस दौरान डीएम ने चौपाल में मौजूद ग्रामीणों से गत वर्ष में बाढ़ की स्थिति तथा प्रशासन द्वारा किए गए प्रयासों के संबंध में विस्तार से वार्ता की। एडीएम वित्त एवं प्रभारी अधिकारी दैवीय आपदा ऋतु पूनिया ने ग्रामीणों से बाढ़ के पूर्व, बाढ़ के दौरान एवं उनके बाद बरती जाने वाले वाली सावधानियों के बारे में बताया। साथ ही राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा निर्गत निर्देश को विस्तार से समझाया। इस दौरान डीएम ने ग्रामीणों से से विभिन्न शासकीय योजना के क्रियान्वयन के संबंध में जानकारी ली। चौपाल में ग्रामीणों द्वारा बताए गए दो अविवादित विरासत के प्रकरणों में डीएम ने तत्काल विरासत दर्ज करने के निर्देश दिए।


मधुडांडी गांव में बाढ़ चौपाल में मौजूद डीएम ज्ञानेंद्र सिंह। • अमृत विचार

साथ ही उन्होंने नायब तहसीलदार के नेतृत्व में गांव में राजस्व कैंप लगवाकर अंश में त्रुटि सुधार की समस्याओं का निस्तारण अभियान के रूप में चलाने के निर्देश दिए। इस मौके पर एसडीएम सदर आशुतोष गुप्ता, तहसीलदार अर्चो गुप्ता, नायब तहसीलदार समेत अन्य राजस्व स्टाफ, ग्राम प्रधान और ग्रामीण मौजूद रहे।

## एनसीसी कैडेट्स को आग से बचाव के बताए तरीके

**पलियाकलां, अमृत विचार:** द इंडियन एकेडमी पलिया में 26 यूपी बटालियन एनसीसी लखीमपुर के तत्वावधान में आयोजित कैंप में अग्निशमन प्रशिक्षण का आयोजन किया गया, जिसमें एनसीसी कैडेट्स को अग्नि दुर्घटनाओं के समय कार्रवाई करने और जान-माल की सुरक्षा, बचाव के तरीके सिखाए गए।

प्रशिक्षण का संचालन प्रभारी अग्निशमन राधेश्याम पाल ने किया। उन्होंने कैडेट्स को अग्नि शमन के मूलभूत सिद्धांतों और तकनीकों के बारे में जानकारी दी। उन्हें आपातकालीन स्थितियों में अपनी जिम्मेदारी निभाने के लिए तैयार किया। सामान्य ज्ञान को बढ़ाने के उद्देश्य से क्विज प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया।

# बेरोजगारी और मायके का दखल डाल रहा रिश्तों में दरार

## जनवरी से अब तक 125 से अधिक मामले परामर्श केंद्र में पहुंचे

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** बेरोजगारी और छोटी छोटी बातों में मायके वालों को हस्तक्षेप खुशहाल दांपत्य जीवन में दरार डाल रहा है। परिवार परामर्श केन्द्र में 70 प्रतिशत से अधिक मामले ऐसे पहुंच रहे हैं, जिसमें दंपत्ति के शादी दो वर्ष या फिर इससे भी कम समय हुआ होता है। और उनमें विवाद हो जाता है और नौबत एक दूसरे से अलग होने तक की आ गई।

ऐसे में मामले थाने से लेकर कोर्ट-कचहरी तक पहुंचने लगते हैं। रिश्तों में आने वाली दरार को परिवार परामर्श केन्द्रों पर जोड़ने का भी प्रयास किया जा रहा है। यहां जनवरी 2025 से अब तक 165 से अधिक मामले दंपति के बीच विवाद के पहुंच चुके हैं। 97 प्रकरणों का निस्तारण कराया गया, जिसमें रिश्ते टूटने से बचा लिए गए।



महिला थाने में सुलह समझौता करातीं थानाध्यक्ष श्रद्धा सिंह। ● अमृत विचार

**केस 1**

सीतापुर के महमूदाबाद क्षेत्र की युवती की शादी एक साल पहले शहर निवासी युवक के साथ हुई थी। कुछ दिनों बाद उसकी प्राइवेट नौकरी चली गई। प्रयास के बाद भी उसे कहीं काम नहीं मिला। बेरोजगार होने के कारण घर में रोज तूतू-मैं मै होने लगी। तकरार बढ़ी और मायके का भी दखल बढ़ा, जिससे रिश्ते में दरार पड़ गई। विवाहित मायके चली गई। पति भी विदा कराने नहीं जा रहा था। विवाहिता ने पुलिस को तहरीर दे दी। प्रकरण परिवार परामर्श केन्द्र भेज दिया गया, जहां दोनों के बीच सुलह कराई गई।

**केस 2**

जिले की ही युवती की डेढ़ साल पहले शहर मोहल्ले में शादी हुई थी। मायके में दिन में कई-कई बार फोन करने पर सास ने टोका तो विवाद हुआ। पति ने भी नाराजगी जताई तो मायके से हस्तक्षेप शुरू हो गया। नतीजतन विवाहिता मायके चली गई और वापस नहीं लौटी। रिश्तेदारों के समझाने पर भी मामला नहीं निपटा। दहेज के लिए प्रताड़ित करने का आरोप लगाया तो मामला थाने पहुंच गया। जहां से परिवार परामर्श केन्द्र में काउंसिलिंग के बाद दोनों के बीच सुलह हो गई और परिवार बिछड़ने से बच गया।

**केस 3**

शहर के मोहल्ले में दंपती के बीच छोट-छोटी बातों को लेकर विवाद हो रहा था। जिस वजह से दोनों अलग-अलग रहने लगे। महिला का कहना था कि पति उसकी बातों को नहीं सुनता। मामला पुलिस के पास पहुंचा। परिवार परामर्श केन्द्र ने काउंसिलिंग कराई तो यह बात सामने आई कि पति कोई काम नहीं करता है। परिवार में अन्य लोग नौकरी पेशा हैं। मायके का भी दखल रहता है। इसके बाद दोनों पक्षों को समझाने के बाद सुलह हो गई।

**मतभेद भुलाकर महिला थाने से विदा हुए पांच जोड़े :** रविवार को महिला थाना की थानाध्यक्ष श्रद्धा सिंह ने एसपी संकल्प शर्मा के दिशा निर्देशन में काउंसलरों के सहयोग से आठ परिवारिक विवादों में सुलह का प्रयास किया, जिसमें पांच जोड़े पति-पत्नी की विदाई कराकर टूटने के कगार पर पहुंचे सम्बन्धों को पुनः जोड़ने का सराहनीय कार्य किया। इस दौरान काउंसलर कुसुम गुप्ता, कय्यूम ज़रवानी का सहयोग रहा। सुलह से विदाई करने में उप निरीक्षक योगेन्द्र प्रताप सिंह, मुख्य महिला आरक्षी सीता महिला आरक्षी सारिका चौहान, महिला आरक्षी बबली पवार का काफी सहयोग रहा।

## कोटेदार पर गल्ला न देने का आरोप

**जंगबहादुर गंज, अमृत विचार :** गांव चौबियापुर के कोटेदार पर चार महीने से लगातार मशीन पर अंगूठा लगवा लेने के बाद भी गल्ला न देने का आरोप है।

पसगवां विकास खंड की ग्राम पंचायत चौबियापुर निवासी हरगोविंद पुत्र रमई ने जनसुनवाई पोर्टल और मुख्यमंत्री को भेजी शिकायत में कहा है कि ग्राम पंचायत चौबियापुर के कोटेदार ने चार महीने से लगातार मशीन पर अंगूठा लगवा लिया जाता है, पर राशन नहीं दिया जा रहा है। विरोध करने पर राशन कार्ड निरस्त करवा देने की धमकी दी। उसने जब इसका कारण जानना चाहा, तब उक्त कोटेदार ने उसे गालियां दीं और धक्का देकर के भगा दिया। इस पर जब पूर्ति निरीक्षक मोहम्मदी से शिकायत की तो उन्होंने कोई कार्रवाई नहीं की।

# भीषण गर्मी के लिए रहें तैयार, 43 डिग्री तक जा सकता है पारा

## चिकित्सक की सलाह धूप से बचाव करके ही घर से निकलें

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** पारा एक बार फिर से चढ़ने लगा है। रविवार को अधिकतम तापमान 42 डिग्री रहा। ऐसे में तेज धूप और तपन वाली गर्मी लोगों को परेशान करती रही। तेज धूप के कारण कम लोग ही घरों से निकले। इससे सड़कों की चहल-पहल गायब रही। मौसम वैज्ञानिक आने वाले समय में तापमान और बढ़ने की संभावना जताकर सोमवार को पारा 43 डिग्री तक पहुंचना बता रहे हैं।

रविवार सुबह न्यूनतम पारा 29 डिग्री और अधिकतम पारा 40 डिग्री रिकार्ड हुआ। इसके बाद पारे में तेजी से उछाल आता गया। दोपहर 12 बजे तक पारा 40 डिग्री तक जा पहुंचा। इसी के साथ तपन भी बढ़ती गई। दोपहर तीन बजे तक पारा 42 डिग्री जा पहुंचा जो शाम चार बजे तक स्थिर रहा। ऐसे में तेज धूप लोगों के लिए असहनीय रही। लोग तेज धूप से बचने के छावं की तलाश में लगे रहे। भीषण गर्मी की वजह से बाजार की चहल-पहल तक प्रभावित रही। हालांकि शाम को सूर्य अस्त होने के बाद लोगों को गर्मी से थोड़ी राहत जरूर मिली।

मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के डॉ. विशेन के मुताबिक तापमान में अभी और वृद्धि होगी। सोमवार को पारा 43 डिग्री तक पहुंच सकता है। इस सप्ताह भर गर्मी परेशान करेगी। इसलिए धूप से बचाव बेहद जरूरी है।



चिलचिलाती धूप से सदर चौराहे से गुजरते लोग ● अमृत विचार

- **रविवार को अधिकतम तापमान रहा 42 डिग्री सेल्सियस**

### मौसम का पूर्वानुमान

| तिथि | अधिकतम पारा | न्यूनतम पारा |
|---|---|---|
| सात जून | 41 | 27 |
| आठ जून | 42 | 29 |
| नौ जून | 43 | 31 |
| 10 जून | 43 | 31 |

### चिकित्सकों की सलाह बरतें सावधानी

जिला अस्पताल के जिरियाट्रिक फिजीशियन डॉ. शिखर वाजपेयी बताते हैं कि इस समय भीषण गर्मी पड़ रही है। इसलिए इससे बचाव बहुत जरूरी है। गर्मी में रोजाना चार से पांच लीटर पानी एवं अन्य तरल पदार्थ का सेवन करें। पानी न पीने से डिहाइड्रेशन, पेशाब में जलन से लेकर पथरी आदि की समस्या बन सकती है। इसके अलावा खाने में भी हरी सब्जियां का सेवन करें।

## नौ घंटे गुल रही बिजली, परेशान हुए लोग

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** नगर में अग्रवाल पंप और रेलवे स्टेशन के पास ट्रांसफार्मर की खराबी से बिजली व्यवस्था बिगड़ गई, जिससे रविवार की सुबह नौ बजे से गई बिजली शाम पांच बजे आई, और कुछ देर बाद फिर चली गई। फिर छह बजे सप्लाई मिली, लेकिन आवाजाही बंद नहीं हुई। भीषण गर्मी में 8 से 9 घंटे तक हुई विद्युत कटौती से उपभोक्ताओं का हाल बेहाल रहा। बिजली कटौती से लोगों को पीने, नहाने के लिए पानी को भी तरसना पड़ा। लंबी कटौती होने से घरों में लगे इनवर्टर भी जवाब दे गए।

इन दिनों भीषण गर्मी पड़ रही है। ऐसे में नगर में जमकर बिजली कटौती होने से उपभोक्ताओं को काफी परेशानी हो रही है। पानी की आपूर्ति भी बिजली पर निर्भर होने से लोगों को नहाने और पीने के लिए पानी को तरसना पड़ा। रविवार को सुबह से बिजली आपूर्ति न होने से इनवर्टर भी जवाब दे गए, जिससे बुजुर्ग, बच्चे, बीमार सभी का हाल बेहाल हो गया। फोन करने पर अफसरों ने उपभोक्ताओं को तकनीकी समस्या का कारण बताया। अधिकारियों ने बताया कि लखीमपुर रोड पर अग्रवाल पेट्रोल पंप के पास लगे ट्रांसफार्मर में फ्यूल बदलने का कार्य और रेलवे स्टेशन पर मोड़ के पास लगे ट्रांसफार्मर में तकनीकी खराबी के चलते फीडर नंबर चार से पोषित बिजली आपूर्ति बाधित रही। लक्ष्मीनगर कॉलोनी, ऊंची भूड़, स्टेशन रोड, गुप्ता कॉलोनी, केडिया फॉर्म, इंदिरा नगर कॉलोनी के उपभोक्ताओं को रविवार को सुबह से शाम तक बिजली कटौती से परेशानी झेलनी पड़ी। शनिवार रात को भी देर रात बिजली कटौती होने से लोगों की नींद पूरी नहीं हो पाई। रविवार को विद्युत आपूर्ति न होने से घरों में लगे पंखे, कूलर, शोपीस बने रहे और लंबी कटौती होने से घरों में लगे इनवर्टर भी जवाब दे गए।



गोला में फाल्ट सही करते बिजलीकर्मी।

"ओवरलोडिंग और ओवरहीटिंग से तकनीकी समस्या आने पर मरम्मत करते समय कटौती की जाती है। स्टाफ की कमी के चलते कार्य पूरा कराने में भी समय लग जाता है। फीडर नंबर चार में रेलवे स्टेशन रोड की मोड़ पर लगे ट्रांसफार्मर में खराबी के चलते विद्युत आपूर्ति बाधित रही, जिसे ठीक करवाकर आपूर्ति बहाल करा दी गई है।
**- शिवम पांडे, जेई, गोला**

### बिजली न मिलने से व्यापर हुआ प्रभावित

लक्ष्मी नगर कॉलोनी निवासी नितेश वर्मा ने बताया कि वह पावर कनेक्शन लेकर आटा और तेल चक्की चलाते हैं। बिजली नहीं आने से उनका धंधा बाधित होता है। गुप्ता कॉलोनी निवासी राधेश्याम ने बताया कि उनके यहां नया फर्नीचर बनाने और मरम्मत का कार्य बिजली की मशीनों से ही कराया जाता है। मोहल्ला ऊंची भूड़ निवासी सरोज देवी, बृजलाल पाठक, मुकेश रस्तोगी, रमेश कुमार, उषा देवी, रामबरन गुप्ता आदि ने बताया कि इन दिनों भीषण गर्मी से हाल बेहाल हो रहा है। दिन और रात बिजली की कई कई घंटे हो रही कटौती से घर में विद्युत उपकरण होने के बावजूद भी हाथ के पंखे का सहारा लेना पड़ रहा है।

## बाघ ने खूंटे में बंधे बछड़े को बनाया निवाला, दहशत



घटनास्थल पर मौजूद वन विभाग की टीम। ● अमृत विचार

संवाददाता, कुकरा

**अमृत विचार:** थाना मैलानी के क्षेत्र वन रेंज बफर जोन वन चौकी जटपुरा के ग्राम पंचायत ढाका हरदुआ में रविवार सुबह बाघ ने गांव निवासी गोल्डी पुत्र विचित्र सिंह के घर बंधे बछड़े को निवाला बना लिया। सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर गांव वालों को सतर्क रहने की हिदायत दी है।

हरदुआ गांव निवासी गोल्डी का बछड़ा घर के बाहर बंधा हुआ था। रविवार सुबह तड़के 5:30 बजे बाघ घर से उसके बछड़े को खींचकर ले गया और अपना निवाला बना लिया। सूचना पर वन दरोगा राजाराम तिवारी, फॉरेस्ट गार्ड हरेंद्र सिंह, वाचर मुशर्रफ अली, राम सिंह, अनीस अहमद ने घटनास्थल पर पहुंचकर निरीक्षण कर पग चिन्ह देखकर बाघ होने की पुष्टि की।

वन विभाग द्वारा ग्रामीणों को सतर्क रहने और समूह बनाकर खेत में जाने की सलाह दी। हमले के बाद पहुंची वन विभाग की टीम ने बाघ को खदेड़ कर वापस बारोछा नाला की ओर भगा दिया है। सुबह हुई घटना से क्षेत्र में भय का माहौल है। ग्रामीणों ने बताया कि एक हफ्ते में बाघ का यह तीसरा हमला है।

## वाइब्रेटर मशीन में दौड़ा करंट, युवक की मौत

**उझानी, अमृत विचार :** उझानी में रेलवे स्टेशन के पास बन रहे अंडरपास में कार्य करते समय वाइब्रेटर मशीन में करंटर आने से कन्नौज निवासी मजदूर झुलस गया। उसे राजकीय मेडिकल कॉलेज ले जाया गया। यहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया।

कस्बा उझानी में रेलवे स्टेशन के पास अंडरपास निर्माण का काम चल रहा है। शनिवार को जिला कन्नौज के थाना सगरवा क्षेत्र के गांव दिलदारपुर निवासी पंकज (30) वाइब्रेटर मशीन चल रहे थे। उनके साथी अन्य काम में व्यस्त था। वाइब्रेटर मशीन में अचानक करंट आ गया। पंकज को करंट से झटका लगा और वह बेसुध होकर जमीन पर गिर गए। साथी मजदूर उन्हें राजकीय मेडिकल कॉलेज ले गए। यहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। स्टाफ की सूचना पर पुलिस पहुंची। पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचना देकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इसकी रिपोर्ट और परिजनों की तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

## विशालकाय गूलर के पेड़ के नीचे दबकर ग्रामीण घायल



अचानक गिरा पड़ा गूलर का पेड़।

संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** हाईवे के किनारे लगा विशालकाय गूलर का पेड़ अचानक गिरने से उसके नीचे एक ग्रामीण दब कर घायल हो गया। पुलिस ने हाईड्रा की मदद से पेड़ के नीचे दबे युवक को निकालकर सीएचसी भेजा है, जहां से हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

गांव केवलपुरवा के पास हाईवे किनारे लगे एक विशालकाय गूलर के पेड़ के नीचे छांव में एक 50 वर्षीय राहगीर बैठा था। सुबह करीब दस बजे अचानक पेड़ हाईवे के दूसरी तरफ गिर गया, जिससे छांव में बैठा राहगीर उसके नीचे दब गया। हादसे के बाद तमाम लोग मौके पर पहुंच गए।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने हाईड्रा की मदद से पेड़ हटवाकर युवक को निकाला। उसे पहले सीएचसी ले जाया गया, जहां से डॉक्टर ने हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर किया है। घायल के बेसुध होने के कारण उसकी पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस परिजनों का पता लगा रही है।

## नई बस्ती खकरा में चोरों ने फिर बोला धावा, चुरा ले गए जेवर

**मैगलगंज, अमृत विचार:** मैगलगंज के मोहल्ला नई बस्ती में 24 घंटे बाद चोरों ने एक बार फिर धावा बोल दिया। शनिवार की रात एक घर में घुसे चोर करीब डेढ़ लाख रुपये के जेवर चोरी कर ले गए। 24 घंटे के भीतर एक ही मोहल्ले में दूसरी बड़ी वारदात होने से पुलिस व्यवस्था की पोल खुलकर सामने आ गई है।

मोहल्ला नई बस्ती खकरा निवासी सोनू पुत्र मुमताज ने बताया कि बकरीद होने के कारण पत्नी ने सुबह सारे जेवर पहनकर शाम को उन्हें उतारकर अलमारी में रख दिए थे। रात में किसी समय चोर घर में घुस आए और सेफ तोड़कर उसमें रखी एक जोड़ी झुमकी, एक जोड़ी पायल, सोने की अंगूठी समेत करीब डेढ लाख रुपये के जेवर चोरी कर ले गए। पीड़ित ने रात में ही घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस को तहरीर देने के बाद भी रिपोर्ट दर्ज नहीं की है। बता दें कि गुरुवार की रात चोरों ने इसी मोहल्ले के दो सगे भाइयों समेत तीन घरों को निशाना बनाते हुए 90 हजार की नकदी व छह लाख से अधिक के जेवर चोरी कर ले गए थे।

# पशु चरा रहे युवक पर बाघ ने किया हमला, रेफर

संवाददाता, बांकेगंज

**अमृत विचार:** नगरिया वेटलैंड में पशु चरा रहा एक युवक बाघ के हमले से घायल हो गया। परिजन उसे बांकेगंज सीएचसी ले गए, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत में सुधार न होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।



घायल विक्रम।

बांकेगंज चौकी क्षेत्र के गांव पसियापुर निवासी विक्रम राज (26) पुत्र स्वर्गीय रमेश 3:30 बजे नगरिया वेटलैंड में पशु चरा रहा था। वहीं एक खेत में उसका साठा धान भी लगा हुआ है। जब वह अपने खेत में लगे धान को देखते हुए निकल रहा था, तभी अचानक खेत के किनारे लगे पेड़ों से निकलकर बाघ ने छलांग मारते हुए उस पर हमला कर दिया।

बाघ को सामने देख भयभीत होते हुए हमले के समय उसने अपने दोनों हाथ सिर पर रख लिए। इससे हमले के दौरान विक्रम के दोनों हाथों तथा सिर में पंजा लगा। चीखने-चिल्लाने की आवाज सुनकर खेत के आसपास मौजूद अन्य चरवाहे लाठी डंडा लेकर दौड़े। तब बाघ उसे छोड़ कर चला गया। खेत के आसपास मौजूद लोगों मैं एंबुलेंस को फोन किया। परिजन एंबुलेंस से घायल विक्रम को बांकेगंज सीएचसी ले गए, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत में सुधार न होने पर डॉक्टरों ने उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।

सूचना पर फॉरेस्टर सागर कुशवाहा बांकेगंज सीएचसी पहुंचे और घायल विक्रम का हाल जाना। रेंजर साजिद हसन ने बताया कि घटनास्थल का निरीक्षण करने लिए वह मौके पर पहुंच रहे हैं। निरीक्षण के बाद ही बता पाएंगे कि घटना जंगल के अंदर की है या बाहर की।

### बाघ की दहशत से परेशान ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन

**संपूर्णनगर, अमृत विचार :** कस्बे से लेकर आस पास के गांवों में लोग बाघ की दहशत में जी रहे हैं। शनिवार को एक बार फिर बाघ के दिखने से ग्रामीण खेत खलिहान की ओर जाने की हिम्मत नहीं कर पा रहे हैं, रविवार को ग्रामीणों ने खेतों में चहलकदमी कर रहे बाघ से निजात दिलाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा है। ग्रामीणों का कहना है कि शनिवार शाम वृंदावन गांव के पास बाघ दिखायी दिया। ऐसे में खेत खलिहान की ओर जाना सुरक्षित नहीं है। इससे न तो गन्ने की निराई हो रही है और न ही धान लगाने की तैयारी कर पा रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि गत सप्ताह जंगल से निकला बाघ रामनगर तिराहे के पास खेत में बने घर के बाहर काम कर रही महिला को उठा ले गया। बाद में उसका शव बरामद हुआ था इसके तीन बाद शनिवार शाम फिर से वृंदावन कॉलोनी के निकट बाघ दिखाई दिया। इससे क्षेत्रवासी दहशत में हैं। बाघ की दहशत से निजात दिलाने के लिए रविवार को सीता देवी, सिखा देवी, रुबीना खातून, आशा देवी, मरियम, राधा, यशोदा देवी, विद्यावती, ममता, रामसजन, लल्लन प्रसाद, विवेक सिंह, विष्णु प्रसाद आदि ने वनाधिकारी को ज्ञापन सौंपा।



- **वनाधिकारियों से निजात दिलाने की मांग**

"ग्रामीणों ने बाघ देखे जाने की सूचना देकर इससे निजात दिलाने के लिए ज्ञापन सौंपा है। ग्रामीणों को बचाव के लिए उपाय बताए गए हैं। बाघ से ग्रामीणों को निजात दिलाने के लिए जल्द से जल्द आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।
**अनिल कुमार रेंजर संपूर्णानगर**

# सेहत के लिए बेहद हानिकारक है केमिकल से पकाया गया आम

संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** फलों के राजा आम की आवक शुरू होने से नगर में इसकी बहार दिखने लगती है। बाजार से शहर के चौराहों एवं गली मोहल्लों में इनकी बिक्री हो रही है। मगर, यह आम प्राकृतिक तरीके से डाल का पका नहीं है। इसकी मिठास में सेहत बिगाड़ने वाला धीमा जहर शामिल है। बाजार में बिक रहा आम कैल्शियम कार्बाइड आदि से पका कर बेंचा जा रहा है। इनका सेवन करना लिवर एवं गुर्दा के लिए खतरनाक हो सकता है। कार्बाइड में पका कर बेचे जा रहे आम की रोकथाम को लेकर खाद्य सुरक्षा विभाग के जिम्मेदार भी आंख मूंदे हैं।

जिले में आम की बागवानी बहुतायात में हो रही है। पिछले साल 78,996.69 मीट्रिक टन आम का उत्पादन हुआ था। इस बार भी आम का उत्पादन इसी के आस पास होने की संभावना है। आम की बागवानी करने वालों का कहना है कि आम को डाल पर पकने में 12-16 सप्ताह का समय लगता है। मगर, मुनाफे की होड़ और ट्रांसपोर्टिंग के चक्कर में व्यापारी दो से तीन सप्ताह पहले ही तोड़ कर प्रतिबंधित कैल्शियम कार्बाइड का इस्तेमाल कर पकाते हैं। बरसात से पहले ही डाल का पका आम के नाम पर केमिकल से पकाया गया आम लोगों को बेंचा जा रहा है। बागवान बताते हैं कि डाल का पका जहां सेहत के लिए फायदेमंद होता है तो वहीं केमिकल में पका आम नुकसानदेह है। वहीं स्वाद में भी जमीन आसमान का अंतर रहता है।

**एसिटिलीन गैस बनाता है कार्बाइड:** आम रासायन विज्ञान के प्रोफेसर के मुताबिक कैलशियम कार्बाइड का रासायनिक फार्मूला $CaC_2$ है। इसका उपयोग एसिटिलीन के तौर पर ब्लोटार्च और वेल्डिंग आदि कार्य में होता है। पानी के संपर्क में आकर कैल्शियम कार्बाइड एसिटिलीन गैस बनाता है, जो आम पकाने में कारगर होती है। कैल्शियम कार्बाइड में सूक्ष्म मात्रा में आर्सेनिक और फास्फोरस हाइड्राइड पाए जाते हैं, जो कैंसर कारक हैं।.



गुरु गोविंद सिंह तिराहे पर लगे आम के ठेले से खरीदती महिला ● अमृत विचार

"आम बाजार में बिक्री के लिए आने लगा है। यह आम डाल का पका है या फिर केमिकल से। इसके लिए अभियान चला कर आम से लेकर अन्य फलों की जांच के लिए सैंपलिंग कार्रवाई शुरू होगी। - **बृजेंद्र शर्मा**, जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी

- **कार्बाइड में पकाए गए आम की शुरू हो गई बिक्री**
- **जिम्मेदारों की लापरवाही से धीमा जहर खा रहे लोग**

### इस तरह करें केमिकल से पके आम की पहचान

1. आम पानी भरी बाल्टी आदि में डालने पर वह तैरने लगे तो रसायन से पका है।
2. आम हल्का हरापन लिए हो और झुर्रियां हों तो यह समय से पहले तोड़ कर पकाया गया है।
3. केमिकल से पका आम अधिक चमकदार और अस्वाभाविक रूप से पीला होता है।
4. केमिकल से पका आम अंदर से अधपका और इसका गूदा भी सफेद रहता है।

### पेट में अल्सर एवं लिवर की वजह बनता है केमिकल

जिला अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. आरके कोली बताते हैं कि कार्बाइड से लेकर अन्य रसायनों से पकाया गया आम हो या फिर अन्य फल। इनके सेवन से पेट में अल्सर, गैस, जलन किडनी और लिवर पर दुष्प्रभाव पड़ता है। इसके अलावा कैंसर से लेकर तंत्रिका रोग का खतरा भी बढ़ जाता है। केमिकल से पके आम में प्राकृतिक मिठास से लेकर पोषण की मात्रा भी कम होती है।



# धौरहरा में तेंदुओं का आतंक, लोगों के उड़े होश

## केशवापुर में पेड़ पर शावकों के साथ उछल कूद करते दिखा तेंदुआ, दूसरे तेंदुए की गौशाला के पास दिखी मौजूदगी

संवाददाता, धौरहरा



नरूपुर गो आश्रय स्थल की दीवार फांदने की कोशिश करता तेंदुआ। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** धौरहरा वन रेंज क्षेत्र में जंगल से निकलकर आबादी क्षेत्रों में पिछले कई महीनों से शावकों के साथ घूम रहा तेंदुआ आतंक का पर्याय बना हुआ हैं। चार दिन पहले राहगीर को घायल करने वाला तेंदुआ रविवार को केशवापुर गांव के बाहर एक पेड़ पर शावकों के साथ उछल कूद करते देखा गया। इससे ग्रामीणों के होश होश उड़ गए। तेंदुआ की मौजूदगी पूरे गांव में आग की तरह फैल गई। शोर-शराबा होने पर तेंदुआ शावकों के साथ गन्ने के खेतों में गुम हो गए।

ग्रामीणों ने बताया कि रविवार की सुबह कुछ ग्रामीण खेतों की तरफ गए थे। इसी बीच उनकी नजर गांव के निकट एक पेड़ पर पड़ी तो देखा की शावक के साथ तेंदुआ सेमल के पेड़ पर बैठकर उछल कूद कर रहा था। यह देख ग्रामीणों में दहशत व्याप्त हो गई। तेंदुए की मौजूदगी की खबर गांव में आग की तरह फैल गई। बड़ी संख्या लोग लाठी-डंडे लेकर मौके पर पहुंच गए और हो-हुल्ला करने लगे।

इस पर एक तेंदुआ तो पेड़ से उतरकर उतरकर गन्ने के खेतों में होते हुए झाड़ियों की ओर भाग गया, जबकि दूसरा तेंदुआ काफी देर तक वहीं बैठा रहा। ग्रामीणों ने इसकी सूचना वन विभाग को दी, जिसके बाद वन कर्मियों की टीम मौके पर पहुंची। ग्रामीणों ने बताया

● **पिछले कई महीनों से इलाके में है तेंदुओं का आतंक**

कि पिछले कुछ दिनों से आसपास के क्षेत्रों में मवेशियों पर हमले की घटनाएं हो रही थीं, जिससे अंदेशा था कि कोई जंगली जानवर सक्रिय है। चार दिन पहले धौरहरा बबुरी मार्ग पर रपटा पुल के पास तेंदुए ने अदलीशपुर गांव निवासी रसीद (22) पुत्र अब्दुल रज्जाक पर उस समय हमला कर उसे घायल कर दिया था, जब वह अपने मामा के घर से साइकिल से सवार होकर अपने घर आ रहा था। तेंदुओं की मौजूदगी सामने आने के बाद ग्रामीण दहशत में हैं और बच्चों को घर से बाहर भेजने में डर महसूस कर रहे हैं। ग्रामीणों की सूचना पर वन विभाग की टीम के साथ क्षेत्रीय वनाधिकारी नृपेंद्र चतुर्वेदी और कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सुरेश कुमार मिश्रा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और हाका लगाकर तेंदुए को भगा दिया।

> बबुरी मार्ग और केशवापुर गांव के बाहर चहलकदमी देखते हुए पिंजरे लगाए गए हैं। तेंदुओं को सुरक्षित जंगल में वापस भेजने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। गांव के आसपास गश्त बढ़ा दी गई है। स्थानीय निवासियों से अपील की गई है कि वे सतर्क रहें और वन विभाग की टीम को पूरा सहयोग दें।
> –नृपेंद्र चतुर्वेदी, क्षेत्रीय वनाधिकारी

### वन विभाग ने बदली कैमरे और पिंजड़े की लोकेशन

धौरहरा। चार दिन पहले साइकिल सवार को घायल करने वाले तेंदुए को पकड़ने के लिए वन विभाग ने नाइट विजन कैमरे और दो पिंजड़े लगाए थे, लेकिन तेंदुआ न तो पिंजड़े तक आया और न ही वह कैमरों में कैद हुआ। वन विभाग ने एक बार फिर कैमरे की निगरानी में पिंजरे की लोकेशन बदली है।

### गो आश्रय स्थल की दीवार फांदता दिखाई दिया तेंदुआ

धौरहरा। धौरहरा वन रेंज में इन दिनों तेंदुओं की भरमार है। रविवार को पेड़ पर शावकों संग तेंदुआ देखा गया, तो वही दूसरा तेंदुआ नरूपुर गो आश्रय स्थल की दीवार फांद गौशाला में चहलकदमी करता दिखाई दिया है, जो पास में लगे कैमरे में कैद हुआ है। इसके अलावा तेंदुआ धूसाखुर्द और जटपुरवा गांव में भी अक्सर गोवंशीय पशुओं और कुत्तों का शिकार कर रहा है। वन विभाग केवल लोगों को सतर्क रहने की ही अपील कर रहा है। वन टीम निगरानी कर लोगों को सतर्क रहने के लिए जागरूक कर रही है।

# पानी की टंकी के कनेक्शन पाइप में लीकेज, रास्ते में जलभराव

संवाददाता, संसारपुर



संसारपुर में पाइपलाइन से सड़क पर बहता पानी।

**अमृत विचार :** विकास खंड बांकेगंज क्षेत्र के कस्बा संसारपुर में प्रधानमंत्री के हर घर जल योजना की तहत लाखों रुपये की लागत से पानी की टंकी बनी है, जिसका पानी पंचायत के सातों गांवों में सप्लाई किया जाता है, पर कई जगह पाइपलाइन में लीकेज के चलते पानी सड़कों पर बह रहा है।

ब्लॉक बांकेगंज क्षेत्र की ग्राम पंचायत संसारपुर में लाखों रुपये की लागत से पानी की टंकी बनी है, जिसका पानी संसारपुर, बोझिया, बेलहिया, दुर्जनपुर, बगुली, झाला, सिंघाताली सहित सात गांवों में सप्लाई होता है। सड़क में नीचे दबे टंकी का कनेक्शन पाइप कस्बे में दो जगह से लीकेज हो रहा है। हर समय हो रहे पानी के रिसाव से सड़कों पर पानी भरा रहता है, जिससे आने जाने वाले ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। कस्बे की हरिजन बस्ती की आरसीसी रोड तथा जामा मस्जिद वाली गली में लीकेज होने के कारण जल भराव की स्थित बनी हुई है।

ग्रामीणों का कहना है कि कई बार इस बारे में पानी की टंकी पर कार्यरत टंकी ऑपरेटर धर्मपाल को अवगत कराया है, लेकिन नतीजा ढाक के तीन पात ही रहा। प्रधान पति रामप्रसाद देवल ने बताया कि लीकेज पाइप के बारे में कर्मचारियों को बोल दिया गया है, जिसे जल्द ही सही कराया जाएगा। ग्रामीणों ने बताया सड़क के नीचे दबे पाइप का जोड़ सही नही लगाया गया है, जिस वजह से पाइप लीक हो गया और सड़क पर जल भराव हो जाता हैं। ग्रामीण इस्लामुद्दीन, सरताज आलम, अहसान अली, राजविंदर सिंह, कुतुबुद्दीन आदि लोगों ने पाइप लाइन को दुरुस्त कराने की मांग की है।

# अब घनश्यामपुरवा में घर से बटोर ले गए नकदी-जेवर

संवाददाता, निघासन

**अमृत विचार:** थाना पढुआ क्षेत्र में चोरी का सिलसिला लगातार जारी है। शनिवार की रात गांव घनश्यामपुर में घुसे चोर एक घर से नकदी समेत करीब आठ लाख रुपये का सामान बटोर ले गए। चोरियों का ग्राफ आंकड़ों में कम रहे। इसको लेकर पुलिस रिपोर्ट दर्ज करने में भी खेल कर रही है।

घनश्यामपुरवा निवासी रमाशंकर वर्मा शनिवार रात शादी में शामिल होने गए थे। उनकी पत्नी पुष्पा बीमार पिता को देखने अपने भाई के घर बेलरायां गई थीं। घर पर केवल उनकी मां थीं। रात करीब 11 बजे वापस लौटने के बाद रमाशंकर आंगन में कूलर लगाकर सो गए। सुबह 4 बजे नींद खुलने पर रमाशंकर को दो कमरों के दरवाजे खुले दिखे। उन्होंने कमरों में जाकर देखा तो लोहे की आलमारी-बक्सा खुला पड़ा था। कीमती सामान गायब थे। रमाशंकर ने बताया कि चोरों ने लोहे की आलमारी का लॉकर और बक्से का ताला तोड़कर उनमें रखी सोने की अंगूठी, झुमकी, झाली, कुंडल, मंगलसूत्र, सोने की दो मोहरें, पायलें, बिछिया, चांदी के सिक्के, एक किलो पुरानी चांदी और 12,000 रुपए नकद समेत तमाम कीमती सामान उठा ले गए। पुलिस ने अभी तक रिपोर्ट दर्ज नहीं की है।

# गैस सिलिंडर से भड़की आग से घर जला, लाखों का नुकसान

संवाददाता, मझगईं

● **गैस रिसाव होने से हुआ हादसा, गांव में मची रही अफरा-तफरी**



आग लगने से धू-धू कर जलता घर।

**अमृत विचार:** थाना मझगईं क्षेत्र की ग्राम पंचायत दौलतापुर के मजरा सुजईपुरवा में गैस रिसाव होने के कारण एक घर में आग लग गई। परिजन जब तक आग बुझाने की कोशिश करते, इससे पहले बेकाबू हुई आग ने पूरे घर को अपनी चपेट में ले लिया। इससे पूरे गांव में अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

हादसा रविवार की सुबह करीब 8 बजे हुआ। गांव सुरजी पुरवा निवासी शंकर चौहान के घर पर खाना बन रहा था। इसी बीच गैस रिसाव होने से छप्परपोश घर में आग लग गई। परिजन आग बुझाने की कोशिश करते। इससे पहले ही आग ने विकराल रूप ले लिया और देखते ही देखते आग की लपटों ने पूरे घर को अपनी चपेट में ले लिया। परिवार के लोग किसी तरह से जान बचाकर शोर मचाते हुए घर से बाहर भाग कर आए। शोर शराबा और आग की उठी लपटों को देखकर पूरे गांव में अफरा-तफरी मच गई। गनीमत रही कि सुबह का वक्त होने के कारण हवा भी कम थी। इससे बड़ा हादसा होने से टल गया। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत कर किसी तरह से आग पर काबू पाया।

इस अग्निकांड में घर में रखा सारा अनाज, चारपाई, नकदी जेवर समेत दैनिक उपयोगी की सभी वस्तुएं जलकर राख हो गई। पीड़ित ने लेखपाल को आग लगने की सूचना दी है, लेकिन अभी तक राजस्व टीम मौके पर नहीं पहुंची है। पीड़ित परिवार तपती धूप के नीचे खुले आसमान के नीचे रहने को विवश है।


# मंदिर में स्थापित होगी मां अंजनी की गोद में बाल हनुमान की मूर्ति

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी





डीआईओएस परिसर में बनकर तैयार हुआ हनुमत दरबार।



मंदिर में स्थापित की गई शनिदेव की मूर्ति

**अमृत विचार:** ज्येष्ठ माह चल रहा है। इस मास के मंगलवार को बड़े मंगल के रूप में मनाया जाता है। ज्येष्ठ मास का अंतिम मंगलवार दस जून को है। इस दिन डीआईओएस कार्यालय परिसर में पवन पुत्र के बाल रूप, जिसमें वह अंजनी मां की गोद में हैं की मूर्ति स्थापना होगी। इसकी तैयारियां शुरू हो गई हैं। इस दौरान भव्य भंडारे का भी आयोजन होगा।

डीआईओएस ने कार्यालय परिसर में भव्य मंदिर का निर्माण कराया है। जो बनकर तैयार हो चुका है। इसमें माता अंजनी की गोद में भगवान हनुमान के बाल रूप की मूर्ति लगेगी। इसके अलावा भगवान गणेश एवं शनि महाराज की मूर्ति भी स्थापित होगी। मंदिर का निर्माण पूरा हो गया है।

ज्येष्ठ माह के अंतिम मंगल पर मूर्ति स्थापना कर भंडारा होगा, जिसकी तैयारियां डीआईओएस कार्यालय पर शुरू हो गई हैं। मंदिर से लेकर परिसर के सौंदर्यीकरण का कार्य रविवार को पूरा कर लिया गया। कार्यालय के लोगों ने बताया कि सोमवार को मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम शुरू होगा, जिससे मंगलवार को विधि विधान से मूर्ति स्थापना कराई जा सके। इसके बाद भंडारा कर भक्तों को प्रसाद वितरण होगा।

● **डीआईओएस कार्यालय में बनकर तैयार हुआ मंदिर**

● **कल होगी मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा, शुरू हो गईं तैयारियां**

### जिले में पहला होगा मंदिर

डीआईओएस कार्यालय परिसर में बनकर तैयार मंदिर जिले का पहला ऐसा मंदिर होगा, जिसमें अंजनी माता की गोद में पवनपुत्र की मूर्ति होगी। यह मूर्ति राजस्थान से मंगवाई गई। इस तरह का मंदिर में अयोध्या की हनुमान गढ़ी में है।



> कार्यालय में सालों पुराना बरगद व पीपल का पेड़ है। श्रद्धालु इनका पूजन करते हैं। इसलिए वहां पर हनुमत दरबार बनवाया है, जिसमें अंजनी माता की गोद में हनुमान जी की मूर्ति स्थापना होगी। शनि महाराज, भगवान गणेश और शिवलिंग भी स्थापित है। मंगलवार को इनकी प्राण प्रतिष्ठा और भंडारा होगा। परिसर में सिंदूर और रुद्राक्ष का पौधा भी रोपा गया है।
> – डॉ. महेंद्र प्रताप सिंह डीआईओएस

### मौत के बाद चेते जिम्मेदार, बंद कराया जानलेवा अवैध कट

**मैगलगंज, अमृत विचार :** कस्बा स्थित लड़ैती देवी पेट्रोल पंप के सामने बने अवैध कट की वजह से शनिवार को हुए हादसे में पिता पुत्री की जान चली गई थी, जबकि महिला गंभीर रूप से घायल हो गई थी। दो मौतें होने के बाद नींद से जागे एनएचएआई अधिकारियों ने रविवार को अवैध कट बंद करा दिया। हाइवे पर पेट्रोल पंप के सामने बना अवैध कट राहगीरों के लिए जानलेवा बना हुआ था।

# गोला कप क्रिकेट टूर्नामेंट 11वें दिन तीन टीमें विजयी





टूर्नामेंट में टॉस कराते कमेटी के मंत्री और अंपायर। ● अमृत विचार

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ


● **हिंदुस्तान ट्रांसपोर्ट, गट्टानी क्रिकेट क्लब और लक्ष्मी मैरिज लॉन ने दर्ज की जीत**

**अमृत विचार:** गोला कप डे नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट के 11वें दिन खेले गए तीन मैच में हिंदुस्तान ट्रांसपोर्ट, गट्टानी क्रिकेट क्लब और लक्ष्मी मैरिज लॉन की टीमों ने जीत दर्ज की। पब्लिक इंटर कॉलेज स्थित स्वर्गीय राजेंद्र गिरी स्टेडियम में खेले जा रहे टूर्नामेंट में शनिवार देर शाम तीन मैचों में टूर्नामेंट कमेटी के मंत्री और अंपायर ने टॉस करवाकर मैच शुरू कराया।

टूर्नामेंट का पहला मैच रिहान इलेवन गोला और हिंदुस्तान ट्रांसपोर्ट के मध्य खेला गया, जिसमें हिंदुस्तान ट्रांसपोर्ट के सचिन 41, गौरव 20 और अली के 26 रनों की मदद से निर्धारित 10 ओवर में 113 रन का लक्ष्य दिया। रिहान इलेवन के बल्लेबाज कुछ खास न कर सके और टीम मात्र 56 रनों पर सिमट गई। हिंदुस्तान ट्रांसपोर्ट टीम के खिलाड़ी अली को 26 रन और दो विकेट के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया। दूसरा मैच गट्टानी क्रिकेट क्लब और फ्रेंड्स क्लब गोला के बीच खेला गया। फ्रेंड्स क्लब की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए मात्र 45 रनों का लक्ष्य दिया, जिसका पीछा करते हुए गट्टानी क्रिकेट क्लब के जयेश 12, गोपा के 21 रनों की मदद से 8 विकेट से जीत हासिल की। जयेश को दो विकेट और 12 रन के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया।

शनिवार को तीसरा मैच लक्ष्मी मैरिज लॉन और भुड़वारा क्रिकेट क्लब के बीच खेला गया। भुड़वाड़ा क्लब के तनवीर 18, छोटू के 10 रनो की मदद से मात्र 70 रन का लक्ष्य दिया, लक्ष्मी मैरिज लॉन के बल्लेबाज डब्बू 45, रवि के 19 रनों की मदद से 7 विकेट से जीत हासिल की। डब्बू को 45 रन के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया। टूर्नामेंट कमेटी के अध्यक्ष जनार्दन गिरी, मंत्री केके शुक्ला, उपाध्यक्ष मधुसूदन गिरी, रामगुलाम पांडे, सुरेंद्र शर्मा, प्रदीप मिश्रा, राकेश तिवारी आदि तमाम खेल प्रेमी मौजूद रहे।

सोलर फर्टिलिटी क्लिनिक
30 वर्ष कार्यकाल
9000 से अधिक सफलता
महिला या पुरुष दोनों में संतानहीनता या सेक्स दुर्बलता की जांच व इलाज के लिए मिलें।
चिकित्सक

डॉ. वंदना संजीव
(MBBS, MD, MIAP)
Female Fertility and IUI Consultant
महिलाओं में हार्मोन्स विकार, अनियमित माहवारी, PCOS मोटापा, इन्फेक्शन बार बार होने वाले गर्भपात बंद नलियों या अंडों के न बनने जैसे संतानहीनता के समस्त कारणों की जांच व इलाज।
जरूरी मामलों में दर्द रहित कृत्रिम गर्भाधान (IUI)

डॉ संजीव कुमार
(MBBS, MD, MIAPM)
Male Fertility and Sperm Biotech Specialist & Male/Female Sex Specialist
पुरुषों में शुक्राणु संबंधी सभी कमियों, निल शुक्राणु आदि की जांच व इलाज।
पुरुषों महिलाओं में सेक्स समस्याओं की वैज्ञानिक जांच व इलाज।
निल शुक्राणु वाले लाइलाज मामलों में गर्भधारण हेतु शुक्राणु बैंक व कृत्रिम गर्भाधान की सुविधा।
सम्पर्क
प्रात: 11 से 2 बजे
सायं 6 से 7 बजे
रविवार बन्द
सोलर फर्टिलिटी एवं सेक्स क्लीनिक
साकेत कालोनी, 148-सिविल लाइन्स, समीप एक्सिस बैंक व चौकी चौराहा, बरेली।
मो.9927788842
0581-2510177

बवासीर भगन्दर
ऑपरेशन से बचें
दर्द रहित उपचार
डॉ. एस.के. गुप्ता
(गुप्त रोग चिकित्सक)
बवासीर भगन्दर रोग विशेषज्ञ
ऑपरेशन से बचें # दर्द रहित उपचार
सैक्स
रोगियों का यूनानी आयुर्वेदिक इलाज
बवासीर को अनदेखा करना घातक हो सकता है

● मस्से होना ● सूजन होना
● जलन होना ● उठाने-बैठने में तकलीफ होना
● खूनी बवासीर होना
धात, स्वप्नदोष, सुस्ती, कमजोरी, शीघ्र पतन होना, जोश में कमी, रूकावट, बवासीर, भगन्दर, ल्यूकोरिया, महावारी का न होना, शुक्राणुओं की कमी, नि:सन्तान रोगी (नशा छुड़वायें), सोराइसिस, नलों का बंद होना, कैंसर, शुगर, इन्द्री का लंबापन, मोटापन, 50 साल से ऊपर वाले मर्दों का सैक्स पावर खत्म होना, गुर्दे का क्रीटानीन, प्रोस्टेट, अल्सर, योनि का ढीलापन, पेशाब बार-बार आना, पेशाब में खून आना।
नशा छुड़ाए? नशे से कुछ ही दिनों में छुटकारा पायें।
नोट:- हर जगह से निराश रोगी एक बार अवश्य मिलें।
सुबह 10:30 से 2:30 तक, शाम 6:30 से 8:30 तक
रविवार 10:30 से 2:30 तक
डॉ. सी.पी. गुप्ता क्लीनिक
स्थापित 1960
माध्यमिक शिक्षा परिषद बोर्ड आफिस के सामने, चौपुला से कुतुबखाना रोड, बरेली।
मो. 9259082174

BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
Faculty of Paramedical Sciences
Approved by : Uttar Pradesh State Medical Faculty, Lucknow
Admission Open
Session 2025-26
Courses
■ BMLT/BMLS (Intake-80 Seats)
■ BRIT (Intake-80 Seats)
■ BPT (Intake-40 Seats)
■ B.Sc. Optometry (Intake-40 Seats)
■ BOTT (Intake-40 Seats)
■ M.Sc. Clinical Embryology (Intake-40 Seats)
■ MPT (Intake-20 Seats)
■ MMLS (Intake-20 Seats)
FACULTY OF FORENSIC SCIENCES
Courses
■ B.Sc. Forensic Sciences (Intake-40 Seats)
■ M.Sc. Forensic Sciences (Intake-20 Seats)
ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE AND HOSPITAL
Courses
■ Diploma in X-Ray (Intake-30 Seats)
■ Diploma in Lab Technician (Intake-30 Seats)
■ Diploma in Radiotherapy Technician (Intake-30 Seats)
Rohilkhand College of Paramedical Sciences
Courses
■ Diploma in Dialysis Technician (Intake-30 Seats)
■ Diploma in M.R.I. Technician (Intake-30 Seats)
■ Diploma in Emergency & Trauma Care Technician (Intake-30 Seats)
■ Certificate in Sanitation (Intake-30 Seats)
Contact Details
For Registration online : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell Administrative Block BIU +91-9105500202, 9105500404
E-mail I'd : facultyofparamedicalsciences@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com, rcpsbareilly@gmail.com
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit By pass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

## मांगें माने जाने के आश्वासन पर धरना स्थगित

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश रोडवेज कर्मचारी संघ की 8 जून रविवार से अपनी मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन की चेतावनी पर रीजनल मैनेजर द्वारा मांगों को पूरी किए जाने के आश्वासन पर संगठन ने धरना स्थगित कर दिया है।

उत्तर प्रदेश रोडवेज कर्मचारी संघ के अध्यक्ष कृष्ण कुमार पांडेय, शाखा उपाध्यक्ष जितेंद्र कुमार सिंह, मंत्री संजय शर्मा ने बताया कि संगठन ने मांगों को लेकर आठ जून रविवार से धरना प्रदर्शन का निर्णय लिया था, लेकिन रीजनल मैनेजर हरदोई द्वारा पदाधिकारियों की हुई वार्ता में उन्होंने मांगों को पूरी किए जाने का आश्वासन दिया है, जिससे संघ के पदाधिकारियों ने धरना प्रदर्शन स्थगित कर दिया।

अध्यक्ष कृष्ण कुमार पांडेय ने बताया कि शीघ्र ही उनकी मांगों पर निर्णय न लिया गया तो वह पुनः बैठक कर आगामी रणनीति तय करेंगे।

# लकड़ी हटाने के विवाद में मारपीट, युवक की मौत

## मैलानी क्षेत्र की पुलिस चौकी कुकरा के स्थानीय कस्ब की घटना, सात नामजद, पांच आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता, कुकरा

**अमृत विचार:** थाना मैलानी क्षेत्र की पुलिस चौकी कुकरा के स्थानीय कस्बा में घर के सामने में पड़ी लकड़ी हटाने के विवाद में हुई मारपीट में एक युवक गंभीर घायल हो गया, जिसकी इलाज के लिए लखनऊ ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई है। मृतक के भाई की तहरीर पर पुलिस ने सात लोगों के नामजद रिपोर्ट दर्ज हुई है। पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। कस्बे में तनाव की स्थिति देखते हुए पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।

नीमगांव थाना क्षेत्र के गांव चौधकपुर निवासी सत्यराम (25) पुत्र श्रीकिशन ससुराल में रह रहे अपने भाई शिशुपाल के यहां पारिवारिक कार्यक्रम में सात जून की शाम को आया था। बताया जाता है कि कुछ रिश्तेदार कार से भी आए। तभी गाड़ी निकालने में हो रही दिक्कत के कारण शिशुपाल ने अपने पड़ोसी रिश्तेदारों से लकड़ी हटा देने को कहा, लेकिन जब वह लकड़ी हटाने को तैयार नहीं हुये तो दोनों पक्षों में विवद हो गया। विवाद बढ़ने पर लाठी डंडों से हुई मारपीट में सत्यराम गंभीर घायल हो गया। उसकी हालत नाजुक होने पर आनन-फानन में परिवार वाले घायल सत्यराम को सीएचसी बांकेगंज ले गए, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद हालत में सुधार न होने पर चिकित्सकों ने ट्रामा सेंटर ओयल के लिए रेफर कर दिया।



मैलानी पुलिस की गिरफ्त में हत्यारोपी। ● अमृत विचार



गांव चौधकपुर में मृतक के रोते-बिलखते परिजन ● अमृत विचार

### सत्यराम की हत्या में पांच गिरफ्तार

कुकरा। मृतक सत्यराम की हत्या के मामले में उसके भाई शिशुपाल द्वारा दर्ज कराई गई रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने रामपाल उर्फ पालू, वेदप्रकाश, पवन कुमार, सरोज कुमार, सगीत कुमार निवासी कुकरा को गिरफ्तार कर लिया है। चौकी इंचार्ज अबलीश पंवार ने बताया कि नामजद दो आरोपी रामआश्रय, उत्तम कुमार को शीघ्र ही गिरफ्तार किया जाएगा।

ट्रॉमा सेंटर ओयल के डॉक्टर ने सत्यराम की हालत नाजुक देख तत्काल लखनऊ मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया, लिसकी लखनऊ पहुंचने से पहले रास्ते में ही मृत्यु हो गई। मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक सत्यराम के भाई शिशुपाल की तहरीर पर मैलानी पुलिस ने कुकरा के रामपाल उर्फ पालू, वेदप्रकाश, पवन कुमार, सरोज कुमार, संगीत कुमार और चौधकपुर के रामआश्रय, उत्तम कुमार के नामजद रिपोर्ट दर्ज कर ली है। मैलानी थानाध्यक्ष निराला तिवारी, चौकी प्रभारी कुकरा अबलीश कुमार पंवार ने घटनास्थल का निरीक्षण कर नक्शा नजरी की कार्रवाई की है। एसओ निराला तिवारी ने बताया कि दोनों पक्ष आपस में रिश्तेदार हैं फिर भी एतिहातन घर पर पुलिस तैनात कर दी गई है।

## किंग्स इलेवन पंजाब ने जीती टॉफी, खन्ना वॉरियर्स उपविजेता

संवाददाता, बिजुआ

- मुकाबले में एसआरएस टाइगर ने छोड़ा मैदान

**अमृत विचार:** पड़रिया तुला कस्बे में खेले जा रहे स्वर्गीय सोमादेवी नाईट क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल किंग्स इलेवन पंजाब ने जीतकर ट्रॉफी अपने नाम की। शनिवार को फाइनल मुकाबला एसआरएस टाइगर एवं किंग्स इलेवन पंजाब के बीच खेला गया। मगर, विवाद होने पर एसआरएस टाइगर की टीम बीच में मैदान छोड़ गई। ऐसे में फाइनल मुकाबला खन्ना वॉरियर्स टीम और किंग्स इलेवन पंजाब के बीच खेला गया।

शनिवार को खेले गए टूर्नामेंट के फाइनल मैच का शुभारंभ मुख्य अतिथि गोला विधायक अमन गिरि ने किया। एसआरएस टाइगर टीम के कप्तान स्पंदन शशिराज ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। बल्लेबाजी करने उतरी किंग्स इलेवन पंजाब के ओपनर तुषार वर्मा ने आतिशी पारी खेली। छह ओवर का मैच होने के बाद एक विकेट लिए जाने पर एसआरएस टाइगर एवं कमेटी के सदस्यों एवं अंपायरों के बीच विवाद हो गया। करीब एक घंटे तक विवाद के बाद एसआरएस टाइगर की टीम ने मैदान छोड़ दिया। ऐसे में इसकी जगह पर खन्ना वॉरियर्स और किंग्स इलेवन पंजाब के आठ आठ ओवर का मैच खेला गया।

किंग्स इलेवन पंजाब की टीम ने 22 रन से मैच जीतकर ट्रॉफी अपने नाम की। समिति सदस्यों ने विजेता टीम के मालिक कुलवंत सिंह को 21 हजार और उप विजेता टीम के मालिक श्याम खन्ना को 11 हजार रुपये नगद व ट्राफी देकर सम्मानित किया। मैन ऑफ द मैच किंग्स इलेवन पंजाब टीम के खिलाड़ी छोटू और लकी को मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार मिला। बिजुआ मंडल अध्यक्ष धीरेंद्र सिंह, दिनेश गुप्ता, विजय सिंह, सुशील पांडेय, आलोक मिश्रा मानिक, प्रदीप मिश्रा, सुशील गुप्ता, अमन बॉथम, अखिलेश राज आदि मौजूद रहे।

## हमलावरों ने घर से खींचकर युवक को पीटा, 7 पर रिपोर्ट

संवाददाता, बेलरायां

- सात लोगों के खिलाफ बलवा मारपीट की रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार:** कोतवाली तिकुनिया के गांव सहनखेड़ा में घर में घुसे हमलावरों ने एक युवक को पकड़ लिया और उसकी जमकर पिटाई कर दी। इससे उसके शरीर व गर्दन पर गंभीर चोटें आई हैं। पुलिस ने घायल की तहरीर पर सात लोगों के खिलाफ बलवा व मारपीट आदि धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है। घायल का मेडिकल परीक्षण कराया है।

गांव सहनखेड़ा निवासी मुसीर ने बताया कि घटना सुबह करीब आठ बजे की है। वह अपने घर पर बैठा हुआ था। तभी चली आ रही रंजिश के कारण गांव के ही ताज, मंगलू, अतहर, रबी, मेराज, कतील और मुजीब उसके घर में घुस आए। सभी के हाथों में लाठी-डंडे थे। हमलावरों ने उसकी पिटाई की और मारते-पीटते घर के बाहर खींचकर लाए, जहां भी उसे जमकर मारापीटा। शोर शराबा होने पर आसपास के लोग आ गए। इस पर हमलावर जान से मार देने की धमकी देते हुए भाग गए। हमलावरों की पिटाई से युवक घायल हो गया। घायल मुसीर ने आरोपियों के खिलाफ कोतवाली पुलिस को तहरीर दी, जिसके आधार पर पुलिस ने सभी सातों आरोपियों के खिलाफ बलवा, मारपीट आदि धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है।

## सिर पर डंडा मारकर युवक को किया लहूलुहान

**बंडा, अमृत विचार:** बाइक खरीद में धोखाधड़ी करने के बाद युवक द्वारा रुपये वापस मांगने पर आरोपी ने युवक के सिर पर डंडा से हमला कर दिया। खून से लथपथ पीड़ित थाने पहुंचा और कार्रवाई की मांग की।

पीलीभीत के थाना घुंघचिहाई के गांव गुलड़िया भूपसिंह निवासी विजय कुमार ने कुछ दिन पहले बंडा कस्बे के एक मोहल्ले के युवक से 47,500 रुपये में बाइक खरीदी थी, जिसमें युवक ने कहा था कि वह बाइक की बची हुई किस्ते समय पर फाइनेंस वालों को देता रहेगा लेकिन युवक ने ऐसा नहीं किया, जिस पर फाइनेंस वाले बाइक खींचकर अपने साथ लेकर चले गए। जिसके बाद से लगातार विजय बाइक विक्रेता से अपने रुपये वापस मांग रहा था। रुपये वापस न करने पर विजय ने शुक्रवार को बंडा थाने में तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ कार्यवाही की मांग की थी, जिस पर कोई भी कार्यवाही नहीं हुई। रविवार को जब विजय आरोपी की दुकान पर रुपये वापस मांगने पहुंचा, तो आरोपी उसे गालियां देने लगा। विरोध करने पर आरोपी ने विजय के सिर पर डंडा मार दिया। पीड़ित खून से लथपथ बंडा थाने पहुंचा और दोबारा तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने उसे मेडिकल के लिए बंडा के सरकारी अस्पताल में भेज दिया।

# बिजुआ चौकी इंचार्ज की लापरवाही से हुआ था बवाल

संवाददाता, बिजुआ

**अमृत विचार:** थाना भीरा के गांव मुड़िया हेमसिंह में बकरीद के एक दिन पहले इमाम को लेकर हुई मारपीट, पथराव और फायरिंग मामले में चौकी पुलिस की बड़ी लापरवाही सामने आई है। मौके पर पहुंची सीओ गोला ने लापरवाही मिलने पर चौकी इंचार्ज को कड़ी फटकार लगाई। सीओ के कड़े रुख से बैक फुट पर आई पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर एक-दूसरे पक्ष के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर दो लोगों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से एक बंदूक, एक राइफल व कारतूस भी बरामद किए हैं। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों का चालान भेजा है।

शनिवार की देर शाम गांव मुड़िया हेमसिंह में बकरीद की नमाज पढ़ाने के लिए इमाम मोहम्मद कयूम को लेकर चल रही पंचायत में भारी बवाल हो गया था। जिसमें आमने-सामने आए दोनों पक्षों में जमकर मारपीट, पथराव व कई राउंड फायरिंग हुई थी। घटना के बाद अगले दिन कड़ी सुरक्षा के बीच बकरीद का पर्व सकुशल निपटाया गया। सीओ गोला गवेंद्र सिंह ने गांव पहुंचकर दोनों पक्षों से घटना की जानकारी ली थी। लोगों ने उन्हें बताया कि 15 दिन पहले इमाम ने अपने साथ हुई अभद्रता की तहरीर बिजुआ चौकी इंचार्ज बृजेश सिंह को दी थी, लेकिन बिजुआ चौकी पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। सीओ गवेंद्र सिंह ने चौकी इंचार्ज ये कार्रवाई नहीं करने का कारण पूछा तो वह ग्राम प्रधान पर आपसी समझौते का आश्वासन देने की बात कहकर अपना पल्ला झाड़ने लगे। इस पर सीओ ने उन्हें खूब खरीखोटी सुनाई। सीओ की फटकार के बाद हरकत में आई पुलिस ने एक पक्ष के मुनौवर हुसैन और दूसरे पक्ष के रहीफुल की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर रहीफुल और अब्बुल हसन को गिरफ्तार किया है।



बवाल में गिरफ्तार आरोपी।

- 15 दिन पहले दी गई तहरीर पर चौकी पुलिस ने नहीं की थी कोई कार्वाई
- सीओ ने घटनास्थल का निरीक्षण कर चौकी इंचार्ज को लगाई कड़ी फटकार

### दोनों पक्षों के 21 नामजद, कई के खिलाफ रिपोर्ट

थाना भीरा पुलिस ने मुनौवर हुसैन की तहरीर पर रहीफुल, जमाल, कमाल, अब्बुल, गुड्डू उर्फ जुल्फिकार, महताब, मेराज, मटरू उर्फ सालिम, हासिम, नसीम, नाजिम पुत्र यासीन, जीशान, छोटू व अन्य अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। उन्होंने कहा है कि पंचायत मेम मौलाना के नमाज पढ़ाने की बात पर आरोपी भड़क गए और गाली गलौज करते हुए जान से मारने की नीयत से तमंचे, लाइसेंसी राइफल, लाइसेंसी रिवाल्वर और धारदार हथियारों से हमला कर दिया। रहीफुल अंसारी ने लाइसेंसी रिवाल्वर, जमाल अंसारी ने अपने भाई अब्बुल हसन की राइफल से ताबड़तोड़ फायरिंग की। नवेद आलम ने भी लाइसेंसी राइफल से हवाई फायरिंग की। ईंट पत्थर से भी घर पर हमला किया। उधर दूसरे पक्ष के रहीफुल ने मुनौवर, मुजफ्फर, असरफ अली. रकीद, मोहम्मद शाद, सनव्वर, शुएब, नसीम व कुछ अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। उन्होंने कहा कि है मस्जिद में इमाम रखने को लेकर बैठक चल रही थी। जिसमें आरोपियों ने उनकी बात पर असहमित जताते हुए मारपीट शुरू कर दी और ईट पत्थर चलाने लगे।

### यह था मामला

मुड़िया हेमसिंह गांव की मस्जिद में मोहम्मद कयूम आठ साल से इमाम थे। वह गांव में ही घर बनाकर रह रहे थे। बताया जाता है कि 15 दिन पहले इमाम से गांव के ही एक युवक ने अभद्रता व गाली गलौज की थी। इसको लेकर मस्जिद के सदर अब्बुल हसन ने बिजुआ पुलिस को एक शिकायती प्रार्थना पत्र दिया था और आरोपी युवक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी। साथ ही अपने साथ हुई अभद्रता से नाराज होकर इमाम मोहम्मद कयूम ने मस्जिद से इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद से गांव के लोगों में आरोपी के खिलाफ आक्रोश फैल गया था। इस घटना के बाद से इमाम को लेकर दो पक्ष आमने-सामने आ गए थे। एक पक्ष नए इमाम की तैनाती की मांग कर रहा था तो दूसरा पक्ष मोहम्मद कयूम को ही इमाम बनाए रखने पर अड़ा था। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच चल रही पंचायत में बवाल हो गया था।

## गोद भराई के एक दिन पहले युवती प्रेमी संग हुई फरार

**खुटार, अमृत विचार:** क्षेत्र के एक गांव की युवती पड़ोस के एक गांव में बने स्कूल में शिक्षक थी। उसी स्कूल में क्षेत्र के एक दूसरे गांव का युवक भी शिक्षक था। दोनों में काफी समय से प्रेम प्रसंग चल रहा था। युवती के परिजनों ने उसकी शादी जनपद खीरी के मोहम्मदी थाना क्षेत्र में तय कर दी थी, जिसकी गोद भराई शनिवार को होनी थी कि युवती ने शुक्रवार को ही प्रेमी टीचर को अपने गांव बुला लिया और घर से चुपके से उसके साथ फरार हो गई।

पता चला कि पड़ोस के ही गांव में रहने वाला शिक्षक ही युवती को लेकर गया है। इस पर युवती के परिजन उक्त टीचर के घर पहुंचे और दोनों के परिजनों में बैठकर पूरे दिन पंचायत चलती रही। युवती के परिजनों ने युवती को काफी समझाने का प्रयास किया, लेकिन युवती अपने परिजनों के साथ घर जाने को राजी नहीं हुई और प्रेमी के साथ ही शादी करने की जिद पर अड़ी रही। जिस पर युवती के परिजन युवती को उसके प्रेमी के घर ही छोड़कर वापस घर चले गए। उधर प्रेम प्रसंग के चलते गांव व क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं होती रही।

आवश्यकता है
- लैब टेक्निशियन (BMLT/DMLT)
- O.T. टेक्नीशियन
- पंचकर्म थेरेपिस्ट/असिस्टेंट (Male/Female)
- नर्स (Male/Female) (ANM/GNM)
- आयुर्वेद परिचारिका
- मैट्रन (नर्सिंग का अनुभव)
- वार्ड ब्यॉय/वार्ड आया
- कैंटीन कुक

रोहिलखण्ड आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
सेक्टर-7, रामगंगा नगर योजना, डोहरा रोड, बरेली।
मो. 8077808309, 9837357497

Admission Open
Session 2025-26
BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
BIU COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
- D. Pharma (2 Years)
- M. Pharma (Pharmaceutics) (2 Years)
- B. Pharma (4 Years)
- M. Pharma (Pharmacology) (2 Years)
- M. Pharma (Pharmaceutical Chemistry) (2 Years)
- M. Pharma ( Pharmacognosy) (2 Years)

ROHILKHAND COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
- D. Pharma (2 Years)
- B. Pharma (4 Years)

Rohilkhand Medical College & Hospital Campus, Pilibhit Bypass Road, Bareilly (Uttar Pradesh)

KESHLATA COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
- D. Pharma (2 Years)

Mob : 9457672942
Keshlata Hospital Campus, Delapeer Road, Bareilly (Uttar Pradesh)

BIU College of Management
- M.H.A. (2 Years)
- M.P.H. (2 Years)

Contact Details
For Registration online : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell Administrative Block BIU +91-9105500202, 9105500404
biucollegeofpharmacy@gmail.com, rohilkhandcollegeofpharmacy@gmail.com
biucollegeofmanagement@gmail.com, keshlatacollegeofpharmacy@gmail.com
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit By pass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

## बकरीद पर मंदिर पर किया हमला और तोड़फोड़

संवाददाता, धौरहरा

**अमृत विचार:** शनिवार को बकरीद के त्योहार के दौरान मंदिर के निकट पेशाब करने से मना करने पर दूसरे समुदाय के दो युवक भड़क गए। उन्होंने अपने तमाम लोगों के साथ मिलकर पहले पान दुकानदार और परिवार वालों की पिटाई की। फिर मंदिर पर पथराव कर दिया। इससे मंदिर में लगी जाली आदि टूट गई। मारपीट में एक पक्ष के कुछ लोग चोटिल हुए हैं, जिनका पुलिस ने मेडिकल परीक्षण कराया है।

हरदी चौराहे के पास देवी मंदिर है। बताते हैं कि शनिवार को गांव के ही दो युवक स्कूटी से पहुंचे और स्कूटी खड़ी कर पेशाब करने लगे। तभी पान विक्रेता रामगोपाल की नजर उन पर पड़ी। उन्होंने मंदिर के पास पेशाब करने से मना कर दिया। इससे दोनों युवक भड़क गए और गाली गलौज करते मौके से चले गए। कुछ देर बाद दोनों युवक तमाम लोगों के साथ मौके पर पहुंच गए और रामगोपाल और उसके परिवार के लोगों की पिटाई कर दी। मंदिर पर भी ईंटों से हमला किया। इससे मंदिर की जाली आदि टूट गई है। घायल रामगोपाल ने साबिर, जाहिद, सोनू, मुख्तियार, सीबू आदि के खिलाफ नामजद तहरीर दी है। प्रभारी निरीक्षक सुरेश कुमार मिश्रा ने बताया कि घायलों का मेडिकल कराया गया है। तहरीर मिली है, जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## दहेज हत्या मामले में सास गिरफ्तार

**मझगई, अमृत विचार:** थाना मझगईं पुलिस ने गांव लोधपुरवा मझरा खैरहना निवासी कुरैशा बानों की मौत के मामले में रविवार को उसकी सास को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने गिरफ्तार महिला का चालान भेजा है।

प्रभारी निरीक्षक राजू राव ने बताया कि गांव लोधपुरवा मझरा खैरहना निवासी कबीर अहमद की पत्नी कुरैशा बानों की (24) की अप्रैल 2025 में संदिग्ध हालत में मौत हो गई थी। थाना शारदानगर के गांव बेहननपुरवा निवासी मृतका के भाई इरफान ने दहेज की मांग पूरी न होने पर बहन की जहर देकर हत्या करने का आरोप लगाया था। पुलिस ने भाई की तहरीर पर पति कबीर अहमद, ससुर तहनूर, सास साकिनी और ननद रेशमा के खिलाफ दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज की थी। घटना के बाद से ही आरोपी सास फरार चल रही थी।

## 315 बोर की अद्धी के साथ आरोपी गिरफ्तार, चालान

संवाददाता, बेलरायां

**अमृत विचार:** थाना सिंगाही पुलिस ने वीडियो वायरल होने के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर उसकी निशानदेही पर चरी के खेत में छिपाकर रखी गई 315 बोर की अद्धी बरामद की है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी का चालान भेजा है।

एसओ अजीत कुमार ने बताया कि सोशल मीडिया पर एक युवक का तमंचा के साथ वीडियो वायरल हुआ था, जिसकी जांच एसआई कृष्ण चंद तिवारी को सौंपी गई थी। एसआई ने पहचान कराने के बाद बंजरिया फार्म मजरा निबौरिया निवासी काका सिंह उर्फ फत्ते सिंह को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर चरी के खेत में छुपाकर रखी गई 315 बोर की अद्धी बरामद कर कब्जे में ली है।



बोर की अद्धी के साथ गिरफ्तार आरोपी।

# स्कूलों में गणित-विज्ञान क्लब का होगा गठन

संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** राजकीय माध्यमिक स्कूलों में नवाचार को बढ़ावा देने के लिए विज्ञान और गणित क्लब का गठन होगा। इसके तहत शिक्षक छात्रों में गणित और विज्ञान के प्रति रुचि बढ़ाने का काम करेंगे। इसके लिए स्कूलों को बजट भी जारी होगा।

जिले में कुल 59 राजकीय विद्यालय हैं। इनमें करीब दस हजार की संख्या में छात्र छात्राएं पढ़ाई करते हैं। इन छात्रों में गणित और विज्ञान विषय के प्रति रुचि बढ़ाने के लिए गणित एवं विज्ञान क्लब का गठित होगें। इनमें उन छात्रों को शामिल किया जाएगा, जो गणित एवं विज्ञान विषय में होनहार होगें। क्लब गठन का उद्देश्य बच्चों में तार्किक दृष्टिकोण, समस्या समाधान से लेकर गणित के सिद्धांतों को रोचक ढंग से सीखने का अवसर मुहैया कराना है। समग्र शिक्षा के जिला समन्वयक विजय कुमार ने बताया कि विद्यालयों में गठित होने वाले क्लब के संरक्षक प्रधानाचार्य होंगे और मार्गदर्शक संबंधित विषय के शिक्षक। 11वीं में क्लब का अध्यक्ष उस छात्र को बनाया जाएगा, जिसने हाईस्कूल में विज्ञान और गणित में सर्वाधिक अंक प्राप्त किए होगें। जबकि, सचिव कक्षा 10 का वह छात्र रहेगा, जिसने कक्षा नौ में विज्ञान व गणित में सर्वाधिक अंक हासिल किए होंगे। जबकि आठवीं में इन विषयों में अधिक अंक पाने वाले विद्यार्थियों को सहायक सचिव बनाया जाएगा, जबकि सदस्य कक्षा 10 और 11 के छात्र होंगे।



डीआईओएस कार्यालय लखीमपुर ● अमृत विचार

- सर्वाधिक अंक लाने वाले छात्र बनेंगे अध्यक्ष व सचिव

> गणित और विज्ञान क्लब के गठन का उद्देश्य छात्रों में इन विषयों के प्रति लगाव उत्पन्न करना है, जिससे वे इन विषयों पर अपनी पकड़ मजबूत कर बेहतर प्रदर्शन कर सकें। इसके लिए स्कूलों को दिशा-निर्देश जारी किए जा चुके हैं।
> -डॉ. महेंद्र प्रताप सिंह, डीआईओएस

## मां को भगा ले जाने की बेटे ने दर्ज कराई रिपोर्ट

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार:** कहते हैं कि इश्क में उम्र कोई मायने नहीं रखती है। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी बेटे ने अपनी मां को बहला फुसलाकर भगा ले जाने की नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव निवासी बेटे ने पुलिस में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि उसकी 39 वर्षीय मां 5 जून को घर से बिना बताए कहीं चली गई हैं। उसने सभी रिश्तेदारी में पता किया लेकिन उसका पता नहीं चला। खोजबीन के दौरान पता चलने पर उसने मैलानी थाना क्षेत्र के गांव सुखचैनापुर निवासी नेतराम के नामजद अपनी मां को बहला फुसलाकर भगा ले जाने की रिपोर्ट दर्ज करा दी है। पुलिस छानबीन में जुट गई है।

मूर्खा : यत्र न पूज्यन्ते धान्यं यत्र सुसंचितम् ।
दाम्पत्यो : कलहो नास्ति तत्र श्री स्वयमागता ॥

जहां मूर्खों का सम्मान नहीं होता, अन्न का भण्डार भरा रहता है और पति-पत्नी में कलह नहीं हो, वहां लक्ष्मी स्वयं आती है ।

## संपादकीय

# बढ़ता वैश्विक प्रभाव

जी-7 शिखर सम्मेलन के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को न्योता मिलना भारत की कूटनीतिक ताकत की पुष्टि करता है। प्रधानमंत्री मोदी कनाडा में 15 जून से होने वाले जी-7 सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। वे 2019 से लगातार इस सम्मेलन में भाग ले रहे हैं। कुछ दिन पहले भारत को इस सम्मेलन का न्यौता न मिलने पर विपक्षी दल ने इसे मुद्दा बनाया था। महत्वपूर्ण है कि कनाडा जानता है कि भारत को नजरअंदाज करना संभव नहीं है। यही वजह है कि प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने आर्थिक और वैश्विक कारणों का हवाला देते हुए भारत को सम्मेलन के लिए आमंत्रित किया। पहलगाम आतंकी हमले और उसके बाद हुए ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान के साथ जो माहौल बना है, उस वजह से इस बार का जी-7 शिखर सम्मेलन भारत के लिए और भी महत्वपूर्ण हो गया है। ग्लोबल साउथ में एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में भारत की आवाज सुनी जाती है। जी-7 विश्व की सर्वाधिक विकसित तथा उन्नत अर्थव्यवस्थाओं वाले देशों का समूह है, इस समूह में फ्रांस, जर्मनी, इटली, यूनाइटेड किंगडम, जापान, संयुक्त राज्य अमेरिका एवं कनाडा शामिल हैं। भारत इसका सदस्य नहीं है, लेकिन इस सम्मेलन में बतौर अतिथि देश आमंत्रित किया गया है। आमतौर पर जिस देश के पास जी-7 की अध्यक्षता होती है, वही किसी बाहरी देश को न्योता देता है। जी-7 सम्मेलन हर साल वैश्विक स्थिरता, आर्थिक विकास, जलवायु परिवर्तन, डिजिटल ट्रांजिशन और वैश्विक सुरक्षा जैसे अहम मुद्दों पर चर्चा के लिए होता है। समूह की सिफारिशें वैश्विक नीतियों को प्रभावित करती हैं। गौरतलब है कि कुछ समय पहले कनाडा के पूर्व प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के समय में खालिस्तानी आंदोलन को मिल रहे सरकारी संरक्षण से दोनों देशों के संबंधों में कटुता आ गई थी। परंतु तनावों के बावजूद, भारत और कनाडा के बीच मजबूत आर्थिक और आम लोगों के संबंध बने रहे हैं। कनाडा में लगभग 18 लाख भारतीय मूल के लोग और 10 लाख अप्रवासी भारतीय रहते हैं। यह कनाडा की आबादी का तीन प्रतिशत से अधिक है। लगभग 4,27,000 भारतीय छात्र वर्तमान में कनाडा के संस्थानों में पढ़ रहे हैं। साफ है कि भारत के वैश्विक स्तर पर बढ़ते प्रभाव की वजह से कनाडा की नई सरकार एक बार फिर नई शुरुआत करना चाहती है। भारत की सक्रिय कूटनीति और कनाडा की रणनीतिक दूरदर्शिता के बीच तालमेल एक सुरक्षित और निष्पक्ष वैश्विक व्यवस्था को आकार देने के लिए सामूहिक प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। स्पष्ट है कि भारत और कनाडा के संबंधों से एक अधिक समावेशी और लचीले अंतर्राष्ट्रीय ढांचे में योगदान मिलेगा।

# टीका निर्माण प्रक्रिया और प्रभाव बढ़ाने का विज्ञान



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

सन 2023 में विश्व में सभी टीकों की सात अरब खुराक खरीदी गईं थीं। कोविड महामारी पर काबू पा लेने के बाद कोविड-19 टीकों की कम खरीद के कारण इसमें उल्लेखनीय कमी हुई है। दुनिया में टीकों की बिक्री की आधी मात्रा सिर्फ मौखिक पोलियो (ओपीवी), कोविड-19 और मौसमी इन्फ्लूएंजा के लिए ही बनी रहती है।

वर्ष 2024 में टीकाकरण पर विस्तारित कार्यक्रम की 50 वीं वर्षगांठ मनाई गई। इन 50 वर्षों में 15 करोड़ से अधिक लोगों की जान सिर्फ टीके लगाए जाने की वजह से बचाई गई है। वैश्विक स्तर पर शिशु मृत्यु में 40 प्रतिशत कमी टीकाकरण के कारण हुई है। कुछ क्षेत्रों में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। इसके बावजूद चिंता की बात है कि बचपन के टीकाकरण कवरेज का स्तर कई वर्षों से रुका हुआ है, जिससे अनेक बच्चे साल दर साल असुरक्षित रह जाते हैं। वैक्सीन बाजारों को समझना टीकों तक पहुंच बढ़ाने और टीकाकरण कवरेज को बेहतर बनाने के लिए एक महत्वपूर्ण जानकारी स्रोत है। वर्ष 2024 में 207 देशों में 88 वैक्सीन उत्पाद बेचे गए जिन्हें विश्व में 116 टीका निर्माताओं से खरीदा गया था।

सन 2023 में विश्व में सभी टीकों की सात अरब खुराक खरीदी गईं थीं। कोविड महामारी पर काबू पा लेने के बाद कोविड-19 टीकों की कम खरीद के कारण इसमें उल्लेखनीय कमी हुई है। दुनिया में टीकों की बिक्री की आधी मात्रा सिर्फ मौखिक पोलियो (ओपीवी), कोविड-19 और मौसमी इन्फ्लूएंजा के लिए ही बनी रहती है। कार्यक्रम विस्तार और किसी बीमारी के प्रकोप में वृद्धि के कारण क्रमशः एचपीवी और चेचक/मंकीपॉक्स वैक्सीन में बड़ी मात्रा में वृद्धि हुई थी। वैश्विक वैक्सीन बाजार की खरीद की मात्रा में औसत वृद्धि दर तीन प्रतिशत थी जोकि मुख्य रूप से कोविड-19 टीकों के लिए थी। सन 2023 तक दुनिया में 20 बिलियन अमरीकी डॉलर के बराबर मूल्य की तो कोविड वैक्सीन की ही बिक्री हुई थी। वैक्सीन प्रोडक्शन में भारत एक सुपरपावर है। अंदाजा लगाएं कि भारत ने ही कोविड-19 की करीब तीन अरब खुराक की आपूर्ति दुनिया के 100 देशों को की थी। यह वैश्विक वैक्सीन निर्माण में विश्व में भारत की योगदान तकरीबन 60 प्रतिशत है। ऐसा तब है जबकि भारत खुद कोविड-19 महामारी से जूझ रहा था और कोरोना विषाणु के नए उपभेद और विभेद अर्थात स्ट्रेंस और वेरिएन्ट्स उभर रहे थे जिनके लिए नई और असरदार वैक्सीन्स को विकसित करने और इन्हें बनाकर सिस्टम में डालने की जरूरत तेज़ी से उभर रही थी। भारत के वैज्ञानिकों और तकनीशियनों दक्षता पूर्वक यह कर दिखाया क्योंकि देश में फार्मास्यूटिकल रिसर्च, क्लिनिकल फार्माकोलॉजी और मैन्युफैक्चरिंग का मजबूत आधार मौजूद है।

वायरल और बैक्टीरियल बीमारियों से बचने के लिए हम टीके लगवाते हैं। लेकिन टीकों के विकास के इतिहास और टेक्नोलॉजी के बारे में जानने की दिलचस्पी भी रखनी चाहिए। टीकों के विकास की एक टाइमलाइन बनाई गई हैजो सिर्फ आधुनिक समय की कहानी बताती है। वैसे, खोजकर्ताओं ने टीकों-सदृश प्रयासों के बारे में भी खोजबीन एनशियेंट लिटरेचर से खोज ली है और बताया है कि चीन और भारत ने करीब-करीब एक साथ 1000 वर्ष पहले टीके (इनोक्युलेशन) का विकास किया था।

वायरल और बैक्टीरियल बीमारियों से बचने के लिए हम टीके लगवाते हैं। लेकिन टीकों के विकास के इतिहास और टेक्नोलॉजी के बारे में जानने की दिलचस्पी भी रखनी चाहिए। टीकों के विकास की एक टाइमलाइन बनाई गई हैजो सिर्फ आधुनिक समय की कहानी बताती है। वैसे, खोजकर्ताओं ने टीकों-सदृश प्रयासों के बारे में भी खोजबीन एनशियेंट लिटरेचर से खोज ली है और बताया है कि चीन और भारत ने करीब-करीब एक साथ 1000 वर्ष पहले टीके (इनोक्युलेशन) का विकास किया था। चीन में इस कहानी को ढूंढा जोसफ नीडहैम ने जिसने चीन के विज्ञान और टेक्नोलॉजी का इतिहास लिखा है। भारत में इसकी खोज के बारे में तब मालूम हुआ जब एक पुराना दस्तावेज़ भारत में इंडियन मेडिकल सर्विस में काम करने वाले एक ब्रिटिश फिजिशियन के हाथ लगा था।

एडवर्ड जेने और लुई पास्चर ने सबसे पहले टीका विकसित करने की टेक्नोलॉजी बनाई थी। अब तो ऐसे बहुत लोग हैं जिन्होंनें अनेक विधियों से टीकों का विकास किया जिससे बड़े पैमाने पर इनका निर्माण किया जा सके। जेने द्वारा चेचक के विरुद्ध विकसित की गई टीका-टेक्नोलॉजी से लेकर कोविड के सब-यूनिट टीकों के विकास तक यह कहानी लंबी है। टीकों को कई रूपों में निर्मित किया जा सकता है, जिसमें निष्क्रिय (मारे गए), टॉक्सोइड, जीवित क्षीणित, वायरस जैसे कण, सिंथेटिक पेप्टाइड, पॉलीसैकेराइड, पॉलीसैकेराइड संयुग्म (ग्लाइकोकोनजुगेट), वायरल वेक्टरेड (वेक्टर-आधारित), न्यूक्लिक एसिड (डीएनए और एमआरएनए) और बैक्टीरियल वेक्टर/सिंथेटिक एंटीजन प्रेजेंटिंग सेल शामिल हैं। टीकों के निर्माण में कई प्रक्रियाओं का उपयोग किया जाता है और चिकित्सा/बायोमेडिकल इंजीनियरिंग, जीव विज्ञान, प्रतिरक्षा विज्ञान और वैक्सीनोलॉजी में हाल के विकासों ने अभिनव न्यूक्लिक एसिड वैक्सीन का उदय किया है जोकि पारंपरिक और सबयूनिट वैक्सीन में जोड़ी गई एक नई श्रेणी है।

टीके जैविक रचनाएं हैं जिनका उद्देश्य संक्रमण या बीमारी के विरुद्ध प्रतिरक्षा प्रणाली को उत्तेजित करना और तैयार करना है। वे रोगजनकों को पहचानने, प्रतिक्रिया करने और याद रखने के लिए अत्यधिक विकसित स्तनधारी प्रतिरक्षा प्रणाली की क्षमता का उपयोग करते हैं। टीकों का प्राथमिक घटक एंटीजन होते हैं जो रुचि के रोगजनक या जैव-निर्मित से प्राप्त होते हैं। अतिरिक्त घटकों में परिरक्षक, स्टेबलाइज़र, एक्सीपिएंट और निर्माण के दौरान मिलाये उत्पाद हो सकते हैं। शिशु, बुजुर्ग और प्रतिरक्षाविहीन व्यक्ति में प्रतिरक्षाजनन अथवा प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया को प्रेरित करने की क्षमता और प्रभावकारिता में सुधार करने और/या एंटीजन खुराक को कम करने जिससे वैक्सीन की सप्लाई में वृद्धि की अनुमति देने के लिए सहायक पदार्थ के तौर पर मिलाए जाते हैं।

टीका निर्माण के दौरान कम से कम छः और बातों का ध्यान रखा जाता है। इन्हें हम वैक्सीन कॉम्पोनेन्ट कह सकते हैं। ये हैंः एक्टिव इंग्रेडियेंट्स जोकि वायरल या बैक्टीरियल एंटीजन होती हैं। इनका काम इम्यून सिस्टम को उत्प्रेरित तो करती हैं लेकिन बीमारी पैदा नहीं करते। दूसरा है एड्जुवेंट जो वैक्सीन के प्रति इम्यून सिस्टम को बूस्ट करता है। तीसरा है एंटीबायोटिक्स जो वैक्सीन निर्माण के समय प्रदूषण नहीं होने देता।

चौथा है स्टेबलाइजर जो टीका बन जाने के बाद इसके रख-रखाव से संबंधित है और स्टोरेज के दौरान टीके के असर को खराब नहीं होने देता, पांचवां है प्रीज़र्वेटिव जो स्टोरेज की अवधि के दौरान टीके में फफूंद और संदूषित करने वाले जीवाणुओं को पनपने नहीं देता और अंतिम हैं ट्रेस कंपाउंड्स जोकि भण्डारण की अवधि ख़त्म हो जाने के बाद उत्पन्न होते हैं जैसे कि फॉर्मलडीहाइड और सैल-कल्चर के रूप में एक अवशेष हैं। कोशिश है कि विषाणु और जीवाणु जनित संक्रमणों से प्रतिरक्षा के लिए ज्यादातर टीकों का इस्तेमाल हो ताकि व्यक्ति के शरीर में दीर्घावधि असर के लिए बीमार होने पर लिए जाने वाली शार्ट-टर्म या अल्पावधि की दवाओं की इस्तेमाल कम हो जाए। टीकों के निर्माण के लिए मैन्युफैक्चरिंग प्लांट लगाने और इनके लिए आवश्यक सामग्री जुटाने हेतु टेक्निकल दक्षता के अलावा अरबों रुपये के निवेश की जरूरत होती है।

## प्रसंगवश

# गंभीरता से लागू करें प्लास्टिक पर प्रतिबंध

प्लास्टिक हमारी धरती के पर्यावरण, पारिस्थितिकी तंत्र, जीव-जंतुओं, मनुष्यों सभी के लिए एक बहुत बड़ा खतरा बनकर उभर रहा है। इंसान हो या पर्यावरण, समुद्री जीव हों या वनस्पतियां सभी की सेहत को प्लास्टिक ने बिगाड़ कर रख दिया है। आज स्थिति यह है कि आज प्लास्टिक ने हमारी नदियों, हमारे विभिन्न जल स्रोतों, समुद्र,थल व वायु सभी जगहों पर अपनी गहरी पैठ बना ली है। शहरों में तो कचरे के जो बड़े बड़े ढ़ेर नजर आते हैं, उसमें सबसे ज्यादा कचरा प्लास्टिक का ही होता है।

आंकड़े बताते हैं कि 1950 में दुनिया सिर्फ 20 लाख टन प्लास्टिक का उत्पादन करती थी और अब प्लास्टिक का उत्पादन बढ़ कर 45 करोड़ टन से अधिक हो गया है। स्टेट ऑफ इंडियाज एनवायरमेंट इन फिगर्स 2025 के मुताबिक, भारत में प्रतिबंध के बावजूद 2022-23 में प्लास्टिक का कचरा रिकॉर्ड 41.4 लाख टन तक पहुंच गया। यह बहुत ही गंभीर और संवेदनशील है कि भारत में हर साल 34 लाख टन से अधिक प्लास्टिक कचरा निकलता है, जिसमें से अधिकतर बैग, रैपर और पैकेजिंग जैसी एक बार उपयोग होने वाले वस्तुओं से आता है। कचरे के प्रबंधन के लिए प्रतिबंधों और नियमों के बावजूद, प्लास्टिक हमारे बाजारों, नालियों और महासागरों में भरा पड़ा है। पर्यावरण दिवस की थीम इस बार 'प्लास्टिक प्रदूषण को हराना' रखी गई, लेकिन आज चाय के कप से लेकर पानी की बोतल तक, घर हो या आफिस हर जगह प्लास्टिक बिखरा पड़ा है। यहां तक कि जीवन का कोई भी पहलू आज प्लास्टिक से अछूता नहीं रहा है। आज हर जगह प्लास्टिक की बेतहाशा मौजूदगी है।



सुनील कुमार महला
स्तंभकार

सच यह है भी है कि आज अधिकांश निराश्रित गायों की मृत्यु का कारण प्लास्टिक का सेवन ही है। आज पानी, मिट्टी और हवा में माइक्रो प्लास्टिक की मौजूदगी हो चुकी है। आईयूसीएन के अनुसार, हर साल कम-से-कम 8 मिलियन टन प्लास्टिक महासागरों में जाता है और यह सतही जल से लेकर गहरे समुद्र में तलछट तक सभी समुद्री मलबे का लगभग 80 प्रतिशत हिस्सा है। सच तो यह है कि माइक्रोप्लास्टिक आज एक बहुत बड़ी समस्या है, क्योंकि वे व्यापक रूप से पाए जाते हैं और पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य पर हानिकारक प्रभाव डालते हैं। वास्तव में माइक्रो प्लास्टिक तो आज एक अदृश्य खतरा है।

माइक्रोप्लास्टिक प्रदूषण के प्रभाव सिर्फ़ पर्यावरण तक ही सीमित नहीं हैं। जैसे ही माइक्रोप्लास्टिक पानी में पहुंचता है, उसे मछली, मसल्स और दूसरे जानवर खा लेते हैं और गलती से उसे खाना समझ लेते हैं। ये जानवर हमारी प्लेटों में पहुंच जाते हैं और प्लास्टिक के कणों को मानव खाद्य श्रृंखला में ले आते हैं। एक चिंताजनक अध्ययन से पता चला है कि लोग प्रति सप्ताह पांच ग्राम तक माइक्रोप्लास्टिक निगल लेते हैं, जो एक क्रेडिट कार्ड के बराबर वजन है।

वास्तव में माइक्रो प्लास्टिक प्रदूषण को रोकने के लिए हमें व्यक्तिगत पहल करनी होगी। मसलन, शून्य-अपशिष्ट, डिस्पोज़ेबल और खुद के बर्तनों का उपयोग करना, बोतलबंद पानी तथा प्लास्टिक पैकेजिंग का उपयोग न करना आदि कुछ ऐसे कदम हैं जिन्हें प्रत्येक नागरिक माइक्रोप्लास्टिक प्रदूषण को रोकने के लिए उठा सकता है। हालांकि, इसके गंभीर खतरों को देखते हुए हमें अपने जीवन में कुछ बदलाव करने की जरूरत है। मसलन, हम प्लास्टिक का कम से कम उपयोग या शून्य उपयोग करें। बहरहाल, यह विडंबना ही कही जा सकती है कि आज हमें प्लास्टिक पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने में सफलता नहीं मिल पा रही हैं। वास्तव में देखा जाए तो इसके पीछे कई चुनौतियां हैं। प्लास्टिक का व्यापक उपयोग, सस्ते विकल्पों का अभाव आदि इस दिशा में गंभीर बाधाएं बने हुए हैं। प्लास्टिक कचरे के प्रबंधन और रीसाइक्लिंग(पुनर्चक्रण) की व्यवस्था भी सरकार के सामने एक बड़ी व गंभीर चुनौती है। प्लास्टिक प्रदूषण रोकने के लिए, सबसे पहले प्लास्टिक के उपयोग को कम या बंद करना होगा। हमें यह चाहिए कि हमप्लास्टिक के रैप के बजाय पुनः प्रयोज्य सामग्री का उपयोग करें। प्लास्टिक के कंटेनर के बजाय धातु या कांच के कंटेनर का उपयोग किया जा सकता है, और प्लास्टिक की पानी की बोतलें और थैली के बजाय पुनः उपयोग योग्य बोतलों और बैग आदि का उपयोग किया जा सकता है। हमें चाहिए कि हम पुनर्चक्रण में योगदान करें।

# शिक्षा, जनसंख्या एवं जाति



पारसनाथ राय
वरिष्ठ अधिवक्ता

आखिरी बार 1931 में जाति जनगणना हुई थी। तब आज के पाकिस्तान और बांग्लादेश भी भारत का हिस्सा हुआ करते थे।

जाति जनगणना को लेकरसियासत गर्म है। 1931 की जनगणना एक बहुत ही महत्वपूर्ण दस्तावेज है और अध्ययन के योग्य है, क्योंकि यह आखिरी बार था जब किसी जनगणना में जाति और समुदाय के चश्मे से भारत की जांच की गई थी- जो आयाम 1951 के बाद की जनगणना रिपोर्टों में वर्जित रहे हैं।

जातिवार बात की जाए तो पूरे ब्रिटिश इंडिया में सबसे अधिक आबादी ब्राह्मणों की थी, जो डेढ़ करोड़ से ज्यादा थे। इसके बाद दूसरा स्थान जाटव समुदाय का था, जो संख्या में 1 करोड़ 23 लाख से थोड़े ज्यादा थे। वहीं तीसरे स्थान पर राजपूत थे, जिनकी आबादी 81 लाख थी। तीसरे स्थान पर महाराष्ट्र की कुनबी जाति थी, जिन्हें आज ओबीसी कैटिगरी में रखा गया है। उनकी आबादी 64 लाख 34 हजार थी। वहीं यादव (अहीर) समाज के लोगों की संख्या 56 लाख 82 हजार थी। इसके बाद स्थान तेली बिरादरी का था, जिनकी आबादी 42 लाख 58 हजार पाई गई थी। वहीं ग्वाला की आबादी 40 लाख से ज्यादा थी। आखिरी बार 1931 में जाति जनगणना हुई थी। तब आज के पाकिस्तान और बांग्लादेश भी भारत का हिस्सा हुआ करते थे। ब्रिटिश इंडिया में हुई इस जाति जनगणना में ओबीसी जातियों की आबादी 52 फीसदी पाई गई थी, जबकि देश भर की जनसंख्या उस वक्त 27 करोड़ थी। इसी के आधार पर मंडल कमीशन ने सिफारिशें दी थीं।1931 की जनगणना के अनुसार अखिल भारतीय स्तर पर बंगाल के वैद्य, कई राज्यों में बसे कायस्थ और केरल के नायर जातियों में सबसे अधिक साक्षर थे। इन तीनों समूहों के पास पारंपरिक व्यवसाय या सामाजिक परिस्थितियां थीं, उनके शैक्षिक विकास में सहायक प्रतीत होती थीं। वैद्य पेशे से चिकित्सक थे, कायस्थ लेखक थे और नायर मालाबार क्षेत्र से थे। इन्होंने शिक्षा में शुरुआती प्रगति की थी।

जनगणना के आंकड़ों के मुताबिक वैद्यों में 78.2 प्रतिशत पुरुष और 48.6 प्रतिशत महिलाएं साक्षर थीं। कायस्थों में 60.7 प्रतिशत पुरुष और 19.1प्रतिशत महिला साक्षरता थी। वहीं नायरों में 60.3 प्रतिशत पुरुष और 27.6प्रतिशत महिला साक्षरता थी। इस प्रकार मातृवंशीय नायरों सहित सर्वाधिक साक्षर जातियों में भी महिला साक्षरता, पुरुष साक्षरता की तुलना में काफी कम थी, जो पितृसत्तात्मक संबंधों को दर्शाती है। जहां परिवारों ने पुरुषों की शिक्षा पर अधिक ध्यान दिया, जिनसे लाभदायक रोजगार की अपेक्षा की गई थी। पंजाब की एक वाणिज्यिक जाति खत्री अखिल भारतीय स्तर पर चौथे स्थान पर रही, जिसमें 45.1 प्रतिशत पुरुष साक्षरता और 12.6प्रतिशत महिला साक्षरता थी।

1931 की जनगणना में अखिल भारतीय साक्षरता सूची में पांचवें स्थान पर ब्राह्मण थे। राष्ट्रीय स्तर पर ब्राह्मणों में 43.7 प्रतिशत पुरुष साक्षरता और 9.6प्रतिशत महिला साक्षरता थी। वे अन्य प्रमुख "उच्च जाति" समुदाय, राजपूतों से बहुत आगे थे, जिनकी पुरुष साक्षरता 15.3प्रतिशत और महिला साक्षरता सिर्फ़ 1.3प्रतिशत थी। साक्षरता के मामले में अखिल भारतीय स्तर पर कई जातियां बहुत पीछे थीं। उत्तर-पश्चिम भारत के प्रभावशाली जाट समुदाय में पुरुष साक्षरता 5.3 प्रतिशत और महिला साक्षरता 0.6 प्रतिशत थी।उत्तर भारत में प्रभावशाली ओबीसी जाति यादव में पुरुष साक्षरता सिर्फ़ 3.9 प्रतिशत और महिला साक्षरता 0.2प्रतिशत थी। दलितों में एक प्रमुख जाति महार से डॉ. बी.आर. अंबेडकर संबंधित थे, अन्य अनुसूचित जाति (एससी) समूहों की तुलना में अधिक शिक्षित पाए गए, जिनमें 4.4प्रतिशत पुरुष साक्षरता और 0.4प्रतिशत महिला साक्षरता दर्ज की गई।

उत्तरी राज्यों में दक्षिणी राज्यों की तुलना में साक्षरता दर कम दर्ज की गई, जिससे अखिल भारतीय जाति पैटर्न में भारी अंतर देखने को मिला। उत्तर भारतीय राज्यों में ब्राह्मण साक्षरता के आंकड़े दक्षिण की तुलना में कम थे, लेकिन फिर भी अधिकांश अन्य जातियों की तुलना में अधिक थे। बिहार और ओडिशा में, कायस्थ समूह सबसे अधिक साक्षर था, जिसमें 60.5प्रतिशत पुरुष साक्षरता और 11.8 प्रतिशत महिला साक्षरता थी, उसके बाद ब्राह्मण (35.6प्रतिशत पुरुष और 2.8प्रतिशत महिला साक्षरता), भूमिहार (23.3प्रतिशत पुरुष और 2.8प्रतिशत महिला साक्षरता) और राजपूत (21.7प्रतिशत पुरुष और 1.3 प्रतिशत महिला साक्षरता) थे। स्वतंत्रता के बाद तत्कालीन नेहरू सरकार ने जाति गणना को बंद करने का फैसला किया, यह तर्क देते हुए कि यह राष्ट्रीय एकता को कमजोर कर सकता है और सामाजिक विभाजन को गहरा कर सकता है।

## सोशल फोरम

# भटकना आदमी का स्वभाव

भटकना तो आदमी का स्वभाव है। यदि आदमी ना भटके तो हमारे इतने सारे धर्म ,बाबा , साधु संत ,रिश्तेदारों और हमारी आपकी पत्नियों के पास फिर काम ही क्या रह जाएगा ? किसे रास्ते पर लाने के उपदेश देंगे ये? और इसमें हमारी आपकी गलती है भी क्या ? इतने सारे रास्ते है ही क्यों ? एक होता हम नाक की सीध में चलते और पहुंच जाते। आदमी भटकना नहीं चाहता पर इतने सारे रास्ते उसे कन्फ्यूज कर देते है,ब हुत बार वो नया रास्ता बनाना चाहता है इसलिए भी एक नई दिशा की तरफ़ निकल पड़ता है। ऐसे में या तो वो खुद खो जाता है या दूसरों को रास्ता दिखाने में कामयाब हो जाता है। कोलंबस को ही ले लीजिए। भटकने के कारण नाम कमा गया वो। भटकने से बचने के ध्यान की दुकानें भी है हमारे यहां। पर बहुत बार यहां ध्यान खुद भटका मिलता है आपको। आप इस नतीजे पर पहुंचते हैं कि दुकान खोले बैठे महारथी खुद अंधे हैं और अंधों से रास्ता दिखाने की उम्मीद रखना बेकार ही है।



मुकेश नेमा
वरिष्ठ लेखक

और फिर भटके हुए को भटकना मानना ही क्यो है ? हो सकता है उसे ये खबर हो कि दुनिया गोल है। आप जहां जाना चाहते है वहां एक ना दिन पहुंच ही जाएंगे। हरिवंश राय बच्चन ऐसे ही थोड़े बता गए हैं कि राह पकड़ ले एक चला चल। पा जाएगा मधुशाला। ऐसे में किसी को भटकता हुआ देखें तो उसे एकदम से शराबी ना मान लें हो सकता है वो कोई पहुंचा हुआ संत हो और आपको राह दिखाने आया हो।

भटके हुओ को रास्ता दिखाने की ज़िम्मेदारी सबसे पहले ध्रुव तारे ने संभाली फिर गुरू तलाशे गए। कंपास भी आगे आया उसके लिए और आजकल इन सबका काम गूगल कर रहा है। इन सारे तरीक़ों के बावजूद जो भटकना चाहता है वो भटक ही जाता है। और फिर भटकने का अपना रोमांच है। भटकने वाला इंसान ,नई जगहों और नए लोगों से मिलाता है। भटकना आपको ज्ञानी तो बनाता ही है ,बहुत बार जवान भी कर जाता हैं। आदमी भटकता क्यों है ? बंदा शातिर हो जेब भारी हो तो भटकना आसान। और इन सब से बड़ी बात कि विधाता ने आपके लिए अर्श या फर्श क्या तय किया हुआ है। ऐसे मे जब पहुंचे, जहां पहुंचे उससे राजी रहे और आप कर भी क्या सकते हैं?

**-फेसबुक वॉल से**

# कोमल मन पर भारी कठोर परवरिश

हाल ही में पश्चिम बंगाल के पंसकुरा में 7वीं क्लास में पढ़ने वाले बच्चे ने इसलिए आत्महत्या कर ली, क्योंकि उसकी मां ने सबके सामने उसको डांट दिया था। बच्चा अपने पीछे एक सुसाइड नोट छोड़ गया है, जो झकझोर देने वाला है। अपने सुसाइड नोट में बच्चे ने लिखा था कि मां मैंने चोरी नहीं की। बच्चे के ये आखिरी शब्द दिल को झकझोर देने वाले हैं। दरअसल स्कूल में पढ़ने वाले 13 साल के कृष्णेंदु दास पर एक मिठाई की दुकान से चिप्स के तीन पैकेट चुराने का आरोप लगा था। मिठाई की ये दुकान गोसाईंबेर बाजार में एक सिविल वॉलंटियर की थी। स्थानीय लोगों का कहना है कि दुकानदार की गैरमौजूदगी में बच्चे ने दुकान से चिप्स के तीन पैकेट चुरा लिए थे।

दुकान मालिक ने बच्चे को दुकान से थोड़ी दूर चिप्स के पैकेट के साथ देखा, तो उसके पीछे दौड़ पड़ा। उससे चोरी के बारे में पूछताछ की गई। उसने दुकानदार को पांच रुपए के हिसाब से तीन चिप्स के पैकेट के 15 रुपए दे दिए। इसके बाद भी दुकानदार नहीं माना। वह पैसे लौटाने के बहाने बच्चे को वापस दुकान पर ले गया और उसको मारा-पीटा। इतना ही नहीं, दुकानदार ने बच्चे से सार्वजनिक रूप से माफी भी मंगवाई। बच्चे के साथ ये सब अभी हुआ ही था कि उसकी मां को जैसे ही इस बारे में पता चला, वह भी



अमित बैजनाथ गर्ग
वरिष्ठ पत्रकार

असल में यह घटना उन मां-बाप के लिए किसी सबक से कम नहीं है, जो बात-बात पर सबके सामने अपने बच्चों को बुरी तरह डांट देते हैं।

उसे फिर से उसी मिठाई की दुकान पर लेकर गई और सबके सामने डांटा। इस बात से 13 साल का लड़का इस कदर आहत हो गया कि घर लौटते ही उसने कीटनाशक पीकर आत्महत्या करने की कोशिश की। गंभीर हालत में उसे तुरंत मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई।

पुलिस का कहना है कि बच्चे के कमरे से एक सुसाइड नोट बरामद किया गया है। इसमें कृष्णेंदु ने आत्महत्या करने से पहले अपनी नोटबुक में लिखा है कि मां मैंने चोरी नहीं की। मुझे वो सड़क पर पड़े मिले थे। मैंने चोरी नहीं की है। पीड़ित परिवार का आरोप है कि मिठाई दुकानदार के बर्ताव की वजह से बच्चा ऐसा खौफनाक कदम उठाने को मजबूर हो गया। तब से दुकान मालिक फरार है। परिवार इस बात को भी मान रहा है कि मां के सार्वजनिक रूप से डांटे जाने का भी बच्चे के मन पर गहरा असर हुआ। मां की डांट से बच्चा बहुत दुखी था। यह डांट उसके मन में घर कर गई। वह इस तरह के व्यवहार को सहन नहीं कर सका।

असल में यह घटना उन मां-बाप के लिए किसी सबक से कम नहीं है, जो बात-बात पर सबके सामने अपने बच्चों को बुरी तरह डांट देते हैं, क्योंकि उम्र के इस पड़ाव में बच्चे बहुत ही कोमल और संवेदनशील होते हैं। वह हर बात को अपनी बेइज्जती से जोड़ लेते हैं। कई बार वह ऐसा कदम उठा लेते हैं, जिसके बाद पछताने के अलावा कोई और रास्ता परिवार के पास भी नहीं होता, इसलिए माता-पिता को बच्चों के साथ पेश आने में बहुत ही सतर्कता बरतनी चाहिए। किसी भी बात पर उनको समझाएं, न कि सबके सामने उन्हें डांटें। अगर डांटना बहुत जरूरी है, तो अकेले में ही डांटें। सबके सामने ऐसा करने से बचें, ताकि उनको बेइज्जती महसूस न हो।

चाइल्ड एक्सपर्ट का कहना है कि आज के दौर में बच्चों की परवरिश करना बिल्कुल भी आसान नहीं है। उन्हें अच्छे या बुरे की अहमियत समझाना बहुत जरूरी है, लेकिन प्यार और अपनेपन के साथ। हर बात पर उन्हें डांटना या पीटना ठीक नहीं है। कुछ एक्सपर्ट कहते हैं कि माता-पिता बच्चों को नहीं डांटें तो वे मनमानी करते हैं और अगर डांटें तो बच्चे दिल पर ले लेते हैं। ऐसे में बड़ा सवाल ये है कि मां-बाप बच्चों को कैसे समझाएं, क्योंकि बच्चों का मन बहुत ही कोमल होता है। छोटी-छोटी बातों का उनके मन पर गहरा असर होता है। अगर सबके सामने उनको डांट दिया जाए, तो वे इसे अपनी बेइज्जती समझ लेते हैं। आहत होकर कई बार वह गलत कदम उठा लेते हैं।

असल में परिवार को अब इस बात को समझना होगा कि बदलते माहौल में बच्चों की परवरिश यदि उसके अनुसार न हो, तो उसके परिणाम गंभीर होते हैं। आमतौर पर कुछ बच्चे काफी सहज और सरल होते हैं, तो कुछ बेहद ही संवेदनशील। ऐसे में उनके स्वभाव के अनुसार ही उनकी देखभाल करने की जरूरत होती है। बच्चों की भावनाओं का ख्याल रखना बेहद जरूरी होता है। उनके कोमल मन को समझना भी बहुत जरूरी है। हर बात वह गलत हों, ऐसा जरूरी नहीं है। कई बार बच्चे सच बोल रहे होते हैं, तो भी उन्हें गलत मान लिया जाता है। परिवार को सही और गलत के निर्णय पर पहुंचने से पहले कई बार सोचना होगा। हर बात पर बाल मन का इस तरह तिरस्कार करना सही नहीं कहा जा सकता। हर बच्चे को कृष्णेंदु बनने से बचाना होगा।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, स्थानीय संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल- bly.editor@amritvichar.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

## एक नजर

### गलत नीयत से महिला का हाथ खींचा

**शाहजहांपुर।** कांट थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला ने बताया कि सरकारी योजना के तहत नलकूप पास हुआ था और खंभे गाड़ दिए गए थे। 02 जून को बिजली विभाग की टीम बिजली के तार खींचने के आयी थी। गांव के सुखपाल, हरवीर एवं रनवीर ने तार खींचने का विरोध किया। महिला का आरोप है कि आरोपियों ने गलत नियत से उसका हाथ पकड़कर खींच लिया। आरोपियों ने महिला को मारा पीटा। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

### नाबालिग को फुसलाकर भगा ले गया युवक

**कलान, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने बताया कि उसकी 14 वर्षीय पुत्री छत पर परिजनों के साथ शनिवार रात सो रही थी। रात करीब 11:30 बजे वह गायब हो गई, जानकारी करने पर पता चला कि गांव सरफरा निवासी एक युवक उसे बहला-फुसला कर भाग ले गया। युवक के कहने पर पुत्र की शादी के लिए रखे लाखों रुपये के गहने एवं 50 हजार की नकदी भी पुत्री अपने साथ ले गई। पीड़ित ने थाना प्रभारी से पुत्री को बरामद कर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

### छह वारंटी गिरफ्तार

**कलान, अमृत विचार :** पुलिस ने थाना क्षेत्र के ग्राम गंगोरा के मजरा अजीत नगला निवासी उमेश यादव, एवं गांव अब्दुल्ला नगर मिलकिया निवासी सुखबीर, निकुर्रा निवासी बृजेश, तेजपाल, रामपूत और नौसना मढैया निवासी मेवाराम को न्यायालय से वांछित होने पर गिरफ्तार कर जेल भेजा है।


### हादसे में तीन लोग घायल

**तिलहर, अमृत विचार।** थाना मदनापुर गांव दिउचरा निवासी कल्यान तिलहर से बाइक से घर जा रहे थे। बरखेड़ा जयपाल मार्ग पर गांव वंधीचक के पास शनिवार रात 9:30 बजे अज्ञात वाहन से बाइक की टक्कर हो गई। जिससे बाइक चालक कल्यान गंभीर रूप से घायल हो गए। उसे सीएचसी प्राथमिक उपचार के बाद राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया, लेकिन हालत बिगड़ने पर परिजनों ने कटरा के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। वहीं थाना क्षेत्र के गांव जन्यूरी निवासी भानु बाइक से पत्नी पूनम को घर ले जा रहे, तभी शनिवार रात 10 बजे निगोही मार्ग गांव डभौरा के पास अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से बाइक पर सवार पूनम गंभीर रूप से घायल हो गई। सीएचसी पर डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर महिला को राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

# फसल की रखवाली करने गए ग्रामीण की हत्या

## उसहैत क्षेत्र के गांव करीमनगर में ट्यूबवेल के पास मिला शव, सिर में गोली लगने से अमित मिश्रा की मौत

संवाददाता, उसहैत


युवक की हत्या के बाद ग्रामीणों के साथ चर्चा करते परिजन। ● अमृत विचार


ट्यूबवेल के बाहर खड़ी चारपाई।

**अमृत विचार :** खेत पर फसल की रखवाली कर रहे युवक ने अपने दोस्तों के साथ बैठकर शराब पी। रात में सिर में लगने से युवक की मौत हो गई। एसपी सिटी विजेंद्र द्विवेदी ने घटनास्थल का मौका मुआयना किया। मौके पर कारतूस बरामद हुआ। परिजनों ने तीन लोगों पर गोली मारकर हत्या करने का आरोप लगाया। आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। तीनों आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

थाना उसहैत क्षेत्र के गांव कुंवरगांव निवासी अमित मिश्रा (25) पुत्र रजनेश उर्फ गप्पे शनिवार रात गांव से लगभग एक किलोमीटर दूर गांव करीमनगर के पास खेत पर मक्का और सब्जियों की रखवाली करने गए थे। रात में वह खेत पर बने ट्यूबवैल के बाहर चारपाई पर सोए थे। देर रात गोली लगने से उनकी मौत हो गई। गांव निवासी ताराचंद ने अमित मिश्रा के परिजनों को सूचना दी कि अमित

- दो दोस्तों संग बैठकर पी शराब फिर आई गोली चलने की आवाज
- हत्या में एफआईआर दर्ज, तीन आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही पुलिस

ट्यूबवेल के पास जमीन पर पड़ा है। परिजनों में कोहराम मच गया। वह मौके पर पहुंचे। अमित का खून से लथपथ शव पड़ा था। पास में ही एक कारतूस था, लेकिन आसपास तमंचा नहीं था। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची। मृतक के चाचा टिंकू मिश्रा ने बताया कि गांव निवासी तीन लोगों ने अमित के साथ शराब पी थी। इसके बाद ताराचंद देर रात उनके घर पर आए थे। बताया था कि खेत पर अमित की तबीयत खराब हो गई है। परिजनों ने पूछा क्या बात हुई तो उसने कहा कि पता नहीं है। परिजनों को लगा कि शराब पीने की वजह से तबीयत खराब हो गई होगी। परिजन खेत पर पहुंचे थे तो शव पड़ा था। सिर से खून निकल रहा था। रात में ही एसपी सिटी ने मौका मुआयना किया। फारेंसिक टीम ने साक्ष्य एकत्र किए।

**सिर के आरपार हो गई गोली :** परिजनों ने बताया कि शनिवार को गांव निवासी जफर, ताराचंद और पप्पू ने अमित मिश्रा के साथ बैठकर शराब पी थी। रात में अमित की गोली मारकर हत्या की गई है। वह मौके पर पहुंचे थे तो पास में तमंचा पड़ा था, लेकिन पुलिस पहुंची तो तमंचा गायब था। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। इसके अनुसार गोली एक साइड से सिर में घुसी और दूसरी साइड से निकल गई। पुलिस आरोपियों से पूछताछ के साथ तमंचे की भी तलाश कर रही है। थाना प्रभारी विक्रम सिंह ने बताया कि युवक की मौत हुई थी। तहरीर के आधार पर हत्या की रिपोर्ट दर्ज की गई है। आगे की जांच की जा रही है।

# बच्ची से दुष्कर्म का आरोपी मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, बरेली


मुठभेड़ मे गिरफ्तार आरोपी रफीक।

**अमृत विचार :** पांच साल की बच्ची से दुष्कर्म करने के आरोपी को बारादरी पुलिस ने पीलीभीत बाईपास से मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के एक पैर में गोली लगी है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से तमंचा और कारतूस बरामद किया है। घायल आरोपी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

बारादरी इंस्पेक्टर धनंजय पांडेय ने बताया कि क्षेत्र में रहने वाले रफीक ने शनिवार को दिन में करीब 4 बजे पड़ोस में रहने वाली बच्ची के साथ दुष्कर्म किया था। बच्ची की मां की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी को पकड़ने के लिए दबिश दी, लेकिन वह मौके से फरार हो गया।

पुलिस को मुखबिर से रविवार रात को सूचना मिली कि आरोपी रफीक पीलीभीत बाईपास पर 99 बीघा के पास कहीं जाने की फिराक में खड़ा है। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर आरोपी की घेराबंदी की। बताया जा रहा है कि इस पर वह पुलिस

- आरोपी के पैर में लगी गोली आरोपी के कब्जे से पुलिस ने बरामद किया तमंचा और कारतूस

टीम पर फायरिंग करने लगा। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की एक गोली आरोपी रफीक के बाएं पैर में लगी, जिससे वह घायल होकर गिर गया। आरोपी के कब्जे से पुलिस ने एक तमंचा और कारतूस बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। आरोपी रफीक मूल रूप से बदायूं जिले के सहसवान के गांव शाहबाजपुर का निवासी है।

# शादी की जिद पर अड़ी थी प्रेमिका, इसलिए दोस्तों के साथ मिलकर गला दबा दिया

कार्यालय संवाददाता,संभल/बहजोई

- पुलिस ने खुलासा करते हुए मुख्य आरोपी प्रेमी को किया गिरफ्तार
- 3 जून को पेड़ पर लटका मिला था युवती का शव


जानकारी देतीं एएसपी अनुकृति शर्मा व पुलिस गिरफ्त में प्रेमिका का हत्यारोपी नीटू।

**अमृत विचार:** फेसबुक की दोस्ती प्यार में बदली, प्रेमिका शादी की जिद पर अड़ गई। छुटकारा पाने के लिए प्रेमी ने अपने दो साथियों के साथ मिलकर गला दबाकर हत्या की थी। लाश को फंदे पर इस तरह लटकाया कि मामला आत्महत्या का लगे,लेकिन पुलिस ने मामले की तह तक पहुंचकर हत्यारे प्रेमी को गिरफ्तार कर लिया। उसके दो साथी अभी फरार हैं।

पुलिस अधीक्षक कार्यालय पर एएसपी अनुकृति शर्मा ने बताया कि जुनावई के गांव मेडोली निवासी महिला ज्योति के पिता झाऊ सिंह ने 1 जून को बेटी की गुमशुदगी दर्ज कराई थी। 3 जून को गुन्नौर कोतवाली के गांव सेजना मुस्लिम के निकट एक खेत में एक ज्योति का शव शीशम के पेड़ पर फंदे से लटका मिला था। 4 जून को ज्योति के पिता ने नीटू निवासी गांव गोबला लहरा सलेमपुर थाना दादू जनपद अलीगढ़ के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने नीटू को गिरफ्तार कर पूछताछ की तो पूरे मामले का खुलासा हो गया। नीटू ने बताया कि 30 मई को ज्योति ने फोन कर उसे बुलाया। उसके साथ वह गुरुग्राम आ गई थी। वहां उसने दो दिन गुजारे और लगातार शादी की जिद करती रही। वह ज्योति से शादी नहीं करना चाहता था। ज्योति मुकदमा लिखवा कर जेल भेजने की धमकी दे रही थी। इसके बाद 2 जून को गांव के ही दोस्त रंजीत कुमार और संजीव कुमार को गुन्नौर के सेजना मुस्लिम के जंगल में बुला लिया और ज्योति की गला घोट कर हत्या कर शव को फंदे से लटका दिया ताकि मामला आत्महत्या का लगे।

### हत्या को आत्महत्या दिखाने को लटकाया शव

सीओ दीपक तिवारी ने बताया कि नीटू ने अपने दो साथियों के साथ मिलकर हत्या को इस तरीके से करने की साजिश रची कि पुलिस को आत्महत्या लगे। उन्होंने पहले गला दबा कर हत्या की फिर ज्योति का शव फंदे से शीशम के पेड़ से लटका दिया था। पूछताछ की तो नीटू टूट गया और उसने पूरी कहानी पुलिस के सामने रख दी।

### फेसबुक पर दोस्ती के बाद चढ़ा प्यार परवान

एक साल पहले ज्योति की शादी रजपुरा थाना क्षेत्र के गांव दीपपुर निवासी अंकित कुमार के साथ हुई थी। वह अपनी ससुराल में जाना नहीं चाहती थी। 8 महीने से अपने मायके में रह रही थी। वह फेसबुक व इंस्टाग्राम पर रील भी बनाती थी। उसकी दोस्ती फेसबुक के माध्यम से नीटू के साथ हो गई थी। दोनों का प्यार परवान चढ़ने लगा। नीटू शादी नहीं करना चाहता था। इसी को लेकर बात यहां तक पहुंच गई।

# शादी से लौट रहे युवक की हादसे में मौत

संवाददाता, बिल्सी


घायल को एंबुलेंस में लिटाते कर्मचारी अंकित चौहान। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** शादी समारोह से लौट रहे बाइक सवार को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को अस्पताल ले जाया गया। यहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। मौत के बाद परिजनों में कोहराम मचा है।

हादसा बिल्सी कोतवाली क्षेत्र में नरैनी चौराहे के पास शनिवार आधी रात हुआ। अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को टक्कर मारी और भाग गया। बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। घायल युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। यहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया।

युवक की जेब से मिले दस्तावेज से उसकी पहचान थाना उघैती क्षेत्र के गांव खितौरा निवासी मिथुन उर्फ रवि गुप्ता (36) के रूप में हुई। पुलिस ने परिजनों को सूचना दी। परिजन सीएचसी पहुंचे। परिजनों ने बताया कि मिथुन शनिवार को शादी समारोह में शामिल होकर बाइक से लौट रहे थे कि हादसा हो गया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। बाइक को टक्कर मारने वाले वाहन की तलाश की जा रही है।

### कार की टक्कर से बाइक सवार पिता-बेटी घायल

**उझानी, अमृत विचार :** बरेली-मथुरा राजमार्ग पर उझानी कोतवाली क्षेत्र में एपीएम डिग्री कॉलेज के सामने शनिवार रात लगभग 11 बजे तेज रफ्तार कार ने बाइक सवारों को टक्कर मार दी। हादसे में गांव बरामालदेव निवासी कुंवरपाल पुत्र द्वारिका प्रसाद और बाइक पर बैठी उनकी बेटी मिथलेश गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। पुलिस और एंबुलेंस को सूचना देकर बुलाया। अंकित चौहान, जयपाल सिंह ने घायलों को एंबुलेंस में लिटाया। घायलों को राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती किया गया है।

# बंडा में सिर पर डंडा मारकर युवक को किया लहूलुहान, दी तहरीर

संवाददाता, बंडा

- आरोपी से पीड़ित ने फाइनेंस कराई बाइक खरीदी थी
- किस्त अदा नहीं होने पर उठा ले गए फाइनेंसर

**अमृत विचार:** बाइक खरीद में धोखाधड़ी करने के बाद युवक द्वारा रुपये वापस मांगने पर आरोपी ने युवक के सिर पर डंडा से हमला कर दिया। खून से लथपथ पीड़ित थाने पहुंचा और कार्रवाई की मांग की।

पीलीभीत के थाना घुंघचिहाई के गांव गुलड़िया भूपसिंह निवासी विजय कुमार ने कुछ दिन पहले बंडा कस्बे के एक मोहल्ले के युवक से 47,500 रुपये में बाइक खरीदी थी, जिसमें युवक ने कहा था कि वह बाइक की बची हुई किस्ते समय पर फाइनेंस वालों को देता रहेगा, लेकिन युवक ने ऐसा नहीं किया। जिस पर फाइनेंस वाले बाइक खींचकर अपने साथ लेकर चले गए। इसके बाद से लगातार विजय बाइक विक्रेता से अपने रुपये वापस मांग रहा था।

रुपये वापस न करने पर विजय ने शुक्रवार को बंडा थाने में तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी, जिस पर कोई भी कार्रवाई नहीं हुई। रविवार को जब विजय आरोपी की दुकान पर रुपये वापस मांगने पहुंचा, तो आरोपी उसे गालियां देने लगा। विरोध करने पर आरोपी ने विजय के सिर पर डंडा मार दिया। पीड़ित खून से लथपथ बंडा थाने पहुंचा और दोबारा तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने उसे मेडिकल परीक्षण के लिए बंडा के सरकारी अस्पताल में भेज दिया। वहीं इस संबंध में थाना प्रभारी प्रदीप कुमार राय ने बताया कि दोनों पक्षों में झगड़े के साथ साथ मारपीट हुई है। तहरीर मिली है, जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### गोरहा नहर में डूबने से बालक की मौत

**कासगंज, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव नगला चींटी में शनिवार को एक बालक नहर में डूब गया। उसकी मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने बालक का पोस्टमार्टम कराया है। गांव नगला चींटी निवासी आठ वर्षीय आठ वर्षीय कन्हैया पुत्र खुशी अपने दोस्त अनमोल के साथ गांव के पास स्थित गोरहा नहर पर शौच के लिए गया था। तभी अचानक उसका पैर फिसल गया और वह नहर में गिर गया। सूचना मिलते ही परिजन और ग्रामीण घटनास्थल की ओर दौड़े और तुरंत तलाश शुरू की गई। करीब आठ घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद कन्हैया का शव घटना स्थल से लगभग 500 मीटर दूर नहर में उतराता हुआ मिला।

# पति सहित नौ पर दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज

संवाददाता, खुटार

- दो लाख अतिरिक्त नकद न मिलने पर विवाहिता की मारपीट कर हत्या करने का आरोप



**अमृत विचार:** विवाहिता की मौत के मामले में पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर पति सहित नौ लोगों के खिलाफ दहेज हत्या आदि की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है।

लखीमपुर के मैलानी थाना क्षेत्र के गांव बांकेगंज निवासी स्वर्गीय राजीव कुमार की पत्नी मुन्नी देवी ने न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उन्होंने अपनी ननद रितु सिंह जोकि अनाथ थी। जिसकी शादी खुटार क्षेत्र के गांव हरिहरपुर निवासी छोटे लाल के बेटे सूरज के साथ 23 जून 22 को की थी। शादी के बाद कुछ समय तक ससुरालीजन दहेज से संतुष्ट रहे, लेकिन कुछ समय बाद रितु से कहा कि अपने मायके से दो लाख रुपये की नगदी लेकर आओ। जिस पर रितु ने अपने मायके वालों को दो लाख रुपये देने की बात की। जिस पर मायके वालों ने दो लाख देने से इनकार कर दिया, जिस पर ससुराली रितु को शारीरिक व मानसिक प्रताड़ना देने लगे। रितु ने मायके वालों घटना बताई, जिस पर दोनों पक्षों में दो लाख अतिरिक्त दहेज को लेकर कई बार पंचायतें भी हुई लेकिन ससुराली दो लाख की नगदी लेने पर डटे रहे।

आरोप है कि मांग पूरी नहीं होने पर पति सूरज, ससुर छोटेलाल, सास प्रेमा देवी, देवर निलेश, ननद लज्जा देवी, प्रियांशु देवी, रुचि देवी व जेठ रविंद्र व सुरेंद्र ने 18 मार्च 25 को रितु के साथ मारपीट कर उसकी हत्या कर दी और बगैर सूचना दिए रितु के शव का अंतिम संस्कार भी कर दिया था। मुन्नी देवी ने बताया कि संस्कार हो जाने के बाद उन्हें गांव के एक व्यक्ति द्वारा फोन से सूचना दी गई, जिस पर वह गांव पहुंची और जानकारी की।

आरोप है कि ससुरालियों ने उन्हें भी गाली गलौज कर भगा दिया। तब मुन्नी देवी ने थाने पहुंचकर तहरीर दी, जिस पर पुलिस ने कोई भी कार्रवाई न कर उसे ठंडे बस्ते में डाल दिया। जिस पर उसने न्यायालय की शरण ली। न्यायालय ने मुन्नी देवी के प्रार्थना पत्र के आधार पर पति सहित नौ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के आदेश कर दिया। पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर सभी नौ लोगों के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू की है।

# 1947 से सरेंडर करती आ रही कांग्रेस: इंद्रेश कुमार

कार्यालय संवाददाता,संभल


शिलादान अनुष्ठान में शामिल आरएसएस नेता इंद्रेश कुमार। ● अमृत विचार

- संभल के ऐंचोड़ा कंबोह कल्कि धाम में शिलादान करने पहुंचे आरएसएस नेता ने कांग्रेस पर कसे तंज

**अमृत विचार:** संभल के गांव ऐंचौड़ा कम्बोह स्थित श्रीकल्कि धाम पहुंचे आरएसएस के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य एवं भारतीय सद्भावना मंच संरक्षक इंद्रेश कुमार ने आपरेशन सिंदूर को लेकर कांग्रेस के बयानों पर कहा कि कांग्रेस और उनके नेता 1947 से आज तक सरेंडर-सरेंडर करते रहे। देश में उनके नाम से इतनी थू-थू है कि उनको लगता है हम भी थूक दें, लेकिन जब कोई आकाश की तरफ मुंह करके थूकेगा तो थूक उसके मुंह पर गिरेगा।

कल्कि धाम में पत्रकारों से बातचीत के दौरान इन्द्रेश कुमार ने कहा कि कवाइली हमले में भारत पर आतंकी हमला हुआ। अगर उस समय भारत के प्रधानमंत्री और सरकार यूएनओ में सरेंडर नहीं करती तो पीओके नहीं बनता। उसके बाद हिंदी-चीनी भाई-भाई की आड़ में चीन के सामने नेताओं ने सरेंडर किया। कैलाश मानसरोवर हमसे पराया हो गया। 1971 में पाकिस्तान टूट रहा था, पूर्वी पाकिस्तान बांग्लादेश में बदला, परंतु फिर भारतीय सरकार ने विदेशी ताकतों के साथ सामने सरेंडर किया और पीओके छोड़ दिया। जो बांग्लादेश बना, उसमें अल्पसंख्यकों के ऊपर पाकिस्तान से भी अधिक अत्याचार होने लगे। उन्होंने 2 करोड़ घुसपैठिये देकर 2 करोड़ भारतीयों के रोजगार छीन लिए। उन्होंने मोहन भागवत के बयान पर कहा कि 1857 में स्वतंत्रता संग्राम की एक नई लौ जली थी। भारतीय अस्मिता और स्वतंत्रता की रक्षा के लिए लड़ा गया एक लंबा इतिहास है। 90 वर्ष में 3 लाख 27 हजार लोगों ने अपना महत्वपूर्ण बलिदान दिया है। दु:खद इतिहास यह भी है कि लोगों को भरोसा था कि अखंड भारत और आजादी मिलेगी। सत्ता में बैठे कांग्रेस के लोग अंग्रेजों के षड्यंत्र का शिकार होकर झुक गए और दुर्भाग्य से भारत का विभाजन हो गया।

**भारत विश्व का नेतृत्व करेगा, पाकिस्तान बिखरेगा :** इंद्रेश कुमार ने कहा कि भारत इस मोड़ पर आ गया है कि वह विश्व पटल पर नेतृत्व करें, पाकिस्तान टूटकर बिखरेगा। बांग्लादेश संभल नहीं रहा। बात बड़ी विचित्र है लोग इस्लामी ब्रदरहुड का नारा लगाते हैं पर एक भी बांग्लादेशी को रोहिंग्या को एक भी मुस्लिम देश लेने के लिए तैयार नहीं है। इस्लामी ब्रदरहुडनेस केवल हिंसा, बंटवारे, झगड़े और लोगों की लाशें बिछाने के लिए है।

### कल्कि धाम में पूजन कर किया शिलादान

आरएसएस के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य एवं भारतीय सद्भावना मंच संरक्षक इंद्रेश कुमार ने कल्कि पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम् के साथ पूजा-अर्चना करने के बाद शिलादान कर परिक्रमा की। कहा कि युगों से यह बताया गया है अगला अवतार संभल में होने वाला है। 48 कोस से अधिक भूमि बताई है, जिसमें प्रभु आएंगे। कुछ समय पूर्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यहां शिला पूजन किया था। संभल भारत के इतिहास का एक महत्वपूर्ण शहर है। अब यहां कट्टरता न हो। भाईचारे और सद्भाव के लिए प्रभु से प्रार्थना करेंगे।

### अखिलेश राजनीति के पिटे हुए मोहरे

अखिलेश यादव पर इंद्रेश कुमार ने कहा कि वह देश की राजनीति के पिटे हुए मोहरे हैं। सद्बुद्धि आ नहीं रही इसलिए गलत बोलते हैं, गलत रास्ते पर जाते हैं, गुमराह करते हैं। अपने-अपने परिवार संभाल लें वही ज्यादा अच्छा है, चाहे अखिलेश हों या फिर लालू हों।

### लोन पर ट्रैक्टर नहीं मिला और 50 हजार रुपये हड़प लिए

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** लोन पर ट्रैक्टर दिलाने का झांसा दिया और उसके एवज में 50 हजार रुपये लिए, लेकिन लोन नहीं दिलाया और रुपये भी हड़प लिये। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। रोजा थाना क्षेत्र के गांव सिसौआ निवासी लतीफ ने बताया कि अप्रैल 2024 में रामशंकर निवासी महमदापुर अजमाबाद थाना कांट अपने साथी नीरज के साथ उसके घर पर आए और ट्रैक्टर बिकवाने का काम करना बताया। उसके पुत्र लल्लन ने दोनों लोगों से ट्रैक्टर खरीदने की हां कर दी। दोनों एजेंटों को 50 हजार दे दिए गए। कुछ दिन बाद लल्लन एजेंसी पर गया तो डीलर ने बताया कि लल्लन के नाम से दोनों आरोपी एजेंसी से ट्रैक्टर ले गए है। लतीफ का आरोप है कि दोनों आरोपियों ने ट्रैक्टर लोन पर दिलाने के नाम पर 50 हजार रुपये हड़प लिए और ट्रैक्टर लेकर चले गए।

# वीडियोग्राफर नहीं लाए तो कन्या पक्ष ने लौटा दी बरात

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- कन्या पक्ष ने अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी न होने पर बरात ले जाने का लगाया आरोप

**अमृत विचार:** जलालाबाद क्षेत्र के एक गांव में शनिवार रात आई एक बरात में वीडियोग्राफर नहीं लाने पर कन्या पक्ष के लोगों का पारा हाई हो गया और शादी करने से मना कर दिया। इसे लेकर दोनों पक्षों में विवाद हो गया, नौबत थाना-दरबार तक पहुंच गई। बाद में दोनों पक्षों की ओर से आए लोगों के समझाने के बाद रविवार को दिन में शादी की रस्में पूरी की गईं।

क्षेत्र के एक गांव के एक युवक की शादी क्षेत्र में ही दूसरे गांव की युवती से तय हुई थी। शनिवार शाम वर पक्ष वाले बरात लेकर कन्या पक्ष के गांव पहुंच गए। बरात की आवभगत के बाद द्वारचार की रस्म पूरी हुई और लड़की वरमाला के लिए स्टेज पर पहुंची, इसी बीच किसी ने बरात में वीडियोग्राफर नहीं होने पर आपत्ति की। इस बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच कहानसुनी शुरू हो गई, बात इतनी बढ़ गई कि कन्या पक्ष के लोगों ने शादी करने से मना कर दिया। काफी कोशिशों के बाद भी बात नहीं बनने पर रात में ही बरात लौट गई। कन्या पक्ष ने वर पक्ष अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर बरात वापस ले जाने का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दे दी। रात भर दोनों पक्षों को समझाने का प्रयास किया गया, लेकिन बात नहीं बनी, रविवार को सुबह कुछ लोगों ने दोनों पक्षों के संभ्रांत लोगों को बैठाकर पंचायत कराई। इसमें कन्या पक्ष के लोगों को किसी तरह समझाकर शादी के लिए राजी किया गया। इस तरह रात में होने वाली शादी की रस्में रविवार दोपहर पूरी हुई और फिर वर पक्ष के लोग दुल्हन साथ लेकर घर पहुंचे।

## मकान बेचने के नाम पर एक करोड़ की ठगी

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में एक करोड़ से अधिक के मकान के सौदे में धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आरोपियों पर जातिसूचक गालियां देने और जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगा है।

थाना सिविल लाइंस क्षेत्र के दीनदयालनगर फेज प्रथम निवासी विकास दिवाकर ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि उन्होंने 5 जुलाई 2024 को जन कल्याण समिति रामलीला ग्राउंड स्थित मकान का सौदा संजीव कुमार अग्रवाल से 1 करोड़ 55 लाख रुपये में किया था। सौदे के एवज में संजीव अग्रवाल ने 10.75 लाख रुपये नकद प्राप्त किए, जबकि कुल मिलाकर अब तक 13.50 लाख रुपये ले चुके हैं। वह रकम की रसीदें भी विकास के पास मौजूद हैं। विकास का आरोप है कि तय समय पर रजिस्ट्री न कराकर मकान मालिक ने वह संपत्ति किसी अन्य को ऊंचे दामों पर बेच दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# ब्लैक लिस्ट फर्म को ठेका देने के दोषियों पर कार्रवाई की तैयारी

## ब्लैक लिस्टेड होने पर भी निगम में दिया सवा पांच करोड़ का ठेका

कार्यालय संवाददात, बरेली

**अमृत विचार :** स्मार्ट सिटी लिमिटेड कंपनी से करीब पांच साल पहले ब्लैक लिस्टेड हुई फर्म को नगर निगम में सवा पांच करोड़ रुपये का ठेका देने के मामले में दो अफसर जांच के घेरे में आ गए हैं। जांच समिति के रिपोर्ट आधार पर इन के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो सकती है, जबकि फर्म को नगर निगम से ब्लैक लिस्टेड किया जा सकता है। जांच रिपोर्ट में कुछ अफसरों की भूमिका गलत पाए जाने पर अधिकारी सख्त रुख अख्तियार करने की तैयारी में है।

आगरा की परमार कंस्ट्रक्शन को वर्ष 2024 में नगर निगम के उद्यान विभाग में डिवाइडर, पार्क आदि स्थानों पर लगे पौधों की देखभाल, सिंचाई आदि का टेंडर मिला था, जबकि इस फर्म को स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने 3 अक्टूबर 2020 में फर्जी अनुभव प्रमाणपत्र लगाकर टेंडर हासिल करने के आरोप में ब्लैक लिस्टेड कर दिया गया था। तत्कालीन नगर आयुक्त व स्मार्ट सिटी लिमिटेड कंपनी के सीईओ अभिषेक आनंद के आदेश पर आगरा की परमार कंस्ट्रक्शन की जमानत राशि भी जब्त कर ली गई थी। इसके बाद भी नगर निगम के अधिकारियों ने 5 नवंबर 2024 को टेंडर की शर्तों में हेरफेर करके 5.28 करोड़ रुपये का ठेका दे दिया। टेंडर के अनुसार इसे दो साल तक 125 माली व कर्मचारी रखकर शहर के 320 पार्कों और 22 डिवाइडरों पर लगे पौधों की देखभाल करनी है। फर्म का फर्जीवाड़ा अप्रैल 2025 में खुलने के बाद नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य ने जांच बैठा दी और फर्म को काम करने से रोक दिया गया है। जांच कमेटी में उप नगर आयुक्त पूजा त्रिपाठी, मुख्य अभियंता मनीष अवस्थी, लेखाधिकारी अनुराग सिंह को शामिल गया है। अब जांच समिति की रिपोर्ट के आधार पर कंपनी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई होने की संभावना जताई जा रही है। निगम के सूत्रों के अनुसार दो अधिकारियों तक जांच की आंच पहुंच सकती है। टेंडर समिति में तत्कालीन अपर नगर आयुक्त सहित कई अन्य अधिकारी थे। नगर आयुक्त ने फर्म को नोटिस देकर जवाब मांगा था लेकिन सही जवाब नहीं मिला है। कार्रवाई की तैयारी की सुगबुगाहट गड़बड़ी करने वाले अधिकारियों तक पहुंची है।

### फर्म ने छिपा ली जानकारी

**बरेली :** जांच के दौरान यह बात सामने आई है कि फर्म ने ब्लैक लिस्टेड होने की बात को टेंडर लेते समय छिपा लिया। शपथ पत्र में भी इसकी जानकारी नहीं दी है, जबकि कुछ अधिकारियों को इसके बारे में जानकारी थी, लेकिन वह भी झूठी बातों को अनदेखी कर दिए। इसके कारण वह टेंडर लेने में कामयाब हो गई। इसे साफ जाहिर होता है कि विभागीय मिलीभगत रही है।

> जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। जो भी दोषी होगा पर नियमानुसार कार्रवाई होगी। – **संजीव कुमार मौर्य**

## वनमंत्री की नाराजगी के बाद छह जेई के किए ट्रांसफर

**बरेली, अमृत विचारः** दो दिन पहले सर्किट हाउस में बिजली की अव्यवस्था को लेकर बैठक में वनमंत्री डॉ. अरुण कुमार की नाराजगी के बाद मुख्य अभियंता ने दो एसडीओ और छह जेई के तबादले कर दिए। शहर और देहात में हो रही कटौती और फाल्ट की वजह से उपभोक्ताओं को दिक्कत हो रही थी। इस व्यवस्था में सुधार लाने के लिए कुछ को शहर से देहात तो कुछ को देहात से शहर भेजा है।

मुख्य अभियंता ज्ञान प्रकाश ने शहर में तैनात एसडीओ राम खिलावन को कामर्शियल द्वितीय से हटाकर बहेड़ी और बहेड़ी में तैनात एसडीओ अमित गंगवार को कामर्शियल सेकंड में भेजा गया है। वहीं शहर में तैनात जेई गोविंद चौहान को राधामाधव सबस्टेशन, राकेश कुमार को नकटिया सबस्टेशन, राहुल रावत को पुन्नापुर सबस्टेशन, सुनील कुमार को कामर्शियल द्वितीय, सुशील कुमार को 33 केवी वर्टिकल और विनीत कुमार को विद्युत माध्यमिक कार्य खंड की जिम्मेदारी दी गई।

# बारिश से पहले फ्लाईओवर का काम निपटाने की तैयारी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **दिल्ली-लखनऊ हाईवे को जोड़ने वाले बड़ा बाईपास स्थित फ्लाईओवर के काम में आई तेजी**
- **सर्विस रोड के बाद एक साथ पांच स्थानों पर पिलर बनाने का काम भी हुआ शुरू**

**अमृत विचार :** आने वाले दिनों में बारिश नवदिया झादा में बन रहे निर्माणाधीन फ्लाईओवर में बाधा डाल सकती है। इसके मद्देनजर एनएचएआई फ्लाईओवर के निर्माण से जुड़े अधिकांश जमीनी कार्य बारिश से पहले पूरा करने में तेजी से जुटा हुआ है। सर्विस रोड का काम काफी हद तक पूरा होने पर नवदिया झादा से दिल्ली की ओर पांच स्थानों पर पाइलिंग (फाउंडेशन निर्माण) का काम पूरा कर पिलर बनाने का काम शुरू कर दिया है। एनएचएआई के अफसर निर्धारित समय 31 मार्च 2026 तक फ्लाईओवर का निर्माण पूरा करने का दावा कर रहे हैं।

बता दें, दिल्ली-लखनऊ हाईवे को जोड़ने वाले बड़ा बाईपास पर ब्लैक स्पॉट घोषित नवदिया झादा में 30 करोड़ रुपये की लागत से 980 मीटर लंबे सिक्सलेन फ्लाईओवर का निर्माण नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) का मुरादाबाद डिवीजन करा रहा है। काम जनवरी में शुरू होना था, लेकिन इसकी जद में आ रहे 560 पेड़ों के न हटने की वजह से इसमें देरी हुई। प्रशासनिक अधिकारियों के हस्तक्षेप से अड़चन दूर होने पर अप्रैल माह के पहले सप्ताह में काम शुरू हुआ। एनएचएआई मुरादाबाद के परियोजना निदेशक अरविंद कुमार ने बताया कि फ्लाईओवर की सर्विस रोड बनाने का काम काफी हद तक पूरा हो चुका है।

फ्लाईओवर निर्माण में पाइल फाउंडेशन की जो नई तकनीक अपनाई जा रही है, उसके तहत चिह्नित स्थानों पर बोरिंग करके उनमें सरिया का जाल और कंक्रीट डालकर पिलर बनाने शुरू कर दिए हैं। उन्होंने कहा कि बरेली-बीसलपुर रोड अंडरपास रहेगा, जबकि शाहजहांपुर, रामपुर और नैनीताल की तरफ से आने वाले वाहन फ्लाईओवर से बिना अवरोध के गुजरते रहेंगे। काम पूरा करने के लिए डेढ़ साल का समय निर्धारित है, उससे पहले ही इसे पूरा करा लिया जाएगा।

## जोधपुर-गोरखपुर के बीच समर स्पेशल ट्रेन का होगा संचालन

**मुरादाबाद, अमृत विचारः** गर्मी की छुट्टियों में यात्रियों की बढ़ती संख्या और उनकी सुविधा को ध्यान में रखते हुए रेलवे प्रशासन द्वारा जोधपुर से गोरखपुर के मध्य एक साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेन का संचालन किया जा रहा है। सीनियर मंडल वाणिज्य प्रबंधक आदित्य गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि यह ट्रेन संख्या 04829-04830 के रूप में चलेगी।

उन्होंने बताया कि ट्रेन संख्या-04829 (जोधपुर-गोरखपुर) प्रत्येक गुरुवार को 12 जून से 26 जून तक चलाई जाएगी, कुल तीन फेरे होंगे। वहीं, ट्रेन संख्या-04830 (गोरखपुर-जोधपुर) प्रत्येक शुक्रवार को 13 जून से 27 जून तक संचालित होगी, जिसमें भी कुल तीन फेरे निर्धारित हैं। इस ट्रेन में वातानुकूलित, स्लीपर व जनरल श्रेणी के कोच होंगे, जिससे यात्रियों को सभी वर्गों में यात्रा की सुविधा मिलेगी। ट्रेन का ठहराव मुरादाबाद और बरेली स्टेशनों पर भी किया जाएगा, जिससे इन क्षेत्रों के यात्रियों को भी लाभ मिलेगा। सीनियर मंडल वाणिज्य प्रबंधक आदित्य गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि यह ट्रेन संख्या 04829-04830 के रूप में चलेगी।

# फर्जी प्रमाण पत्र लगाकर किया धोखा, केस दर्ज

संवाददाता, गंजडुंडवारा

- **सरकारी गली और दीवार को निजी संपत्ति दिखाने की साजिश**

**अमृत विचार :** सरकारी संपत्ति को निजी संपत्ति घोषित कराने की साजिश में तीन लोगों पर फर्जीवाड़े का केस दर्ज किया गया है। आरोपियों ने न्यायालय में चल रहे विवादित मामले में फर्जी प्रमाण पत्र लगाकर सरकारी गली को अपने पक्ष में दिखाने की कोशिश की थी। शिकायत पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही हैं।

मामला गंजडुंडवारा कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला आवाजी का है। यहां के निवासी रविकांत गुप्ता ने आफताब, महताब और शादाब पर सिविल कोर्ट में विचाराधीन संपत्ति विवाद के दौरान फर्जी नगर पालिका प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने का आरोप लगाया था।

रोप यह था कि प्रमाण पत्र के जरिए उन्होंने सरकारी गली को निजी संपत्ति बताने की कोशिश की। रविकांत गुप्ता ने इस संबंध में एसपी अंकित शर्मा से शिकायत की थी। एसपी ने मामले की जांच का जिम्मा तत्कालीन सीओ पटियाली राजकुमार पांडे को दिया था। जांच में आरोप सही पाए गए जिसके बाद एसपी ने केस दर्ज करने के निर्देश दिए। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

## फातिहा पढ़कर आ रहे युवक की सड़क हादसे में जान गई

**बरेली, अमृत विचार :** किला के स्वालेनगर निवासी अरमान (19) शनिवार को अपने पिता की कब्र पर फातिहा पढ़ने के लिए गया था। उसके साथ उसका दोस्त फैज भी था। रिश्तेदार आमिर ने बताया कि अरमान फैज के साथ गया था और फातिहा पढ़ने के बाद जब वह वापस आ रहा था, तभी रोड पार करते समय तेज गति से आ रही बाइक ने अरमान को टक्कर मार दी। हादसे में अरमान गंभीर रूप से घायल हो गया। फैज ने घटना की जानकारी परिजनों को दी। सूचना पर पहुंचे परिजन अरमान को जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। अरमान की मौत से उसकी मां सबली का रो-रोकर बुराहाल है।

# आर्मी स्कूल के हर्षित का नेशनल फुटबॉल टीम में चयन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **जर्मनी में तीन दिवसीय ट्रेनिंग का मिला निमंत्रण**

**अमृत विचारः** आर्मी पब्लिक स्कूल के कक्षा 10 के छात्र हर्षित शाही का अंडर-16 नेशनल फुटबॉल टीम में चयन हुआ है। हर्षित को जर्मनी की बुंडेसलिगा ड्रीम ट्रेनिंग कैंप ज्वाइन करने के लिए निमंत्रण मिला है। जर्मनी में यह कैंप 10 से 16 जून तक आयोजित किया जाएगा।

हर्षित के फुटबॉल ट्रेनर कोच राशिद मलिक ने बताया कि महाराष्ट्र में बिग हिट स्पोर्ट्स एसोसिएशन की ओर से पिछले दिनों फुटबॉल लीग के तहत अंडर 16 नेशनल यूथ फुटबॉल टूर्नामेंट आयोजित किया गया था। जिसमें ट्रायल देने के बाद आर्मी पब्लिक स्कूल के हर्षित शाही का चयन अंडर 16 नेशनल फुटबॉल टीम के लिए किया गया। हर्षित के पिता सेना से रिटायर्ड राजेंद्र ने बताया कि उनके बेटे का बचपन से ही फुटबॉल टीम में जाने का सपना था, जो अब पूरा होने जा रहा है।

उन्होंने कहा कि यह सब हर्षित के कोच राशिद मलिक की मेहनत एवं मार्गदर्शन से ही संभव हो सका। आर्मी स्कूल की प्रधानाचार्या डॉ. सरिता सिरोही और उपप्रधानाचार्य एवं एनसीसी आफिसर नंदकिशोर माथुर ने हर्षित की इस उपलब्धि को विद्यालय के लिए गौरवशाली बताया और उनके कोच और परिजनों को बधाई दी।

# सेना के राइडर्स ने निकाली बाइक रैली

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **आठ दिन तक ऐतिहासिक स्थानों से होकर गुजरेगी रैली**
- **16 को पिथौरागढ़ में समारोह के साथ रैली का होगा समापन**

**अमृत विचार :** जीओसी उत्तर भारत एरिया के लेफ्टिनेंट जनरल डीजी मिश्रा एवीएसएम ने रविवार को बरेली से लाइव स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म के माध्यम से जनरल जोरावर सिंह के सम्मान में 'जोरावर ट्रेल' बाइक रैली को हरी झंडी दिखाई।

कुमाऊं की पहाड़ियों में आठ दिन तक चलने वाले इस बाइक रैली में 24 समर्पित भारतीय सेना के राइडर्स के साथ चार महिला एवं स्वयंसेवी राइडर्स भी शामिल होंगे, जो सम्मान और स्मरण का एक एकीकृत प्रदर्शन करेंगे। 16 जून को उत्तराखंड के पिथौरागढ़ में एक संगीत समारोह के साथ रैली का समापन होगा।

पंचशूल ब्रिगेड की ओर से आयोजित यह रैली वीरता की भावना को दर्शाती है, जो जोरावर सिंह की विरासत से जुड़े कुछ सबसे ऐतिहासिक और सांस्कृतिक रूप से महत्वपूर्ण स्थानों से होकर गुजरेगी। राइडर्स चुनौतीपूर्ण इलाकों से गुजरेंगे, जो बहादुर योद्धा की विजय और भारत की सशस्त्र सेनाओं को परिभाषित करने वाले अदम्य साहस का प्रतीक है। रैली में सांस्कृतिक और ऐतिहासिक रूप से महत्वपूर्ण स्थलों जैसे गुरुद्वारा नानकमत्ता साहिब, काली माता मंदिर, ओम पर्वत, कैलाश, पार्वती कुंड, पंचचूली पर्वत श्रृंखला के तल पर स्थित दुग्तु गांव का दौरा भी शामिल है। बता दें कि बरेली से लाइव स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म के माध्यम से बाइक रैली को हरी झंडी दिखाई।

## सोशल साइट पर देश विरोधी पोस्ट करने का आरोपी गिरफ्तार

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** थाना मूंढापांडे के प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार शर्मा की टीम ने जांच पड़ताल की तो पता चला कि मूंढापांडे के गांव सक्टूनगला निवासी बाबू ने इंस्टाग्राम अकाउंट से पाकिस्तान के पक्ष में देश विरोधी बातें पोस्ट की है। आपत्तिजनक और भड़काऊ पोस्ट किए हैं। प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार शर्मा और अपराध निरीक्षक कृष्ण कुमार की टीम ने रविवार को आरोपी बाबू को गिरफ्तार कर लिया। उसके खिलाफ मूंढापांडे थाने में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई। आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया।


### सूचना

सूचित किया जाता है कि फर्म–फर्म–मैसर्स बाबा गोरखनाथ इण्टरप्राईजेज, मकान नं 45ए, मोहल्ला सुशीमल, पीलीभीत यू.पी. 262001 (पंजीकरण संख्या : PIL/ 0004596) फर्म में 04 साझेदार–कपिल कुमार, राजीव कान्त, योगेश मिश्रा, राकेश कुमार पाण्डेय थे, साझेदारों की रजामन्दी से दिनांक 07.06.2025 को फर्म से एक साझेदार कपिल कुमार स्वेच्छा से दिनांक 07.06.2025 को अवकाश ग्रहण करके फर्म से अलग हो गये। अवकाश ग्रहण साझेदार का सारा हिसाब–किताब चुकता हो गया, साझेदार का फर्म/साझेदारों पर या फर्म का साझेदार पर कोई लेन–देन बकाया नहीं है। अब फर्म में कुल 03 साझेदार राजीव कान्त, योगेश मिश्रा, राकेश कुमार पाण्डेय है। फर्म में एवं साझेदारों में कोई विवाद नहीं है। एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि उक्त के सम्बन्ध में समस्त विधिक औपचारिकतायें मेरे द्वारा पूरी कर ली गयी है।

**राकेश कुमार पाण्डेय**
**साझेदार**
**मैसर्स बाबा गोरखनाथ इण्टरप्राईजेज, बरेली उ.प्र.**

### सूचना

सूचित किया जाता है कि फर्म–फर्म–मै. जय माँ गंगे इण्टरप्राईजेज, मोहल्ला पता, फरीदपुर जिला बरेली यू.पी. 243503 (पंजीकरण संख्या : BAR/0007203) फर्म में 02 साझेदार चोखेलाल एवं विजय कुमार थे, साझेदारों की रजामन्दी से दिनांक 07.06.2025 को फर्म में दो नये साझेदारों सुधांशु शेखर एवं असलम खां शामिल किये गये है तथा फर्म से एक साझेदार चोखेलाल स्वेच्छा से दिनांक 07.06.2025 को अवकाश ग्रहण करके फर्म से अलग हो गये। अवकाश ग्रहण साझेदार का सारा हिसाब–किताब चुकता हो गया है, साझेदार का फर्म/साझेदारों पर या फर्म का साझेदार पर कोई लेन–देन बकाया नहीं है। अब फर्म में कुल 03 साझेदार विजय कुमार, सुधांशु शेखर एवं असलम खाँ है। फर्म में एवं साझेदारों में कोई विवाद नहीं है। एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि उक्त के सम्बन्ध में समस्त विधिक औपचारिकतायें मेरे द्वारा पूरी कर ली गयी है।

**विजय कुमार**
**साझेदार**
**मैसर्स जय माँ गंगे इण्टरप्राईजेज, बरेली, उ.प्र.**


## वीडियो वायरल करने पर हैदरी दल के सदस्यों पर रिपोर्ट

**बरेली, अमृत विचार :** बकरीद के दिन गांधी उद्यान में युवतियों से अभद्रता करने और वीडियो वायरल कर उनकी पहचान उजागर करने वाले हैदरी दल के सदस्यों पर कोतवाली पुलिस ने एसआई नितीश राणा की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। साइबर सेल मामले की जांच कर रही है।

गांधी उद्यान में शनिवार को समुदाय विशेष की कुछ युवतियां दोस्तों के साथ घूमने आईं थी। इस दौरान कुछ लोग वहां पहुंचे और कहा कि वे हैदरी दल के सदस्य हैं। युवतियों से उनका नाम, पिता का नाम और धर्म पूछते हुए वीडियो बनाते रहे। कुछ देर बाद आरोपियों ने इंस्टाग्राम आईडी पर वीडियो वायरल कर दिए, जिससे युवतियों की पहचान उजागर हो गई। कोतवाली इंस्पेक्टर अमित पांडेय ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

# रिटर्न दाखिल करने में हीलाहवाली पड़ेगी भारी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **मंडल में डेढ़ लाख जीएसटी करदाता, सबसे अधिक बरेली में 75 हजार**
- **जीएसटी रिटर्न दाखिल करने के नियमों में जुलाई से बदलाव, सीए ने सराहा**

**अमृत विचार :** अब जीएसटी रिटर्न दाखिल करने में व्यापारियों की मनमानी नहीं चलेगी। लेटलतीफी करने पर उन्हें मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है। सरकार की ओर से जुलाई से रिटर्न दाखिल करने के नियमों में किए जा रहे बदलावों का असर स्थानीय स्तर पर भी पड़ेगा। सरकार के इस फैसले की सीए (चार्टर्ड अकाउंटेंट) सराहना करते हुए स्वागत योग्य बता रहे हैं।

अपर आयुक्त राज्यकर ग्रेड-1 ओपी तिवारी के अनुसार मंडल के बरेली, बदायूं, शाहजहांपुर, पीलीभीत में करीब एक लाख 53 हजार कर दाता हैं, जिन्होंने जीएसटी में पंजीकरण करा रखा है। हालांकि, इसमें सबसे ज्यादा बरेली में 75 हजार के करीब करदाता हैं। जीएसटी के नियमों के अनुसार, व्यापारियों को हर तिमाही और वार्षिक रिटर्न दाखिल करना होता है, जिसमें वह तीन माह और साल भर के व्यापार की स्थिति का लेखा-जोखा जमा करते हैं और इसी आधार पर सरकार को राज्य कर जमा करते हैं, मगर बड़ी संख्या में ऐसे भी व्यापारी हैं जो समय से रिटर्न फाइल नहीं करते हैं।

ऐसे में टैक्स जमा करने में भी लेटलतीफी होती है। नियमों के उल्लंघन पर जुर्माना और ब्याज लगाने की कार्रवाई की जाती है, लेकिन इसके बाद भी व्यापारियों की हीलाहवाली नहीं रुकती है। कई-कई साल बीतने के बाद भी रिटर्न नहीं जमा करते हैं। इसी को लेकर सरकार सख्ती बरतने जा रही है। जुलाई से जीएसटी जमा करने के नियमों में बदलाव हो जाएगा। इसके बाद निर्धारित तारीख से तीन साल पुराना रिटर्न व्यापारी जमा नहीं कर सकेंगे। नए नियम लागू होने के बाद लेटलतीफी करने पर व्यापारियों की मुश्किलें बढ़नी तय मानी जा रहीं हैं।

### क्या कहते हैं शहर के सीए

सरकार का बहुत अच्छा प्रयास है। नियमों का पालन कराने के लिए सख्ती बरतनी ही पड़ती है। समय से रिटर्न जमा न करने से व्यापारियों से फर्म पर सामान की खरीदारी करने वाले के क्रेडिट पर भी असर पड़ता है। नियमों में बदलाव होने से रिटर्न जमा करने में हीलाहवाली करने वालों के लिए मुश्किलें बढ़ेंगी। नोटिसें जारी होने के साथ ही कानूनी शिकंजा भी कसेगा। बहुत से व्यापारी लेट होने पर सरकार की ब्याज माफी जैसी योजना का इंतजार करते हैं, इससे और लेटलतीफी होती है। – **पवन अग्रवाल**, सीए

सरकार का फैसला स्वागत और सराहनीय है। समय से रिटर्न जमा करने और नहीं जमा करने वाले सभी व्यापारियों को एक दायरे में लाने की भी कोशिश है। व्यापार करने के लिए नियमों के अनुसार ही चलना पड़ेगा। सरकार का यही उद्देश्य है। व्यापारियों को समय से रिटर्न दाखिल करना चाहिए, जिससे वे डिफाल्टर की श्रेणी में नहीं आ सके। लापरवाही पर भी रोक लगेगी। – **राजा चावला**, सीए

> तीन साल से कितने लोगों ने रिटर्न दाखिल नहीं किया है, इसकी जानकारी जुटाई जाएगी। सभी व्यापारियों को पारदर्शी और निष्पक्ष तरीके से काम करने के लिए रिटर्न समय से दाखिल करना चाहिए। जीएसटी करदाताओं से अपील है कि रिकॉर्ड का मिलान करते हुए अगर तीन साल पुराना रिटर्न है तो जुलाई से पहले अवश्य जमा कर दें। – **ओपी तिवारी**, अपर आयुक्त राज्यकर ग्रेड–1

खबरें www.amritvichar.com पर भी पढ़ें।

# विशेषज्ञों ने शोध और अनुभव किए साझा

**बरेली, अमृत विचारः** इंडियन सोसायटी आफ वैस्कुलर एंड इंटरवेंशनल रेडियोलॉजी सोसाइटी (आईएसवीआईआर) उत्तर प्रदेश चैप्टर की ओर से ''''हेड टू टो इंटरवेंशन'''' विषय पर रविवार को सीएमई आयोजित की गई। इसमें वैस्कुलर एंड इंटरवेंशनल रेडियोलॉजी के क्षेत्र में विशेषज्ञों ने अपने शोध और अनुभव साझा किए।

पीलीभीत बाईपास स्थित एक होटल में आयोजित सीएमई में न्यूरोइंटरवेंशन, पेरीफेरल वैस्कुलर और एओर्टिक इंटरवेंशनल सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। इसमें प्रतिनिधियों को विशेषज्ञों के साथ जुड़ने और चुनौतीपूर्ण मामलों पर चर्चा करने का अवसर प्रदान किया गया। आईएसवीआईआर उत्तर प्रदेश चैप्टर के प्रेसिडेंट डॉ. विवेक सिंह ने कहा कि यह सीएमई आईएसवीआईआर के लिए महत्वपूर्ण मील का पत्थर है और हम चिकित्सा पेशेवरों के बीच शिक्षा और सहयोग को बढ़ावा देने के लिए अधिक कार्यक्रम आयोजित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। सीएमई की आर्गनाइजिंग प्रेसिडेंट डॉ. नम्रता सिंह ने प्रतिनिधियों, संकाय सदस्यों और प्रायोजकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सीएमई की सफलता वैस्कुलर और इंटरवेंशनल रेडियोलॉजी में बढ़ती रुचि को रेखांकित करती है।

इस क्षेत्र में निरंतर शिक्षा और प्रशिक्षण की आवश्यकता पर प्रकाश डालती है। सीएमई के आर्गनाइजिंग सचिव एवं रोहिलखंड मेडिकल कालेज के डॉ. सौरभ कुमार राय ने आयोजन की योजना और निष्पादन पर प्रकाश डाला। सीएमई में न्यूरोसर्जन, कार्डियक और वैस्कुलर सर्जन, न्यूरोलॉजिस्ट, छाती रोग विशेषज्ञ और नेफ्रोलॉजिस्ट ने भाग लिया।

## मृतका को जीवित दिखा हड़प ली करोड़ों की जमीन

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** फर्जी दस्तावेजों के जरिए करोड़ों की जमीन हड़पने के मामले में सिविल लाइंस थाना पुलिस ने आठ नामजद आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

जनपद रामपुर के थाना टांडा क्षेत्र स्थित गांव सैटाखेड़ा निवासी रमेश चंद्र ने एसएसपी सतपाल अंतिल को शिकायती पत्र देकर बताया कि 2009 में उसके पिता ने मुरादाबाद के गांव चतरपुर नक्टाखेड़ा में भूमि का आधा हिस्सा धर्मेंद्र से खरीदा था। यह जमीन उनकी माता फूलवती के नाम रजिस्टर्ड कराई गई थी, जिनका निधन 25 अप्रैल 2012 को हो गया था। जमीन की देखरेख का जिम्मा धर्मेंद्र को दिया गया था, लेकिन उसी ने साजिश के तहत राजेंद्र सिंह, रेहान अहमद, एक अज्ञात महिला समेत अन्य सहयोगियों के साथ मिलकर एक फर्जी महिला को मृत फूलवती बताकर बीती 16 अप्रैल 2022 को फर्जी मुख्तारनामा तैयार करवाया। एसएसपी के आदेश पर पुलिस ने धर्मेंद्र, राजेंद्र सिंह, रिहान अहमद, एक अज्ञात महिला, रजिस्ट्री के गवाह राजेंद्र व टिन्नी, और जमीन खरीदने वाले आसिफ हुसैन व रेहान के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। सिविल लाइंस थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि आठ नामजद आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज की है।

## रुपये लेकर दूसरे से कर दिया मकान का सौदा

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मकान बेचने के नाम पर लाखों रुपये ऐंठने, रजिस्ट्री न कराने व रुपये न लौटाने के आरोप में मझोला थाना पुलिस ने दो महिलाओं समेत पांच लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज की है। पीड़ित ने बताया कि आरोपियों ने मकान का सौदा किसी अन्य व्यक्ति से कर लिया और अब फरार हो गए। थाना मझोला क्षेत्र के आजाद नगर एमडीए कॉलोनी निवासी सलमान ने एसएसपी को शिकायत पत्र देकर बताया कि उन्होंने एमएमआईजी–1 स्थित मकान संख्या 247, जो मुरसलीन के नाम है। उसे 65 लाख रुपये में खरीदने का सौदा किया था। सौदे में मुरसलीन के अलावा फरहा, हबीब, गुड्डू और उसकी पत्नी शबनम भी शामिल थे। पीड़ित ने बताया कि मुरसलीन के कहने पर उसने हबीब के यूको बैंक सिविल लाइंस स्थित खाते में एक लाख रुपये अग्रिम भुगतान के तौर पर ट्रांसफर किए। इसके अगले दिन को 3 .98 लाख और ट्रांसफर किए।


### कार्यालय नगर पंचायत-उसांवा (बदायूँ)

संख्या : 44/न.प.उसां./2025–26 दिनांक : 6.6.25

**ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

समस्त पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मो को सूचित किया जाता है कि पंण्डित दीन दयाल उपाध्याय नगर विकास योजना के अन्तर्गत प्राप्त स्वीकृति 10 निर्माण कार्यो हेतु प्राप्त धनराशि से कार्य कराने हेतु E-Tender Technical and Financial bid के माध्यम से दि. 9.6.25 को समय 11 बजे से दि. 30.6.25 तक सायं 5 बजे तक निविदायें आमंत्रित की जाती है। E-Tender से प्राप्त निविदायें E-Tender Technical and Financial bid दि. 1.7.25 से खोली जायेंगी। E-Tender Technical and Financial bid से सम्बन्धित समस्त शर्तो व विवरण की जानकारी ई–टेण्डर वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर की देखी जा सकती है।

**(देवेन्द्र प्रताप गौतम)** **अधिशासी अधिकारी** **नगर पंचायत, उसावां (बदायूँ)**

**(प्रियंका सिंह)** **अध्यक्ष** **नगर पंचायत, उसावां (बदायूँ)**

### कार्यालय, उपनिदेशक, दुधवा, दुधवा टाइगर रिजर्व प्रभाग, पलिया–खीरी।

पत्राँक 4983 /39–1 दिनाँक, पलिया–खीरी, जून, 04 /2025

नीलामी सूचना

सर्वसाधारण को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि, आगामी दिनांक 17.06.2025 को पूर्वान्ह 11.00 बजे निम्नलिखित अधिहरित वाहनों की नीलामी पलिया स्थित कार्यालय उपनिदेशक दुधवा टाइगर रिजर्व प्रभाग, पलिया खीरी के जायका भवन में की जायेगी। नीलामी में भाग लेने वाले इच्छुक व्यक्ति निम्नलिखित शर्तों के आधार पर अपना नाम पंजीकृत कराकर नीलाम में भाग ले सकते हैं।

| क्र0 सं0 | वाहन संख्या | वाहन का प्रकार | स्थल/रेंज का नाम जहां वाहन खडा है। |
|---|---|---|---|
| 1 | र0त0/2281 | 585 महेन्द्रा ट्रैक्टर एवं ट्राली | बनकटी रेंज |
| 2 | UP31AS/2433 | स्प्लेण्डर प्लस मोटर साइकिल | सतियाना रेंज |
| 3 | UP32AH/9157 | स्प्लेण्डर प्लस मोटर साइकिल | सतियाना रेंज |
| 4 | HR/01F/2845 | अर्मदा जीप | दुधवा रेंज |
| 5 | UP31V/4874 | बजाज डिस्कवर मोटर साइकिल | दुधवा रेंज |
| 6 | UP31D/4303 | डी0सी0एम0 | दुधवा रेंज |
| 7 | DL9CAG/3300 | रेनाल्ट कार | दुधवा रेंज |
| 8 | UP31E/4883 | टी0वी0एस0 मोटर साइकिल | दक्षिण सोनारीपुर रेंज |
| 9 | UP31L/2413 | सी0टी0 100 बजाज | दक्षिण सोनारीपुर रेंज |
| 10 | सं0–से0/4839 | बजाज पल्सर मोटर साइकिल | गौरीफंटा रेंज |
| 11 | UP31AC/8222 | हॉण्डा मोटर साइकिल | उत्तर सोनारीपुर रेंज |
| 12 | UP42T/3035 | पिकअप वाहन | बेलरायां रेंज |
| 13 | UP31E/1544 | हीरो हाण्डा पैशन प्रो0 मोटर साइकिल | बेलरायां रेंज |
| 14 | UP31E/7853 | यमहा क्रक्स मोटर साइकिल | बेलरायां रेंज |
| 15 | UP31T/4687 | टाटा आर एक्स पिकअप | बेलरायां रेंज |
| 16 | - | दो पहिया ट्राली | बेलरायां रेंज |
| 17 | UP31AK/7229 | हीरो सुपर स्प्लेण्डर मोटर साइकिल | बेलरायां रेंज |
| 18 | UP31R/5187 | बजाज डिस्कवर मोटर साइकिल | बेलरायां रेंज |
| 19 | UP31T/7794 | बोलेरो पिकअप | बेलरायां रेंज |
| 20 | UP31AF/2053 | हीरो डिलक्स मोटर साइकिल | बेलरायां रेंज |
| 21 | UP31X/8015 | बजाज प्लेटिना मोटर साइकिल | बेलरायां रेंज |
| 22 | UP31T/3116 | पिकअप | बेलरायां रेंज |
| 23 | UP25/8544 | टाटा 709 ट्रक | मैलानी रेंज |
| 24 | UP31A/1081 | मोटर साइकिल | मैलानी रेंज |
| 25 | UP31X/7506 | होरा हाण्डा मोटर साइकिल | मैलानी रेंज |
| 26 | UP31T/6356 | टाटा मैजिक | मैलानी रेंज |
| 27 | UP31BB/3977 | हीरो हाण्डा मोटर साइकिल | मैलानी रेंज |
| 28 | UP71B/6314 | पिकअप | मैलानी रेंज |
| 29 | UK6Y/4987 | बजाज डिस्कवर मोटर साइकिल | किशनपुर रेंज |
| 30 | UP23A/3880 | बाक्सर ए0टी0 मोटर साइकिल | किशनपुर रेंज |
| 31 | UP31X/9810 | प्लेटिना मोटर साइकिल | किशनपुर रेंज |
| 32 | चेचिस नम्बर–एम0बी0एल0एच0ए0सी0 028के04ए0 1351 | एच0एफ0 डीलक्स मोटर साइकिल | किशनपुर रेंज |

नीलाम की शर्तें निम्न प्रकार हैं–

1. उक्त वाहन जहां जैसी स्थिति में खडा है के आधार पर मान्य होगा। नीलामी के उपरान्त वाहन से सम्बन्धित किसी प्रकार का क्लेम मान्य नहीं होगा।
2. उक्त वाहनों को प्रत्येक कार्य दिवस में वाहन खडे होने के स्थान पर प्रातः 10.00 बजे से सायंकाल 5.00 बजे तक उप निदेशक दुधवा टाइगर रिजर्व प्रभाग, कार्यालय से सम्पर्क कर देखा जा सकता है।
3. नीलामी में भाग लेने से पूर्व धरोहर धनराशि के रूप में रु0 50000.00 (रु0 पचास हजार मात्र) जमा करना अनिवार्य होगा।
4. उच्च्तम बोली बोलने वाले क्रेता को सम्पूर्ण धनराशि का 25 प्रतिशत जमानत धनराशि शिविर प्रभारी दुधवा टाइगर रिजर्व प्रभाग के पास उसी समय जमा करनी होगी नीलाम स्वीकृत होने पर उच्चतम बोली की शेष धनराशि मय टैक्स एवं अन्य शासकीय देय क्रेता द्वारा जमा करने के उपरान्त वाहन एक सप्ताह के अन्दर उठाना अनिवार्य होगा। अन्यथा जमानत की धनराशि जब्त कर ली जायेगी।
5. वाहन की निर्धारित बिक्रय मूल्य की बोली न आने पर नीलामी स्थगित कर दी जायेगी।
6. लाट को बिना करण बताये स्वीकार/अस्वीकार करने का पूर्ण अधिकार सक्षम अधिकारी को सुरक्षित होगा।
7. नीलामी में उन्हीं ठेकेदारों की बोली मान्य होगी जिनका जी0एस0टी0 रजिस्ट्रेशन पंजीकरण होगा। पंजीकरण प्रमाण–पत्र की छायाप्रति प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

–ह0–
(डॉ0 रंगाराजू टी0)
वन संरक्षक/उप निदेशक,
दुधवा टाइगर रिजर्व प्रभाग,
पलिया–खीरी।

UP – 234762 **दिनांक:** 06/06/2025
**विज्ञापन वेबसाइट** www.up.gov.in **पर उपलब्ध है।**

## एक नजर

### 50 हजार लघु किसानों को एक हजार करोड़ का ऋण

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में 50 हजार लघु किसानों को एक हजार करोड़ का ऋण उपलब्ध कराया गया है। इससे गांवों में रोजगार के नए द्वार खुल गए हैं। इसके अलावा साहूकारों व सूदखोरों के शोषण से किसानों को मुक्त कराया गया है। शासन के अधिकारियों के अनुसार, राज्य सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि विकास व रोजगार सृजन की दिशा में बड़े पैमाने पर कार्य कर रही है। राज्य सरकार ने बीते चार वर्ष में 50 हजार से अधिक लघु और सीमांत किसानों को एक हजार करोड़ रुपये से अधिक का दीर्घकालीन ऋण वितरित किया। यह ऋण न केवल किसानों की कृषि गतिविधियों को गति देने में सहायक सिद्ध हो रहा है, बल्कि रोजगार सृजन और पूंजी निर्माण का भी मजबूत आधार बन रहा है।

### पांच देशों के 50 मेहमानों ने यूपी में की बोधि यात्रा

**अमृत विचार, लखनऊ :** योगी सरकार बौद्ध सर्किट के विकास और पर्यटन को लगातार बढ़ावा दे रही है। इसी कड़ी में, मेकांग-गंगा सहयोग (एमजीसी) के तहत बोधि यात्रा नामक एक फैमिलियराइजेशन ट्रिप संपन्न हुई, जिसमें आसियान के पांच देश कंबोडिया, लाओस, म्यांमार, थाईलैंड और वियतनाम के 50 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेश के बौद्ध संबन्धित स्थलों का भ्रमण किया। 2 से 7 जून तक चली इस यात्रा पर आए दल में बौद्ध भिक्षु, ट्रैवल एजेंट्स और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर शामिल थे। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने रविवार को बताया कि बोधि यात्रा का उद्देश्य श्रावस्ती, कपिलवस्तु, कुशीनगर, सारनाथ, वाराणसी, लखनऊ और आगरा आदि प्रमुख बौद्ध स्थलों को विश्व पर्यटन मानचित्र पर प्रदर्शित करना था। इससे पहले लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी से भी प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की, मुख्यमंत्री ने मेहमानों को उप्र. के प्रसिद्ध बौद्ध तीर्थस्थलों के बारे में अलग-अलग महत्व बताते हुए जानकारी दी। बोधि यात्रा के दौरान बी2बी बैठकों का आयोजन भी किया गया, जिसने भारत और दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों के बीच पर्यटन और सांस्कृतिक सहयोग का आश्वासन मिला।

# वर्षों से एक ही जगह जमे डॉक्टरों के होंगे तबादले

- जिले में 3 साल, मंडल में 7 साल बिता चुके डॉक्टरों पर गिरेगी गाज
- प्रमुख सचिव स्वास्थ्य ने जारी की ट्रांसफर पॉलिसी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** सरकारी अस्पतालों एवं कार्यालयों में लंबे समय से जमे चिकित्सकों पर तबादले के बादल मंडराने लगे हैं। दो दिन पूर्व प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा द्वारा स्थानांतरण पॉलिसी को लेकर जारी दिशा-निर्देश के बाद जुगाड़ के दम पर एक ही शहर में जमे डॉक्टर व अधिकारियों को वातानुकूलित कमरों के बावजूद माथे पर पसीना आने लगा है।

स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सचिव ने शुक्रवार को स्थानांतरण पॉलिसी के तहत स्वास्थ्य विभाग और परिवार कल्याण महानिदेशक को निर्देश दिए हैं, उन्होंने स्पष्ट किया है कि मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं अपर मुख्य चिकित्साधिकारी, अगर जिले में तीन साल और मंडल में सात साल बीता चुके हैं, को स्थानान्तरित किया जाए। हालांकि विभागाध्यक्षों और मंडलीय कार्यालयों में तैनाती की अवधि उक्त निर्धारित अवधि में नहीं गिना जायेगा। इसके बाद नियमों की जद में आने वाले समूह क व ख के चिकित्सा अधिकारियों ने गुणा-गणित शुरू कर दी है।

### ट्रांसफर पॉलिसी के विरोध में चल रही गणित

विभागीय अधिकारियों का मानना है कि नियमानुसार 10 प्रतिशत यानी प्रदेश में डॉक्टरों के 1000 से ज्यादा तबादले नहीं होने हैं, इसमें अनुरोध पर होने वाले ट्रांसफर भी शामिल हैं। इसके अलावा छोटे जिलों में डॉक्टर सेवाएं देना नहीं चाहते हैं, पूर्व में तबादले के बाद न ज्वाइन करने के तमाम नजीरें उपलब्ध हैं।

इसके अलावा निर्देश हैं कि बीते पांच साल से मुख्य चिकित्सा अधीक्षक य प्रमुख चिकित्सक व निदेशक, जो एक ही अस्पताल या मंडलीय कार्यालयों में बीते पांच साल से तैनात हैं तो अन्य मंडल में ट्रांसफर किया जाए, हालांकि जो चिकित्सक सरकारी अस्पतालों में केवल चिकित्सकीय सेवाएं प्रदान कर रहे हैं, उन पर ट्रांसफर पॉलिसी नहीं लागू होगी। इतना ही नहीं, विभिन्न जिलों में मुख्य चिकित्साधिकारी अंतर्गत सीएचसी अधीक्षक व एमओआईसी नियुक्ति की अवधि तीन साल से ज्यादा हो चुकी है तो उन्हें उसी जिले में अन्यंत्र स्थानान्तरित किया जाएगा।

### आकांक्षी जिलों में डॉक्टरों को भेजने पर जोर

भारत सरकार द्वारा प्रदेश के घोषित आठ आकांक्षी जिलों व ब्लाक स्थित सरकारी अस्पताल व स्वास्थ्य केंद्रों पर निर्धारित पदों पर डॉक्टर व कार्मियों को तैनात करने पर विशेष जोर दिया गया है। इन जिलों में चित्रकूट, चंदौली, सोनभद्र, फतेहपुर, बलरामपुर, सिद्धार्थ नगर, श्रावस्ती व बहराइच शामिल हैं।

> निर्देशों के अनुसार निर्धारित अवधि से ज्यादा समय से एक ही पद पर कार्यरत अपर मुख्य चिकित्साधिकारियों समेत अन्य डॉक्टरों के स्थानांतरण होने हैं, इसके लिए अपेक्षित प्रक्रिया चल रही है। अस्पतालों में चिकित्सकीय कार्य प्रभावित न हो, इसलिए चिकित्सकीय सेवाएं देने वाले चिकित्सकों को तबादले से दूर रखा जाएगा।
>
> **-डॉ. रतन पाल सिंह सुमन, स्वास्थ्य महानिदेशक, उप्र.**

# कार्यक्रम से पहले कलाकारों को मिलेगा 50 प्रतिशत भुगतान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** संस्कृति निदेशालय ने लोक कलाकारों को बड़ी राहत देते हुए प्रस्तुति से पहले 50 फीसदी भुगतान करने का निर्णय लिया है। यह फैसला कमीशनखोरी की शिकायतों के बाद लिया गया है। कलाकारों को बाकी राशि प्रस्तुति का प्रमाण देने के बाद ही मिलेगी। निदेशालय ने पारदर्शिता लाने के लिए यह कदम उठाया है, जिससे भ्रष्टाचार पर लगाम लगेगी।

संस्कृति निदेशालय को लगातार इस बात की शिकायतें मिल रही थीं कि कुछ कर्मचारियों व दलालों के माध्यम से लोक कलाकारों को कार्यक्रम देने के बदले में कमीशन लिया जा रहा है। 5 से 23 फरवरी तक चले इंडो-नेपाल मैत्री महोत्सव में कलाकारों से कमीशन लेने के मामले में कानपुर की एक इवेंट मैनेजमेंट कंपनी के संचालक को एसटीएफ ने गिरफ्तार किया था। इसके बाद निदेशालय ने मामले को गंभीरता से लिया है। इस कार्यक्रम के आयोजन से पहले भी संस्कृति विभाग की तरफ से आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में कलाकारों से इसकी जानकारी कमीशन लेने का मामला उजागर हुआ था, इसकी जांच की जा रही है।

# टेरीटोरियल आर्मी में नौकरी दिलाने के नाम पर फर्जीवाड़ा

## एसटीएफ ने आगरा से तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** एसटीएफ ने टेरीटोरियल आर्मी (टीए) में नौकरी दिलाने के नाम पर फर्जीवाड़ा करने वाले गिरोह का खुलासा किया। इस गिरोह के तीन सदस्यों को आगरा के हरिपर्वत थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया। फर्जीवाड़े का खुलासा मिलिट्री इंटेलिजेंस लखनऊ और एसटीएफ की संयुक्त टीम ने किया। आरोपियों के पास से गेट पास व नियुक्ति पत्र बरामद किया गया है।

एसटीएफ के एएसपी राकेश मुताबिक, पकड़े गये आरोपियों में दो सुनील कुमार रखकंगवाल और बलवंत सिंह जीएमएस रघुनाथपुरा, हरीपुर पाटिल जम्मू के सांबा के रहने वाले हैं। वहीं तीसरा आरोपी अजय कुमार यादव फिरोजाबाद के सैगई का निवासी है। तीनों आरोपी खेरिया मोड़, आईएसबीटी के पास होटल में ठहरे हुए थे। इस गिरोह के दो सदस्य फरार है। फरार सदस्यों में गिरोह का मास्टरमाइंड भी शामिल है। दोनों की तलाश में एसटीएफ की टीम लगी हुई है।



मिलिट्री इंटेलिजेंस और एसटीएफ की संयुक्त टीम द्वारा पकड़े गए आरोपी।

### नौकरी का झांसा देकर अभ्यर्थियों को ले गए जम्मू-कश्मीर

पूछताछ में आरोपियों ने कुबूल किया कि आगरा में रहने वाले 24 अभ्यर्थियों को नौकरी का झांसा दिया था। इन अभ्यर्थियों को टेरीटोरियल आर्मी में नौकरी का झांसा देकर जम्मू-कश्मीर लेकर गये थे। सभी अभ्यर्थियों को फर्जी नियुक्ति पत्र भी दिया था। सभी के चिकित्सकीय परीक्षण के लिए होटल में ठहराया गया था। आरोपियों से सात-आठ लाख रुपये लिये थे। यह रुपये दीपक शर्मा के खाते में ऑनलाइन ट्रांसफर कराते थे। इसके बदले में दीपक को 30-40 हजार रुपये प्रत्येक ट्रांजेक्शन के दिये जाते थे। आरोपियों के पास से एसटीएफ ने आधार कार्ड, डीएल, एटीएम कार्ड, मतदाता पहचान पत्र, आयुष्मान कार्ड, कूट रचित नियुक्ति पत्र, गेट पास, तीन मोबाइल व नकदी बरामद किया है।

# मुख्यमंत्री के दौरे से एक दिन पहले बहराइच में मिला विस्फोटक का जखीरा

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दौरे से एक दिन पहले बहराइच में विस्फोटक का जखीरा मिला है। इससे अधिकारियों के होश उड़ गए। विस्फोटक महसी इलाके के सिकंदरपुर, बालासराय व साधुवापुर के गावों से बरामद हुआ है। यह विस्फोटक खेत में जमीन खोदकर छुपाया गया था। घटना के बाद क्षेत्र को छावनी में तब्दील कर दिया गया। पुलिस अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर जानकारी जुटाई है। बताया जा रहा है कि करीब 500 किलो विस्फोटक पुलिस ने बरामद किया है।

ग्रामीण बताते हैं कि सूचना पर विधायक सुरेश्वर सिंह मौके पर पहुंच गए। उन्होंने इतनी बड़ी मात्रा पर विस्फोटक मिलने पर पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाया। कहा कि बिना किसी अनुमति क्षेत्र में किसी अज्ञात कंपनी द्वारा इतनी भारी मात्रा में विस्फोटक कैसे एकत्र किया जा रहा था। उन्होंने जांच करके आरोपियों की गिरफ्तारी करने के साथ सब पर कड़ी कार्रवाई की बात कही। वहीं विधायक ने विस्फोटक मिलने के बाद सीएम का दौरा रद्द करने की अपील की। विस्फोटक की जांच के लिए सीतापुर से बम स्क्वायड टीम बुलाई गई है। मामले में क्षेत्र से 40 से अधिक अज्ञात लोगों को पुलिस ने हिरासत में लिया है। यह विस्फोटक अल्फा जीईओ लिमिटेड कंपनी का बताया जा रहा है। विधायक ने मामले की सूचना डीएम, एसपी, एडीएम, एएसपी ग्रामीण व एसडीएम महसी को इलाके में पांच सौ किलो विस्फोटक भरे वाहन की सूचना दी। यही नहीं, उन्होंने प्रमुख सचिव गृह से भी सम्पर्क किया। इधर मामले में एडीएम गौरव रंजन हरदी थाने पहुंचे और जांच शुरू की। उनका कहना है कि विधिक कार्यवाही की जायेगी।

> पेट्रोलियम मंत्रालय से फरवरी माह में पेट्रोलियम पदार्थ की खोजबीन के लिये अनुमति ली गई थी। विस्फोटक पदार्थ व कर्मियों की गतिविधियों की सूचना ग्रामीणों व प्रशासनिक अधिकारियों को नहीं दे सके। विस्फोटक पदार्थ में अमोनिया नाइट्रेट था जो जानलेवा नहीं है। - **कुलदीप शर्मा**, अभियंता, अल्फा जियो कंपनी

# युवती से दुष्कर्म के आरोप में डॉक्टर गिरफ्तार

**मुजफ्फरनगर, एजेंसी:** जिले के भोपा क्षेत्र में शनिवार शाम अपने क्लीनिक में 19 वर्षीया युवती से दुष्कर्म करने के आरोप में एक डॉक्टर को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी की पहचान वीरपाल सहरावत के रूप में हुई है। वह भाजपा का मंडल अध्यक्ष भी रह चुका है।

शिकायत के मुताबिक बीमार होने पर पीड़िता अपने छोटे भाई के साथ डॉ. सहरावत के क्लीनिक गई थी तभी चिकित्सक उसे अकेले क्लीनिक के अंदर एक केबिन में ले गया जहां जांच के दौरान उससे कथित तौर पर दुष्कर्म किया। रविशंकर ने बताया कि उसने विरोध किया और जब पीड़िता के भाई ने चिकित्सक को रोकने की कोशिश की तो उससे भी मारपीट की।

# ईंट भट्ठा नियमावली में संशोधन की तैयारी

- प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, पर्यावरण व कर विभाग के समन्वय से होगा ईंट भट्ठों का संचालन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** जल्द ही उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, पर्यावरण व कर विभाग के समन्वय से ईंट भट्ठों का संचालन होगा। राज्य सरकार ने ईंट भट्ठा नियमावली 2012 में संशोधन की तैयारी शुरू कर दी है। नई व्यवस्था में कर विभाग को ईंट भट्ठों की सूची सौंपी जाएगी। इससे जीएसटी संग्रह की कमी दूर हो सकेगी। इसके साथ ही, प्रदूषण नियंत्रण के लिए लाल ईंट के विकल्प को बढ़ावा दिया जाएगा।

शासन के अधिकारियों के अनुसार, पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए प्रदेश में ईंट भट्ठा उद्योग के नियमन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए जा रहे हैं। उच्चतम न्यायालय के सेवानिवृत्त मुख्य न्यायाधीश बीएन खरे की विधिक राय के अनुरूप ईंट भट्ठों की नियमावली में संशोधन प्रस्तावित किया गया है। इन प्रयासों से न केवल प्रदेश में पर्यावरण संरक्षण को बल मिलेगा, बल्कि ईंट भट्ठा उद्योग को भी व्यवस्थित और टिकाऊ बनाया जा सकेगा।

अधिकारियों ने बताया कि वर्ष 2012 से पहले प्रदेश में ईंट भट्ठों के लिए कोई स्पष्ट नियमावली नहीं थी। 2012 में बनी नियमावली के तहत प्रदेश के लगभग 6500 ईंट भट्ठे अवैध घोषित हो गये थे, पर इसके बाद भी ईंट भट्ठों के अनियमित संचालन के कारण उचित कर संग्रह संभव नहीं हो पा रहा था। ईंट भट्ठों का संचालन करने वाले कई ईंट भट्ठा मालिकों को आर्थिक नुकसान हो रहा था।

## बिचौलियों, उद्योगपतियों के लिए हो रही फसलों की खरीद : अखिलेश

**अमृत विचार, लखनऊ :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार में फसलों की लूट है। सरकार बिचौलियों और उद्योगपतियों के लिए फसलों की खरीद कर रही है। भाजपा सरकार का एजेंडा उद्योगपतियों को लाभ दिलाने का रहता है। इनको किसानों से कोई मतलब नहीं है। सपा प्रमुख ने रविवार को जारी बयान में कहा कि भाजपा सरकार में खेती का लागत मूल्य बढ़ता जा रहा है। खाद, बीज, पानी, कीटनाशक सब कुछ महंगा हो गया है। भाजपा सरकार ने किसानों को धोखा दिया है, भाजपा धोखा देने में अव्वल है।



# ग्रेटर नोएडा में बनेगी फ्लैटेड फैक्टरी

## यीडा ने बनाई कार्ययोजना, दो साल में होगा निर्माण

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) एक बड़ी पहल करने जा रहा है। गौतमबुद्ध नगर के ग्रेटर नोएडा स्थित सेक्टर 28 में आधुनिक फ्लैटेड फैक्टरी का निर्माण होगा।

फ्लैटेड फैक्टरी कॉम्पलेक्स के निर्माण से जुड़ी प्रक्रिया भी जल्द शुरू होने जा रही है और फिलहाल मास्टर प्लान पर काम चल रहा है। प्रक्रिया के अनुसार, लगभग 125 करोड़ की लागत से 24 महीने में निर्माण कार्यों को पूरा किए जाने का लक्ष्य निर्धारित है। सेक्टर-28 में प्रस्तावित फ्लैटेड फैक्ट्री न केवल एमएसएमई सेक्टर को गति देगी, बल्कि नोएडा व ग्रेटर नोएडा क्षेत्र के आर्थिक विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इस फ्लैटेड फैक्टरी कॉम्पलेक्स के जरिए सरकार का उद्देश्य छोटे उद्यमियों को एक ही परिसर में सभी बुनियादी सुविधाओं से लैस यूनिट्स देना है ताकि उत्पादन कार्य बिना किसी बाधा के चल सके।

योजना के तहत फैक्टरी परिसर से संबंधित बाहरी विकास कार्य भी किए जाएंगे जिसमें बाउंड्री वॉल, गेट, गार्ड रूम, इंटरनल रोड, पार्किंग, ड्रेनेज, सीवरेज, वाटर सप्लाई, प्लंबिंग पंप, अग्निशमन उपकरणों की स्थापना और लैंडस्केपिंग भी शामिल हैं।

### ईपीसी मोड पर निर्माण कार्यों को किया जाएगा पूरा

यह प्रोजेक्ट इंजीनियरिंग, प्रोक्योरमेंट और कंस्ट्रक्शन (ईपीसी) मोड पर होगा और इसका निर्माण कार्य 24 महीनों में पूरा किया जाएगा। निर्माण पूरा होने के बाद परियोजना के अंतर्गत तीन साल की डिफेक्ट लायबिलिटी अवधि भी लागू होगी। यह बहुमंजिला (बेसमेंट ग्राउंड फ्लोर 3 फ्लोर युक्त) फ्लैटेड फैक्टरी लगभग 38,665 वर्गमीटर से अधिक क्षेत्र में फैली होगी और इसमें सूक्ष्म, लघु व मध्यम दर्जे के उद्यमों के लिए अत्याधुनिक सुविधा युक्त यूनिट्स होंगे।

# निजीकरण पर बिजली कर्मियों ने प्रबंधन से फिर पूछे सवाल

- कर्मियों के समर्थन में दिल्ली में संगठनों की बैठक आज

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** निजीकरण के विरोध में आंदोलनरत बिजली कर्मियों ने उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन प्रबंधन से रविवार को फिर पांच सवाल पूछे। इस बीच, बिजली कर्मियों के समर्थन में दिल्ली में राष्ट्रीय स्तर के कर्मचारी संगठनों की बैठक 9 जून को होगी।

विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उत्तर प्रदेश की रविवार को ऑनलाइन हुई प्रांतव्यापी बैठक में 22 जून को लखनऊ में होने वाली बिजली महापंचायत की तैयारी की समीक्षा की गई और महापंचायत में रखे जाने वाले प्रस्ताव पर चर्चा हुई। समिति के संयोजक शैलेंद्र दुबे ने बताया कि प्रदेश के बिजली कर्मियों के समर्थन में आंदोलन का निर्णय लेने के लिए नेशनल कोऑर्डिनेशन कमेटी ऑफ इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाइज एंड इंजीनियर्स की कोर कमेटी की दिल्ली में होगी। इस बैठक में पिछले छह महीने से प्रदेश में चल रहे निजीकरण के विरोध में बिजली कर्मियों के आंदोलन की समीक्षा की जाएगी और समर्थन में राष्ट्रीय स्तर पर आंदोलन के कार्यक्रम तय किए जाएंगे।

संघर्ष समिति की ओर से पूछे गए सवालों में कहा गया है कि क्या निजी कॉरपोरेट घरानों की सहूलियत की दृष्टि से निजीकरण के पहले ही बड़े पैमाने पर लगभग 45 प्रतिशत संविदा कर्मियों को हटाया जा रहा है, हटा दिया गया है? भीषण गर्मी में अनुभवी संविदा कर्मियों को हटाए जाने से क्या बिजली आपूर्ति प्रभावित नहीं हो रही है? क्या प्रबंधन बिजली व्यवस्था बिगाड़ कर निजीकरण थोपना चाहता है?

### निजी कंपनी को 51% हिस्सेदारी तो निजीकरण कैसे नहीं

निजीकरण पर पावर कॉरपोरेशन की ओर से जारी प्रपत्र में लिखा है कि पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम व दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम का निजीकरण नहीं हो रहा है, बल्कि पीपीपी मॉडल पर सुधार के लिए निजी क्षेत्र की भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है। इसमें निजी क्षेत्र की 51 प्रतिशत और सरकारी क्षेत्र की 49 प्रतिशत भागीदारी होगी जो लगभग बराबर ही है। प्रश्न यह है कि जिसकी 51 प्रतिशत भागीदारी होती है, क्या उसका मालिकाना हक नहीं होता। निजी क्षेत्र की 51 प्रतिशत भागीदारी ग्रेटर नोएडा में है। क्या ग्रेटर नोएडा की कंपनी नोएडा पावर कंपनी लिमिटेड निजी कंपनी नहीं है।

**आरक्षित वर्ग के अधिकारी अगले माह शुरू करेंगे आंदोलन :** ऊर्जा निगमों के निजीकरण के विरोध में आरक्षित वर्ग के अधिकारी अगले माह आंदोलन शुरू करेंगे। सभी वितरण निगमों में निजीकरण हटाओ आरक्षण बचाओ सम्मेलन आयोजित किया जाएगा।


## वर्ग पहेली- 456

**बाएं से दाएं**

1. 1. व्यभिचारिणी स्त्री 2. बिना विवाह किए रखी हुई स्त्री, रखैल, उपपत्नी।
4. 1. सूत्र 2. नियम, नुस्खा 3. विधि, सिद्धांत 4. किसी काम को करने का तरीका, गुर, तरकीब, जैसे- फ़िल्म हिट करने का फ़ॉरमूला 5. सांकेतिक भाषा में तथ्यों का विवरण 6. औषधि या दवाई के घटक तथा उसे बनाने की विधि 7. मतभेद सुलझाने या समझौता कराने का उपाय।
5. 1. वह कर्मचारी जिसपर किसी कार्य का दारोमदार या पूरा दायित्व हो 2. स्तंभ 3. राज्य का प्रमुख
6. नट, कलाबाज़ी दिखाने वाला व्यक्ति।

**ऊपर से नीचे**

1. धरती पर गिरा हुआ, भूमिसात।
2. 1. नागरमोथा घास की एक जाति 2. एक तृण जिससे चटाई बनाई जाती है 3. गोनरा या गोनी नामक घास।
3. 1. जिसमें ज़ोर या शक्ति हो, ज़ोरवाला, बलशाली 2. तेज़, प्रबल, तीव्र 3. ज़बरदस्त, उत्साहवर्धक 4. आग्रहयुक्त, जैसे- ज़ोरदार अनुशंसा।
5. सामूहिक रूप से नमाज़ अदा करने के लिए मस्जिद से होने वाली पुकार या बुलावा।



### वर्ग पहेली -455 का हल


| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1 के | | 2 धू |
| | 3 र | | फ़े | | पि |
| | स | | 4 टि | कि | या |
| | धा | | रि | | |
| 5 क | र | छि | या | | 6 दि |
| रे | | | | | खा |
| 7 ल | घु | चे | ता | | ना |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 9 जून, सोमवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, त्रयोदशी-09.35 तक तत्पश्चात चतुर्दशी।

### आज का पंचांग





**दिशाशूल**- पूर्व। **ऋतु**- ग्रीष्म।
चन्द्रबल-मेष, वृषभ, सिंह, तुला, धनु, मकर।
ताराबल- भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-विशाखा 03.31 तक तत्पश्चात अनुराधा।

**मेष** - आज आप बच्चों के साथ कहीं घूमने जा सकते हैं। घर और ऑफिस में बड़ी ज़िम्मेदारी उठा सकते हैं। शरीर में ताजगी महसूस होगी। अल्पश्रम से अधिक लाभ की प्राप्ति होगी। परिवार के सभी सदस्य आपके खुश रहेंगे। खट्टा भोजन करने से बचें।

**वृष** - आज कानूनी मामलों में विजय प्राप्त होगी। जॉब में इच्छित स्थानान्तरण मिल सकता है। अपनी कमजोरियों को दूर करने के लिए प्रतिबद्ध रहें। अपने विचारों को महत्व देंगे। गठिया के रोगियों का कष्ट बढ़ सकता है। कठिन संघर्ष के बाद ही काम बनेंगे।

**मिथुन** - आज नव दपंतियों के मध्य प्रेम बढ़ेगा। फिल्म और चिकित्सा क्षेत्र में बेहतरीन लाभ मिल सकता है। भाई-बहनों के साथ रिश्ते मधुर रहेंगे। मित्र आपकी मदद करने का प्रयास करेंगे। अधिकारी आपकी योग्यता से काफी प्रसन्न रहेंगे।

**कर्क** - आज आपको परिजनों का विशेष स्नेह मिलेगा। जॉब में अपनी योग्यता प्रदर्शित कर पायेंगे। दांपत्य जीवन में आपसी समन्वय बढ़ेगा। कोई मूल्यवान वस्तु खरीद सकते हैं। आत्मविश्वास में कमी आने के योग बन रहे हैं। उच्चाधिकारियों के साथ संबंध खराब न करें।

**सिंह** - आज जीवनसाथी को पूरा समय दें। संतान की उन्नति से प्रसन्नता होगी। कुछ नया काम करने की इच्छा रहेगी। परिवार और दोस्तों के साथ संबंध अच्छे रहेंगे। मार्केटिंग और प्रमोशन आदि से जुड़े कार्यों में सफलता मिलेगी। प्रेम संबंधों में निकटता का एहसास होगा।

**कन्या** - आज आय के नए स्रोत मिल सकते हैं। नए विचारों को आगे बढ़ाने का प्रयास करेंगे। आपकी सलाह से लोगों का हित होगा। अपनी प्रतिभा का बेहतरीन उपयोग कर पायेंगे। अचानक विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। आपके विनम्र आचरण पर लोग मुग्ध रहेंगे।

**तुला** - आज कार्यक्षेत्र में सोच-समझकर निर्णय लें। ऑफिस में सभी तकनीक समस्याओं को दूर करने में सफल होंगे। मीडिया से जुड़े जातकों की आय बढ़ सकती है। मानसिक रूप से शांत रहेंगे। आपके काम की ऑफिस में प्रशंसा होगी।

**वृश्चिक** - आज शासकीय कर्मचारियों के लिए समय उत्तम है। नवीन पदस्थापना मिल सकती है। घर में मेहमान आ सकते हैं। सर्विस सेक्टर से जुड़े व्यवसायों में तेजी देखने को मिलेगी। प्रतियोगी परीक्षा में सफलता मिल सकती है। स्वास्थ्य की छोटी-छोटी समस्याओं से पीड़ित रहेंगे।

**धनु** - आज व्यापार में विस्तार करने की योजना बना सकते हैं। गृहस्थ जीवन की समस्याओं का निराकरण कर लेंगे। राजनीति में आपकी पकड़ मजबूत हो सकती है। जीवनसाथी के साथ संबंध मधुर होंगे। सेहत की दृष्टि से समय अच्छा है लेकिन लापरवाही न करें।

**मकर** - आज आप बचत और आय दोनों पर ध्यान देंगे। लवमेट्स के प्रति आपका रवैया उदार रहेगा। आपके कार्य की अच्छी प्रशंसा हो सकती है। समय पर सभी काम पूरा कर लेंगे। किसी खास व्यक्ति से बहुप्रतीक्षित मुलाक़ात होने के योग बन रहे हैं।

**कुंभ** - आज घर में प्रसन्नता का वातावरण रहेगा। बीमार जातकों का स्वास्थ्य बेहतर होगा। अपने दायित्वों का निर्वहन अच्छी तरह कर पायेंगे। सभी कार्यों को योजनाबद्ध तरीके से करेंगे। बुजुर्गों का आशीर्वाद प्राप्त होगा। भौतिक सुख-सुविधाओं के प्रति अत्यधिक आकर्षित रहेंगे।

**मीन** - आज कार्यक्षेत्र के मध्य में लाभ की स्थितियां बनेंगी। बॉस आपकी मेहनत और लगन की प्रशंसा भी करेंगे। दांपत्य संबंधों में प्रेम और रोमांस बढ़ेगा। किसी विशेष कार्य के लिए शानदार अवसर मिल सकते हैं। कोई गुप्त बात आपको पता लग सकती है।

## सुडोकू -3

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | | 2 | | | | 1 | |
| | 3 | | | 8 | | | | |
| 2 | 1 | 6 | | | 4 | | | 5 |
| | 5 | | | 3 | | 6 | 9 | |
| | | 1 | | | | 8 | | |
| | 9 | 2 | | 7 | | | 4 | |
| 1 | | | 9 | | | 5 | 2 | 6 |
| | | | | 5 | | | 3 | |
| | 2 | | | | 6 | | 7 | 4 |

### सुडोकू - 2 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 8 | 7 | 1 | 9 | 3 | 4 | 5 |
| 9 | 7 | 4 | 5 | 2 | 3 | 1 | 6 | 8 |
| 1 | 3 | 5 | 8 | 4 | 6 | 9 | 7 | 2 |
| 5 | 2 | 9 | 1 | 6 | 7 | 4 | 8 | 3 |
| 6 | 1 | 3 | 4 | 9 | 8 | 5 | 2 | 7 |
| 4 | 8 | 7 | 2 | 3 | 5 | 6 | 9 | 1 |
| 3 | 4 | 2 | 9 | 7 | 1 | 8 | 5 | 6 |
| 8 | 9 | 1 | 6 | 5 | 2 | 7 | 3 | 4 |
| 7 | 5 | 6 | 3 | 8 | 4 | 2 | 1 | 9 |

## एक नजर

### पाकिस्तान से आई हेरोइन की खेप बरामद

**अमृतसर।** पंजाब में अमृतसर ग्रामीण पुलिस ने छह किलोग्राम हेरोइन बरामद की और दो प्रमुख ड्रग तस्करों को गिरफ्तार किया है। डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि विशिष्ट खुफिया सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने गुरदित्ता उर्फ कालू और कैप्टन को गांव भकना के पास गिरफ्तार किया, जब वे मोटरसाइकिल पर उच्च श्रेणी की हेरोइन की खेप ले जा रहे थे। यह खेप पाकिस्तान स्थित हैंडलरों ने पंजाब में वितरण के लिए भेजी थी।

### भारत में कोरोना के सक्रिय मामले 6000 के पार

**नई दिल्ली।** देश के विभिन्न हिस्सों में पिछले 24 घंटों में कोविड-19 के लगभग 400 नये मामले सामने आए जिसके बाद इस संक्रमण के सक्रिय मामलों की संख्या 6,000 हो गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय से उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार इस अवधि के दौरान देश में इस संक्रमण से छह लोगों की मौत हुईं, जिनमें से तीन मौतें केरल में हुईं। अभी तक, भारत में 6,133 सक्रिय मामले हैं और कुल मौतों का आंकड़ा 65 है। कोविड- 19 संक्रमण के सर्वाधिक केस भी अब तक केरल में ही हैं।

### गंगानगर में तापमान 47.4 डिग्री सेल्सियस पहुंचा

**जयपुर।** राजस्थान के अधिकांश इलाके एक बार फिर लू की चपेट में हैं। गंगानगर में रविवार को अधिकतम तापमान 47 .4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो प्रदेश में सबसे ज्यादा रहा। मौसम विभाग के अधिकारियों ने राज्य में भीषण गर्मी का दौर जारी रहने का अनुमान जताया है।

# मणिपुर के कई जिलों में लगा कर्फ्यू

## सामाजिक नेताओं की गिरफ्तारी के विरोध में निषेधाज्ञा तोड़कर विरोध प्रदर्शन

**इंफाल, एजेंसी**

- प्रदर्शनकारियों ने कई वाहन फूंके पांच दिन के लिए इंटरनेट सेवा बंद

मणिपुर में सामाजिक-सांस्कृतिक संगठन अरामबाई टेंगोल नेता और चार अन्य की गिरफ्तारी के विरोध में बड़े पैमाने पर हुए प्रदर्शन के बाद राजधानी इंफाल सहित पांच जिलों में इंटरनेट सेवा निलंबित कर दी गई और अनिश्चितकाल के लिए कर्फ्यू लगा दिया गया है। मणिपुर के आयुक्त-सह-सचिव (गृह) एन अशोक कुमार ने कहा कि इंफाल पश्चिम, इंफाल पूर्व, थौबल, काकचिंग और बिष्णुपुर जिलों में इंटरनेट सेवा निलंबित की है।

अरामबाई टेंगोल ने अपने नेता कानन और चार अन्य की सीबीआई द्वारा गिरफ्तारी के विरोध में रविवार से मणिपुर में 10 दिवसीय बंद की घोषणा की है। गिरफ्तारी के बाद हिंसक प्रदर्शन हुए, प्रदर्शनकारियों ने सुरक्षाकर्मियों के वाहनों समेत करीब पांच वाहनों को आग लगा दी। सुरक्षाकर्मियों और प्रदर्शनकारियों के बीच झड़पों में अब तक करीब दस लोग घायल हो चुके हैं, जिनमें एक पत्रकार भी शामिल है। गौरतलब है कि सीबीआई सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशानुसार मणिपुर हिंसा मामलों की जांच कर रही है। प्रदर्शनकारियों ने सड़कों पर टायर जलाए, पत्थर और लकड़ियां जमा कीं। हिंसा को देखते हुए राजभवन और एयरपोर्ट की ओर जाने वाली सड़कों पर सेना, असम राइफल्स, सीआरपीएफ, बीएसएफ, पुलिस और अन्य सुरक्षा बल तैनात हैं।



हिंसा के बाद राजधानी इंफाल में तैनात सुरक्षाबल। ● एजेंसी

### राज्यपाल ने की सुरक्षा समीक्षा बैठक

**इंफाल।** मणिपुर के राज्यपाल अजय कुमार भल्ला ने रविवार को वरिष्ठ अधिकारियों के साथ सुरक्षा समीक्षा बैठक की। इस बीच विधायकों के एक प्रतिनिधिमंडल ने भी राज्यपाल से मुलाकात कर राज्य की मौजूदा कानून व्यवस्था की स्थिति से अवगत कराया और सामान्य स्थिति बहाल करने में हस्तक्षेप का आग्रह किया। समीक्षा बैठक के दौरान राज्य में मौजूदा कानून-व्यवस्था की स्थिति से संबंधित विभिन्न मामलों पर व्यापक चर्चा और समीक्षा की गई। बैठक में सुरक्षा सलाहकार, डीजीपी, आयुक्त (गृह) सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## चिराग का बिहार की 243 सीटों पर चुनाव लड़ने का एलान

**आरा (बिहार)।** लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने आज साफ शब्दों में कहा उनका गठबंधन सिर्फ और सिर्फ जनता के साथ है और वह बिहार और बिहारियों को फर्स्ट बनाने के लिए 243 विधानसभा सीट पर चुनाव लड़ेंगे।

चिराग ने रविवार को यहां रमना मैदान में लोजपा रामविलास के नव संकल्प महासभा को संबोधित करते हुए कहा, जब ये सवाल पूछा जाता है कि क्या चिराग पासवान बिहार से चुनाव लड़ेगा तो हां, मैं बिहार से चुनाव लड़ूँगा। मैं बिहार की 243 सीटों पर चुनाव लड़ूँगा, मैं बिहार की हर सीट से बिहार को फर्स्ट और बिहारियों को फर्स्ट बनाने के लिए चुनाव लड़ूंगा।

# तमिलनाडु, प. बंगाल में बनेगी राजग सरकार

**मदुरै (तमिलनाडु), एजेंसी**

- मदुरै में अमित शाह ने द्रमुक सरकार पर साधा निशाना

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि 2026 में तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार बनेगी। शाह ने 4,600 करोड़ रुपये के रेत खनन घोटाले सहित भ्रष्टाचार के नए आरोप लगाकर राज्य की द्रमुक सरकार पर निशाना साधा।

पार्टी पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए उन्होंने मदुरै को 'परिवर्तन' का शहर बताया और कहा कि इस मंदिर शहर में भाजपा का कार्यकर्ता सम्मेलन बदलाव लाएगा और द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) को सत्ता से बेदखल करेगा। गृह मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री एम के स्टालिन दावा करते हैं कि शाह द्रमुक को नहीं हरा सकते और एक मायने में वह सही भी हैं। उन्होंने कहा, शाह द्रमुक को नहीं हराएंगे, बल्कि तमिलनाडु के लोग बदलाव लाएंगे।

शाह ने कहा कि उन्होंने देशभर के चुनावों में हिस्सा लिया है और लोगों की नब्ज समझते हैं। शाह ने कहा कि उन्हें पूरा भरोसा है कि तमिलनाडु के लोग इस बार द्रमुक सरकार को उखाड़ फेंकेंगे। शाह ने आरोप लगाया कि द्रमुक के भ्रष्ट शासन में तमिलनाडु के गरीब, महिलाएं और बच्चें प्रभावित हुए हैं। उन्होंने अपनी पार्टी के सदस्यों से स्टालिन के नेतृत्व वाली द्रमुक सरकार को सत्ता से बेदखल करने का संकल्प लेने का आग्रह किया।

# जनादेश स्वीकार नहीं कर पा रहे राहुल: फडणवीस

**मुंबई, एजेंसी**

- कहा- चुनाव में अगली हार के लिए खुद को कर रहे हैं तैयार

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने रविवार को कहा कि कांग्रेस सांसद राहुल गांधी 2024 के राज्य विधानसभा चुनावों में हार पर आत्मावलोकन करने के बजाय जनादेश को अस्वीकार कर रहे हैं, क्योंकि जनता ने उन्हें खारिज कर दिया है।

फडणवीस ने 'इंडियन एक्सप्रेस' और मराठी दैनिक 'लोकसत्ता' में प्रकाशित अपने लेखों में कहा कि लोकसभा में विपक्ष के नेता बिहार सहित आगामी विधानसभा चुनावों में होने वाली हार के लिए बहाने तैयार कर रहे हैं। राहुल गांधी ने शनिवार को विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित एक लेख और 'एक्स' पर एक पोस्ट में आरोप लगाया था कि 2024 का महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव लोकतंत्र में धांधली का ब्लूप्रिंट था और यह मैच फिक्सिंग अब बिहार में भी दोहराई जाएगी। जवाब में फडणवीस ने कहा कि कांग्रेस नेता लोकतांत्रिक प्रक्रिया और लोगों के जनादेश का लगातार अपमान कर रहे हैं।

### भाजपा का जवाब देना मैच फिक्सिंग की पुष्टि

**मुंबई।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रमेश चेन्निथला ने रविवार को कहा कि राहुल के सवालों का जवाब निर्वाचन आयोग के बजाय भाजपा द्वारा दिया जाना मैच फिक्सिंग के आरोपों की पुष्टि करता है। गांधी के दावों का खंडन करने के लिए मुख्यमंत्री देवेंद्र फणडवीस का लेख रविवार को इंडियन एक्सप्रेस में प्रकाशित हुआ। इससे पहले पार्टी प्रमुख जेपी नड्डा सहित शीर्ष नेताओं ने चुनावी प्रक्रिया पर संदेह जताने के लिए राहुल की आलोचना की थी।

## नया प्रयोग



जयपुर पुलिस ने ट्रैफिक प्रबंधन के लिए पांच सेल्फ बैलेंसिंग स्कूटर का ट्रायल शुरू किया है। रविवार को हवा महल के पास इलेक्ट्रिक सेल्फ बैलेंसिंग स्कूटर पर गश्त करते जयपुर ट्रैफिक पुलिस के जवान। एजेंसी

### तंगी: गुजरात में पति-पत्नी और बेटे ने की आत्महत्या

**मेहसाणा।** गुजरात के मेहसाणा जिले में कथित रूप से आर्थिक तंगी के चलते एक दंपत्ति और उनके नौ वर्षीय बेटे ने नर्मदा नहर में कूदकर आत्महत्या कर ली। एक पुलिस अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस उपाधीक्षक हार्दिक प्रजापति ने बताया कि धर्मेश पांचाल (38), उनकी पत्नी उर्मिला (36) और बेटे प्रकाश ने शनिवार को कडी कस्बे के पास आत्महत्या कर ली। प्रजापति ने कहा, उर्मिला और प्रकाश के शव शनिवार को मिले थे, जबकि धर्मेश का शव रविवार को निकाला गया। जिस कार से वे यहां पहुंचे थे, उसमें से एक सुसाइड नोट भी मिला है। इसकी जांच की जा रही है।

# जस्टिस वर्मा पर महाभियोग से बचने को इस्तीफा ही एक विकल्प

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- संसद की ओर से हटाया गया तो जस्टिस वर्मा को नहीं मिलेंगे पेंशन और दूसरे लाभ

जस्टिस यशवंत वर्मा के पास संसद द्वारा पद से हटाने के लिए चलाई जाने वाली कार्यवाही से बचने का एकमात्र विकल्प इस्तीफा है, क्योंकि सरकार कथित भ्रष्टाचार के मामले में इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश को हटाने के लिए एक प्रस्ताव लाने पर जोर दे रही है।

सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट के न्यायाधीशों की नियुक्ति और उन्हें हटाने की प्रक्रिया से अवगत अधिकारियों ने बताया कि किसी भी सदन में सांसदों के समक्ष अपना पक्ष रखते हुए न्यायमूर्ति वर्मा यह घोषणा कर सकते हैं कि वह पद छोड़ रहे हैं और उनके मौखिक बयान को उनका इस्तीफा माना जाएगा। अगर वह इस्तीफा देने का फैसला करते हैं, तो उन्हें सेवानिवृत्त हाईकोर्ट के न्यायाधीश के बराबर पेंशन और अन्य लाभ मिलेंगे। लेकिन अगर उन्हें संसद हटाती है, तो उन्हें पेंशन और अन्य लाभों से वंचित कर दिया जाएगा।

संविधान के अनुच्छेद 217 के अनुसार हाईकोर्ट का कोई न्यायाधीश, राष्ट्रपति को संबोधित अपने हस्ताक्षर सहित पत्र लिखकर अपना पद त्याग सकता है। न्यायाधीश के त्यागपत्र के लिए किसी अनुमोदन की आवश्यकता नहीं होती। एक साधारण त्यागपत्र ही पर्याप्त है। न्यायाधीश पद छोड़ने के लिए संभावित तिथि बता सकता है। ऐसे मामलों में न्यायाधीश पद पर बने रहने के अंतिम दिन की तिथि के रूप में उल्लिखित दिनांक से पहले अपना त्यागपत्र वापस ले सकता है।

संसद से हटाना न्यायाधीश को पद से हटाने का दूसरा तरीका है। तत्कालीन सीजेआई संजीव खन्ना ने राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर जस्टिस वर्मा को हटाने के लिए कहा था, जो नकदी बरामदी से जुड़े विवाद में फंसे हैं। न्यायमूर्ति खन्ना की रिपोर्ट मामले की जांच करने वाले तीन न्यायाधीशों की आंतरिक समिति के निष्कर्षों पर आधारित थी।

### रिजीजू ने मामले को बताया था थोड़ा अलग

संसदीय कार्यमंत्री किरेन रीजीजू ने पिछले सप्ताह कहा था कि ये मामला थोड़ा अलग है, क्योंकि तत्कालीन सीजेआई द्वारा गठित आंतरिक समिति रिपोर्ट सौंप चुकी है। इसलिए क्या करना है, हम फैसला लेंगे। मंत्री ने कहा कि प्रक्रिया का पालन किया जाना चाहिए लेकिन पहले से की गई जांच को कैसे एकीकृत किया जाए, इस पर निर्णय लेने की जरूरत है। कहा, नियमानुसार एक समिति बननी चाहिए और फिर समिति को एक रिपोर्ट प्रस्तुत करनी होती है, जिसे सदन में पेश किया जाएगा और न्यायाधीश को पद से हटाने के प्रस्ताव पर चर्चा शुरू होगी।

# लोको पायलट के लिए विश्राम नियम बदले

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- लोको रनिंग स्टाफ एसोसिएशन ने रेल मंत्रालय के आदेश को अवैध बताते हुए विरोध जताया

रेल मंत्रालय ने रेलवे के विभिन्न जोन और मंडलों में अपनाए जाने वाले अलग-अलग नियमों में एकरूपता लाने के मकसद से ट्रेन चालक दल के सदस्यों के लिए 'आउटस्टेशन' विश्राम नियमों को बदलने की घोषणा की है। ऑल इंडिया लोको रनिंग स्टाफ एसोसिएशन (एआईएलआरएसए) ने रेलवे बोर्ड को पत्र लिखकर इस कदम पर विरोध दर्ज कराया है और इसे अवैध आदेश बताया है।

एसोसिएशन का कहना है कि यह आदेश मंत्रालय के पिछले आदेशों का उल्लंघन करता है। रेल सूचना प्रणाली केंद्र (क्रिस) के महाप्रबंधक के नाम मंत्रालय की ओर से तीन जून को जारी परिपत्र में कहा गया कि ट्रेन परिचालन के दौरान उसमें ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों के लिए कार्य अवधि के संदर्भ में 'आउटस्टेशन' विश्राम नियम छह प्रकार के हैं।

परिपत्र के अनुसार, ट्रेन में ड्यूटी देने वाले कर्मचारियों को आठ घंटे ड्यूटी करने पर आठ घंटे का विश्राम और पांच से आठ घंटे की ड्यूटी करने वालों को छह घंटे का विश्राम दिया जाएगा। कहा गया है कि जो कर्मचारी पांच घंटे या उससे कम की ड्यूटी करते हैं उन्हें ड्यूटी की अवधि से एक घंटा अधिक विश्राम के लिए मिलेगा।

एसोसिएशन ने कहा कि मंत्रालय का पत्र सुरक्षित रेल परिचालन को गंभीर रूप से प्रभावित करेगा क्योंकि यह 2016 में मंत्रालय से गठित उच्चाधिकार प्राप्त समिति के कार्य घंटों के नियमों की पूरी तरह अवहेलना करता है। यूनियन पदाधिकारियों ने कहा कि आठ घंटे से कम कोई भी विश्राम अपर्याप्त है क्योंकि इस अवधि के दौरान कर्मचारियों को विश्राम के अलावा कई अन्य गतिविधियों में भी काफी समय देना पड़ता है।

---

## कारोबार/कृषि

## एक नजर

### त्रिपुरा में किसानों की आय दोगुनी हुई: मुख्यमंत्री

**अगरतला।** त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा ने रविवार को दावा किया कि राज्य में किसानों की आय पिछले आठ वर्षों में दोगुनी हो गई है। पश्चिमी त्रिपुरा के तुफानियालुंगा चाय बागान में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने दावा किया कि राज्य में किसानों की आय 2016 में 6,580 रुपये से बढ़कर 2024 में 13,590 रुपये प्रति माह हो गई है। पूर्वोत्तर राज्य में 4 .74 लाख किसान हैं। उन्होंने कहा, सरकार किसानों के कल्याण के लिए काम कर रही है क्योंकि इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा।

### भारत की कंपनियों से बातचीत कर रही एटीआर

**नई दिल्ली।** भारत में कारोबारी अवसरों को देखते हुए यूरोपीय विमान विनिर्माता एटीआर अपने विमानों की बिक्री की संभावना तलाशने के लिए अनुसूचित और गैर-अनुसूचित एयरलाइन कंपनियों के साथ बातचीत कर रही है। एटीआर के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि अगले 10 वर्षों में देश में 300 से अधिक टर्बोप्रॉप होंगे। वर्तमान में, देश में 70 एटीआर विमान हैं जो इंडिगो, एलायंस एयर और फ्लाई91 द्वारा संचालित हैं।

### रिलायंस की नजर विमान उन्नयन कारोबार पर

**नई दिल्ली।** रिलायंस इन्फ्रास्ट्रक्चर अपने रक्षा कारोबार को विमान उन्नयन कार्यक्रमों पर ध्यान केंद्रित करने की योजना बना रही है, जिसके तहत अगले सात से 10 वर्षों में 5,000 करोड़ रुपये के अवसर प्राप्त होंगे। इस रणनीतिक कदम से रिलायंस इन्फ्रास्ट्रक्चर भारत की पहली निजी क्षेत्र की कंपनी बन गई है, जो मूल विनिर्माता बने बिना ही स्वतंत्र रूप से व्यापक विमान उन्नयन कार्यक्रम को क्रियान्वित कर रही है।

# किसानों के हितों की रक्षा करेगा भारत

## अमेरिका से व्यापार वार्ता पर कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान की घोषणा

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- कहा- अपने लाभ-हानि का आकलन कर देंगे समझौते को अंतिम रूप

कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि भारत, अमेरिका के साथ कृषि बाजार पहुंच को लेकर चल रही व्यापार वार्ता में संभावित लाभ और हानि का आकलन करते हुए अपने किसानों के हितों की रक्षा को प्राथमिकता देगा। चौहान ने एक साक्षात्कार में कहा, भारत आंखें मूंदकर काम नहीं करेगा। अपने लाभ और हानि का आकलन कर समझौते को अंतिम रूप दिया जाएगा।

कृषि मंत्री ने कहा, भारत और अमेरिका के बीच चर्चा चल रही है। एक बात स्पष्ट है, हम अपने किसानों के हितों की रक्षा करेंगे। जब हम दो देशों के बारे में बात करते हैं, तो हमें समग्र व्यापार को देखने की जरूरत होती है। नीति आयोग की रिपोर्ट 'नई अमेरिकी व्यापार व्यवस्था के तहत भारत-अमेरिका कृषि व्यापार को बढ़ावा देना' के अनुसार, 2024 में समाप्त होने वाली त्रैवार्षिक अवधि में भारत को अमेरिकी कृषि और संबद्ध उत्पाद निर्यात का मूल्य लगभग 2.22 अरब डॉलर था। इसी अवधि में, भारत ने अमेरिका को 5.75 अरब डॉलर मूल्य के कृषि उत्पादों का निर्यात किया।

अमेरिका को भारत के मुख्य कृषि निर्यात में जमे हुए झींगा, बासमती चावल, मसाले, प्रसंस्कृत अनाज और अन्य मूल्यवर्धित उत्पाद शामिल हैं। अमेरिका मक्का, सोयाबीन और पशु आहार जैसे अधिक कृषि उत्पादों का निर्यात करना चाहता है, लेकिन उसे भारत से, विशेष रूप से कृषि में उच्च शुल्क का सामना करना पड़ रहा है, जहां औसत शुल्क 39-50 प्रतिशत तक पहुंच सकता है। मंत्री की टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब भारत और अमेरिका कृषि व्यापार के विस्तार पर बातचीत जारी रखे हुए हैं, जिसमें वाशिंगटन भारतीय बाजार में अपने कृषि उत्पादों के लिए कम शुल्क और बेहतर बाजार पहुंच की मांग कर रहा है। भारत, ग्रामीण समुदायों से संभावित प्रतिक्रिया की चिंता और घरेलू उत्पादकों को वैश्विक मूल्य अस्थिरता से बचाने की आवश्यकता के कारण अपने कृषि और डेयरी बाजारों को पूरी तरह से खोलने के प्रति सतर्क है।

### वैश्विक रुझानों और मुद्रास्फीति से तय होगी इस सप्ताह बाजार चाल

**नई दिल्ली।** इस सप्ताह शेयर बाजारों की चाल वैश्विक रुझानों, मुद्रास्फीति के आंकड़ों और विदेशी निवेशकों की कारोबारी गतिविधियों से तय होगी। इसके अलावा मानसून की प्रगति और व्यापार वार्ता से संबंधित घटनाक्रमों पर भी निवेशकों की नजर रहेगी। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजीत मिश्रा ने कहा, कारोबारियों की नजर प्रमुख वृहद आर्थिक आंकड़ों पर होगी। मांग के रुझान और केंद्रीय बैंक के अगले कदमों का अनुमान लगाने के लिए सीपीआई मुद्रास्फीति जैसे उच्च आवृत्ति संकेतकों पर बारीकी से नजर रखी जाएगी।

## 26 रियल्टी कंपनियों ने 1.62 लाख करोड़ रुपये की संपत्ति बेची

**नई दिल्ली।** भारत की 26 प्रमुख सूचीबद्ध रियल एस्टेट कंपनियों ने वित्त वर्ष 2024-25 में 1.62 लाख करोड़ रुपये की संपत्तियां बेची हैं। इनमें गोदरेज प्रॉपर्टीज 30,000 करोड़ रुपये की बिक्री बुकिंग के साथ सबसे बड़ी कंपनी बन गई।

रियल एस्टेट कंपनी डीएलएफ लिमिटेड 2024-25 के दौरान 21,000 करोड़ रुपये से अधिक की बिक्री बुकिंग के साथ दूसरे स्थान पर है। इसके बाद मैक्रोटेक डेवलपर्स (लोढ़ा ग्रुप), प्रेस्टीज एस्टेट्स प्रोजेक्ट्स और सिग्नेचर ग्लोबल हैं। निवेशकों की प्रस्तुतियों और शेयर बाजार से जुटाए आंकड़ों के अनुसार, 26 प्रमुख सूचीबद्ध रियल एस्टेट कंपनियों ने पिछले वित्त वर्ष में 20% से अधिक वृद्धि के साथ 1,61,722 करोड़ रुपये की संयुक्त बिक्री बुकिंग या बिक्री बुकिंग की सूचना दी।

# आत्मसंतुष्टि का कारण नहीं हो सकता जापान को पीछे छोड़ना

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- विश्व आर्थिक मंच के पूर्व एमडी ने कहा- जापान की प्रति व्यक्ति आय अब भी भारत से बहुत आगे

विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) के पूर्व प्रबंध निदेशक (एमडी) क्लॉड स्मदजा ने कहा कि भारत, जापान को पीछे छोड़कर दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के लिए तैयार है, लेकिन उसे आत्मसंतुष्ट नहीं होना चाहिए, क्योंकि प्रति व्यक्ति जीडीपी के मामले में देश जापान से बहुत पीछे है।

अप्रैल, 2025 के आईएमएफ आंकड़ों के अनुसार भारत की प्रति व्यक्ति जीडीपी 2,878.4 डॉलर है जो जापान की प्रति व्यक्ति जीडीपी 33,955.7 डॉलर का लगभग 8.5 प्रतिशत है। इसका अर्थ है कि जापान की प्रति व्यक्ति आय भारत की तुलना में लगभग 11.8 गुना अधिक है। स्मदजा ने विशेष बातचीत में कहा, अर्थव्यवस्था का आकार एक अच्छा संकेतक है क्योंकि यह वैश्विक संतुलन पर देश के आर्थिक भार का एक विचार देता है लेकिन मायने रखता है वह प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) है।

प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद के मामले में, भारत जापान से बहुत नीचे है। इसलिए भारत ने वैश्विक आर्थिक संतुलन में यह चौथा स्थान हासिल किया है या नहीं, यह प्रगति का एक अच्छा संकेतक है, लेकिन यह किसी भी तरह से आत्मसंतुष्टि का कोई कारण नहीं है। स्मदजा ने तर्क दिया कि भारत की नई आर्थिक स्थिति को सुधारों में तेजी लाने के लिए उत्प्रेरक के रूप में काम करना चाहिए तथा तय करना चाहिए कि वृद्धि सभी नागरिकों के लिए उच्च जीवन स्तर में परिवर्तित हो, न कि केवल शहरी और ग्रामीण केंद्रों में उभरते मध्यम वर्ग के लिए।

## रेपो दर में कटौती के बाद बैंक ऑफ बड़ौदा ने 0.50% घटाई ब्याज दर

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- एचडीएफसी ने आरएलएलआर में 0.10% कटौती की घोषणा की

सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ बड़ौदा ने रविवार को कहा कि उसने आरबीआई की ब्याज दरों में कटौती के अनुरूप रेपो दर से जुड़ी अपनी प्रमुख उधारी दर में 0.50 प्रतिशत की कटौती की है। निजी क्षेत्र के एचडीएफसी बैंक ने अपनी कोष की सीमांत लागत आधारित उधार दर में विभिन्न अवधियों में 0.10 प्रतिशत की कटौती की है, जिससे उन उधारकर्ताओं को लाभ होगा जिनके ऋण इस बेंचमार्क से जुड़े हैं।

बीओबी ने एक बयान में कहा कि आरबीआई द्वारा नीतिगत रेपो दर में कटौती के अनुरूप, बैंक ने सात जून से अपनी रेपो से संबद्ध ऋण रेट (आरएलएलआर) में 0.50 प्रतिशत की कटौती की है। बैंक ने कहा कि अब उसकी आरएलएलआर 8.15 प्रतिशत है। इसके साथ ही बीओबी ने आरएलएलआर में आरबीआई की कटौती को पूरी तरह लागू कर दिया है। एचडीएफसी बैंक की वेबसाइट के अनुसार, नई एमसीएलआर दरें सात जून से प्रभावी हैं।

## छह माह में दर्जन भर आईपीओ पेश होंगे

**नई दिल्ली।** साल 2025 की सुस्त शुरुआत के बाद एक दर्जन से अधिक कंपनियों ने अगले तीन से छह महीनों में अपना आईपीओ पेश करने की तैयारी कर ली है, जो कि द्वितीयक बाजार में स्थिरता और भू-राजनीतिक तनाव में कमी के कारण संभव हो पाया है। मर्चेंट बैंकरों ने कहा कि पूंजी बाजार में उतरने की तैयारी कर रही कंपनियों में एचडीएफसी बैंक की अनुषंगी कंपनी एचडीबी फाइनेंशियल सर्विसेज, नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल), कल्पतरु, रूबिकॉन रिसर्च, ऑल टाइम प्लास्टिक्स, रीग्रीन-एक्सेल ईपीसी इंडिया और परमेसु बायोटेक शामिल हैं।

# पई का इशारा भारतीय स्टार्टअप के लिए घरेलू पूंजी की कमी की ओर

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने के लिए नीतिगत सुधारों का आह्वान

दिग्गज उद्योगपति और एरिन कैपिटल के चेयरमैन मोहनदास पई का कहना है कि सरकार के प्रतिबंधात्मक नियमों के कारण पर्याप्त घरेलू निवेश की कमी के चलते भारतीय स्टार्टअप पीछे रह गए हैं। उन्होंने पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने के लिए नीतिगत सुधारों और अनुसंधान एवं विकास (आरएंडडी) में निवेश का आह्वान किया।

पई ने आगाह किया कि भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप केंद्र है इसके बावजूद अगर इन चुनौतियों का समाधान नहीं किया गया तो देश वैश्विक नवाचार में पिछड़ सकता है। पई ने पीटीआई-भाषा को दिए साक्षात्कार में कहा, हमारे पास 1,65,000 पंजीकृत स्टार्टअप हैं, 22,000 को वित्त पोषण मिला है। उन्होंने 600 अरब डॉलर का मूल्य बनाया है। हमें 121 यूनिकॉर्न और शायद 250-300 सूनिकॉर्न मिले।

उन्होंने कहा, स्टार्टअप के लिए सबसे बड़ी समस्या पर्याप्त पूंजी की कमी है। उदाहरण के लिए, चीन ने 2014 से 2024 के बीच स्टार्टअप और उद्यमों में 835 अरब डॉलर का निवेश किया, अमेरिका ने 2.32 लाख करोड़ डॉलर का निवेश किया। हमने सिर्फ 160 अरब डॉलर का निवेश किया, जिसमें से संभवतः 80 प्रतिशत विदेशों से आया। इसलिए स्थानीय पूंजी नहीं आ रही है। पई ने बताया कि अमेरिका के विपरीत, जहां बीमा कंपनियां और विश्वविद्यालय निधियां स्टार्टअप कोष के प्रमुख स्रोत हैं, भारतीय कोषों को सरकारी नीति द्वारा स्टार्टअप में निवेश करने से प्रतिबंधित किया गया है, और अधूरे नियामकीय सुधारों के कारण बीमा कंपनियां बड़े पैमाने पर अनुपस्थित रहती हैं।

उन्होंने बीमा कंपनियों को 'फंड-ऑफ-फंड' में भाग लेने की अनुमति देने के लिए विनियामकीय बदलाव लाने की वकालत की और उनके निवेश ढांचे में अधिक लचीलेपन का आह्वान किया। पई ने सरकार के 'फंड-ऑफ-फंड' कार्यक्रम को 10,000 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 50,000 करोड़ रुपये करने का भी सुझाव दिया। उन्होंने आगे कहा कि 40-45 लाख करोड़ रुपये के कोष वाले भारत के पेंशन कोष रूढ़िवादी दृष्टिकोण और प्रतिबंधात्मक नियमों के कारण स्टार्टअप में निवेश करने में असमर्थ हैं। पई ने भारतीय विश्वविद्यालयों में अनुसंधान एवं विकास कोष में पर्याप्त वृद्धि के महत्व पर जोर दिया और डीआरडीओ जैसे संगठनों को अपनी प्रौद्योगिकियों को निजी क्षेत्र के लिए सुलभ बनाने के लिए प्रोत्साहित किया।

## खेल डायरी

### सप्तक तलवार का स्विटजरलैंड में अच्छा प्रदर्शन जारी

**ल्यूसर्न (स्विट्जरलैंड) :** भारत के सप्तक तलवार ने अंतिम पांच होल में चार बर्डी के साथ तीसरे दौर में तीन अंडर 68 का कार्ड खेला, जिससे वह यहां स्विस चैलेंज गोल्फ टूर्नामेंट में संयुक्त 16वें स्थान पर पहुंच गए। तलवार ने पहले दो दिन 69-69 का स्कोर बनाया था। तीसरे दौर के बाद उनका कुल स्कोर सात अंडर हो गया है और वह शीर्ष पर काबिज स्वीडन के टोबियास जोनसन से छह शॉट पीछे हैं, जिन्होंने तीसरे दिन 67 का स्कोर बनाया था। गोल्फ़ सेम्पाच में तलवार ने 13वें होल में दिन की एकमात्र बोगी की। इसके बाद उन्होंने हालांकि शानदार वापसी करके आखिरी पांच होल में चार बर्डी लगाई। उन्होंने 14वें और 15वें होल और फिर 17वें और 18वें होल में भी लगातार बर्डी लगाई।

### केन ने एंडोरा के खिलाफ इंग्लैंड को शर्मसार होने से बचाया

**बार्सिलोना :** इंग्लैंड ने कुछ विषम पलों से गुजरने के बाद हैरी केन के दूसरे हाफ में किए गए गोल की मदद से विश्व कप फुटबॉल के यूरोपीय क्वालीफाइंग मैच में एंडोरा पर 1-0 से जीत दर्ज की। इंग्लैंड ने इस जीत से हालांकि अपना विजय अभियान जारी रखा। यह उसकी लगातार तीसरी जीत है जिससे उसके नौ अंक हो गए हैं और वह ग्रुप के में शीर्ष पर काबिज है। इंग्लैंड की टीम विश्व में 173वें स्थान पर काबिज टीम के सामने तब तक गोल नहीं कर सकी जब तक कि 50वें मिनट में नोनी मदुके के पास को केन ने गोल में नहीं बदल दिया। केन का इंग्लैंड की तरफ से यह 106 मैच में 72वां गोल था। केन ने कहा हमें निश्चित रूप से बेहतर प्रदर्शन करना होगा। यह ऐसा प्रदर्शन नहीं है जिसे बहुत से लोग याद रखेंगे। हमें खुशी है कि हम तीन अंक हासिल करने में सफल रहे। अल्बानिया और सर्बिया के बीच कड़ी सुरक्षा के बीच मैच गोलरहित बराबरी पर समाप्त हुआ। अल्बानिया तीन मैचों के बाद चार अंकों के साथ ग्रुप के में इंग्लैंड के बाद दूसरे स्थान पर है।



फ्रेंच ओपन में महिला एकल का खिताब जीतने वाली अमेरिका की कोको गौफ पेरिस के प्लेस डे ला कॉनकॉर्ड में ट्रॉफी के साथ फोटो खिंचाती हुईं। ● एजेंसी

### चक्रवर्ती, नारायणन, सिवुक तालिका में शीर्ष पर

**नई दिल्ली :** भारत के शीर्ष वरीयता प्राप्त नारायणन एस एल ने 21वें दिल्ली इंटरनेशनल ओपन ग्रैंड मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट के तीसरे दौर में रविवार को यहां अर्नव अग्रवाल पर जीत के साथ तालिका में संयुक्त रूप से शीर्ष पर अपना स्थान बरकरार रखा है। नारायणन के साथ शुरुआती तीन मुकाबलों में तीन जीत दर्ज करने वाले ग्रैंड मास्टर दीपन चक्रवर्ती, विटाली सिवुक, मिहेल निकितेंको, कार्तिक वेंकटरमन, अभिजीत गुप्ता और अंतरराष्ट्रीय मास्टर आर्सेन दावत्यान भी संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं। अंतरराष्ट्रीय मास्टर आरण्यक घोष ने भी गुरु प्रकाश पर जीत के साथ अपना शानदार खेल जारी रखा है। इस 1.21 करोड़ रुपये पुरस्कार राशि वाले टूर्नामेंट में 20 देशों के 24 ग्रैंडमास्टर सहित 2500 से ज्यादा खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।

### निधीश ने टीएनपीएल में स्पार्टन्स को पैंथर्स पर जीत दिलाई

**कोयंबटूर :** निधीश राजगोपाल के अर्धशतक की बदौलत एसकेएम सलेम स्पार्टन्स ने रविवार को यहां तमिलनाडु प्रीमियर लीग (टीएनपीएल) में सीचैम मदुरै पैंथर्स को छह विकेट से हरा दिया। स्पार्टन्स के गेंदबाजों ने प्रभावी प्रदर्शन करते हुए पैंथर्स को छह विकेट पर 164 रन के स्कोर पर रोक दिया। तमिलनाडु के तेज गेंदबाज एम मोहम्मद ने स्पार्टन्स की ओर से 27 रन देकर दो विकेट चटकाए। इसके जवाब में स्पार्टन्स ने निधीश (60 रन, 41 गेंद, सात चौके, दो छक्के) के अर्धशतक और आर केविन (नाबाद 48, 39 गेंद, चार छक्के, एक चौका) के साथ उनकी तीसरे विकेट की 73 रन की साझेदारी से आठ गेंद शेष रहते चार विकेट पर 167 रन बनाकर जीत दर्ज की। पैंथर्स के लिए आईपीएल खिलाड़ियों मुरुगन अश्विन और गुरजपनीत सिंह ने दो-दो विकेट चटकाए।

### भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने बेल्जियम को 3-2 से हराया

**एंटवर्प :** भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने रविवार को बेल्जियम के खिलाफ शानदार जीत के साथ यूरोप दौरे की शुरुआत की। आज यहां एंटवर्प में हॉकी सेंटर ऑफ एक्सीलेंस, विलरिजके प्लीन में खेले गये मुकाबले में भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बेल्जियम को 3-2 हराया। मैच की शुरुआत में भारत ने गीता यादव ने (11वें) मिनट में गोलकर अपनी टीम को बढ़त दिलाई। हालांकि, दूसरे क्वार्टर में मेजबान बेल्जियम की मैरी गोएन्स ने (25वें) मिनट में गोलकर स्कोर 1-1 बराबर कर दिया। इसके तुरंत बाद बेल्जियम ने लुईस वैन हेके के (34वें) मिनट में किये गये गोल की बदौलत 2-1 से बढ़त बना ली। भारत की सोनम ने (40वें) मिनट में गोलकर स्कोर 2-2 से बराबर कर दिया। इसके बाद भारत ने लगातार आक्रमण जारी रखे और बेल्जियम पर दबाव बनाये रखा। थोड़ी देर बाद भारत को पेनल्टी कॉर्नर मिला और लालथंतलुंगी ने (45वें मिनट) गोल कर अपनी टीम एक बार फिर से बढ़त दिला दी।

# रिंकू सिंह संग सांसद प्रिया सरोज की हुई सगाई



क्रिकेटर रिंकू सिंह और सपा सांसद प्रिया सरोज रिंग दिखाते हुए। ● एजेंसी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार।** क्रिकेटर रिंकू सिंह और सपा सांसद प्रिया सरोज की रिंग सेरेमनी रविवार को राजधानी में हुई। दोनों ने एक दूसरे को अंगूठी पहनाई। इस दौरान सपा प्रमुख अखिलेश यादव और अन्य अतिथियों ने बधाई दी।

लखनऊ के निजी सेंट्रम होटल में संपन्न हुई रिंग सेरेमनी में प्रिया सरोज ने पिंक कलर का लहंगा पहन रखा था, जबकि रिंकू सिंह ने डिजाइनर कुर्ता और पायजामा पहना हुआ था। सेरेमनी के दौरान रिंकू द्वारा अंगूठी पहनाएं जाने पर सांसद प्रिया सरोज भावुक हो गईं। जिन्हें क्रिकेटर रिंकू सिंह से ठिठोली कर हंसाया और फिर अतिथियों के बीच आकर लोगों से बधाई ली। साथ ही संगीत के माहौल में रिंकू सिंह व प्रिया सरोज ने जमकर ठुमके भी लगाए। इसके बाद स्टेज पर परिवार के सदस्यों के साथ अतिथियों के बधाई देने का सिलसिला शुरू हो गया। बधाई देने वालों में सपा प्रमुख के अलावा रिंग सेरेमनी में सपा नेता रामगोपाल वर्मा, महासचिव शिवपाल सिंह यादव, सांसद जिया उर्रहमान बर्क, सांसद जया बच्चन, सांसद धर्मेन्द यादव, और बीसीसीआई के राजीव शुक्ल समेत कई हस्तियां शामिल रहे।



रिंग सेरेमनी के दौरान स्टेज पर मौजूद सपा प्रमुख अखिलेश यादव व अन्य अतिथि। ● एजेंसी

मालूम हो कि सेंट्रम होटल में सगाई के लिए 15 कमरे बुक थे। इसमें पांच कमरे रिंकू सिंह के परिवार व दोस्तों के लिए थे। रिंकू का परिवार शनिवार को ही होटल पहुंच गया था, रात को बच्चों के साथ चहलकदमी करते रिंकू के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए थे। रिंग सेरेमनी में 300 खास मेहमानों को न्योता था।

# इरानी-पाओलिनी ने जीता महिला युगल का खिताब

## फ्रेंच ओपन : पुरुष युगल के चैंपियन बने ग्रैनोलर्स-जेबालोस, जूनियर खिताब टैगर और मैकडोनाल्ड ने जीता

पेरिस, एजेंसी

ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता सारा इरानी और जैस्मीन पाओलिनी की इटली की जोड़ी ने पहली बार फ्रेंच ओपन महिला युगल खिताब जीता तो वहीं पुरुष युगल में मार्सेल ग्रानोलर्स और होरासियो जेबालोस की जोड़ी उम्र को धता बताते हुए चैंपियन बनी।

पिछले साल की उपविजेता रही दूसरी वरीयता प्राप्त इरानी और पाओलिनी ने रविवार को अन्ना डैनिलिना और अलेक्जेंड्रा क्रुनिक को 6-4, 2-6, 6-1 से हराया। इटली की इस जोड़ी ने पिछले साल इसी स्थल पर ओलंपिक का स्वर्ण पदक जीता था। यह इरानी का महिला युगल में छठा ग्रैंड स्लैम जबकि दूसरा फ्रेंच ओपन खिताब है।

इस 38 वर्षीय खिलाड़ी ने इससे पहले रॉबर्टा विंची के साथ एक बेहद सफल जोड़ी बनाकर अमेरिकी ओपन, विंबलडन और ऑस्ट्रेलियन ओपन में खिताबी जीत दर्ज की थी। इरानी के लिए यह फ्रेंच ओपन में इस साल का दूसरा खिताब है। उन्होंने इससे पहले एन्ड्रा वावसोरी के साथ मिश्रित युगल खिताब भी जीता है। पाओलिनी एकल वर्ग की शानदार खिलाड़ी हैं। वह पिछले साल इस क्ले-कोर्ट ग्रैंड स्लैम में उपविजेता रहीं थी। पुरुष युगल में स्पेन के 39 वर्षीय ग्रैनोलर्स और अर्जेंटीना के 40 वर्षीय जेबालोस की जोड़ी चौथी बार किसी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंची थी और पहली बार चैंपियन बनने में सफल रही। फ्रेंच ओपन में पांचवी वरीयता प्राप्त इस जोड़ी ने फाइनल में जो सैलिसबरी और नील स्कूप्स्की की ब्रिटिश जोड़ी को 6-0, 6-7 (5), 7-5 से हराया। ग्रैनोलर्स और ज़ेबालोस 2019 में अमेरिकी ओपन और 2021 और 2023 में विंबलडन में उपविजेता रहे थे। सेलिसबरी और स्कूप्स्की ओपन युग में ग्रैंड स्लैम पुरुष युगल फाइनल में पहुंचने वाली पहली ब्रिटिश जोड़ी थी।



विजेता इटली की जैस्मीन पाओलिनी (बाएं) और सारा ईरानी। ● एजेंसी



स्पेन के मार्सेल ग्रैनोलर्स और अर्जेंटीना के होरासियो जेबालोस ट्राफी के साथ। ● एजेंसी

**टैगर और मैकडोनाल्ड ने फ्रेंच ओपन जूनियर खिताब जीते :** ऑस्ट्रिया की लिली टैगर ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए एक भी सेट गंवाए बिना फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट में लड़कियों का एकल खिताब जीता। पहली बार फ्रेंच ओपन के जूनियर वर्ग में खेल रही 17 वर्षीय टैगर ने शनिवार को फाइनल में ब्रिटेन की आठवीं वरीयता प्राप्त हन्ना क्लुगमैन को 6-2, 6-0 से हराया। टैगर ने पांच ब्रेक प्वाइंट बचाए तथा 19 विनर्स लगाए। वह फ्रेंच ओपन में जूनियर एकल खिताब जीतने वाली पहली ऑस्ट्रियाई खिलाड़ी हैं। किसी बड़े टूर्नामेंट में उनका पिछला सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन इस साल ऑस्ट्रेलियाई ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंचना था। लड़कों के एकल वर्ग के फाइनल में नील्स मैकडोनाल्ड ने जर्मनी के हम वतन खिलाड़ी मैक्स शोनेहॉस के खिलाफ़ तीन सेट तक चले मुकाबले में 6-7 (5), 6-0, 6-3 से जीत हासिल की। मैकडोनाल्ड 2014 में ऑस्ट्रेलियाई ओपन में जूनियर खिताब जीतने वाले अलेक्जेंडर के बाद जर्मनी के पहले ऐसे खिलाड़ी है जिन्होंने किसी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में एकल खिताब जीता।

## म्यूनिख विश्व कप

### भारतीय चुनौती की अगुआई करेंगे स्वप्निल व इलावेनिल

**म्यूनिख :** वापसी कर रहे पेरिस ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता निशानेबाज स्वप्निल कुसाले और इलावेनिल वलारिवान मंगलवार से यहां शुरू हो रहे सत्र के तीसरे आईएसएसएफ विश्व कप में भारतीय चुनौती की अगुआई करेंगे। विश्व कप में कई अंतरराष्ट्रीय सितारे हिस्सा लेंगे।

कुसाले ने घरेलू सर्किट में अच्छे प्रदर्शन के दम पर पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन (थ्री पी) स्पर्धा में वापसी की। दो बार की ओलंपियन इलावेनिल पेरिस के बाद पहली बार अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में नजर आएंगी। हालांकि वह आरपीओ (केवल रैंकिंग अंक) निशानेबाज के तौर पर ब्यूनस आयर्स और लीमा गई थीं।

महिला एयर पिस्टल में एशियाई खेलों की मौजूदा चैंपियन पलक की भी टीम में वापसी हुई है। हाल ही में महिला एयर राइफल राष्ट्रीय चैंपियन बनी अनन्या नायडू जैसे कुछ निशानेबाज विश्व कप में पदार्पण करेंगे। पुरुष एयर पिस्टल में आदित्य मालरा और निशांत रावत के रूप में दो नए चेहरे होंगे।

# भारतीय टीम ने इंग्लैंड में अभ्यास शुरू किया

लंदन, एजेंसी

भारतीय क्रिकेट टीम ने इंग्लैंड के खिलाफ 20 जून से लीड्स में शुरू होने वाली पांच टेस्ट मैचों की सीरीज से पहले लॉर्ड्स में अभ्यास करके दौरे की शुरुआत की।

जसप्रीत बुमराह, प्रसिद्ध कृष्णा, मोहम्मद सिराज और अर्शदीप सिंह की तेज गेंदबाजी चौकड़ी के अलावा नवनियुक्त कप्तान शुभमन गिल, ऋषभ पंत और ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा ने मुख्य कोच गौतम गंभीर के मार्गदर्शन में अभ्यास किया। रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे दिग्गजों के संन्यास लेने के बाद गिल को भारत का 37वां टेस्ट कप्तान बनाया गया। वह एक अपेक्षाकृत युवा टीम की अगुआई कर रहे हैं जिसका लक्ष्य 2007 के बाद से इंग्लैंड में अपनी पहली टेस्ट श्रृंखला जीतना है।



इंग्लैंड में अभ्यास सत्र के दौरान आराम फरमाते भारतीय खिलाड़ी। ● एजेंसी

श्रृंखला हेडिंग्ले में शुरू होगी जिसके बाद एजबेस्टन, लॉर्ड्स, ओल्ड ट्रैफर्ड और ओवल में टेस्ट मैच खेले जाएंगे। भारतीय टेस्ट टीम में शामिल कुछ खिलाड़ी अभी भारत ए की तरफ से नॉर्थम्पटन में इंग्लैंड लायंस के खिलाफ दूसरे अनधिकृत टेस्ट मैच में खेल रहे हैं।

## भारत ए को पहली पारी के आधार पर इंग्लैंड लॉयन्स पर 21 रन की बढ़त

**नॉर्थम्पटन (इंग्लैंड) :** बाएं हाथ के तेज गेंदबाज खलील अहमद (70 रन पर चार विकेट) के चार विकेट से भारत ए ने रविवार को यहां दूसरे अनौपचारिक टेस्ट के तीसरे दिन चाय तक इंग्लैंड लॉयन्स को 327 रन पर समेटकर पहली पारी के आधार पर 21 रन की बढ़त बनाई। इंग्लैंड की टीम ने दिन की शुरुआत तीन विकेट पर 192 रन से की और सुबह के सत्र में एक समय सिर्फ 10 रन जोड़कर चार विकेट गंवाए।

तेज गेंदबाज अंशुल कंबोज (56 रन पर दो विकेट) और तुषार देशपांडे (62 रन पर दो विकेट) ने खलील का अच्छा साथ निभाते हुए दो-दो विकेट चटकाए। भारत ए ने पहली पारी में 348 रन बनाए थे। सुबह के सत्र में जोर्डन कॉक्स (45) और कप्तान जेम्स रेव (10) ने मेजबान टीम को सतर्क शुरुआत दिलाई। कॉक्स ने शारदुल ठाकुर पर चौका जड़ा लेकिन खलील ने दिन के पांचवें और पारी के 51वें ओवर में उन्हें विकेटकीपर ध्रुव जुरेल के हाथों कैच कराके अर्धशतक से वंचित किया। खलील ने 55वें ओवर में कप्तान रेव को करुण नायर के हाथों कैच कराया और फिर अगली गेंद पर यॉर्कर पर जॉर्ज हिल (00) को बोल्ड किया।

# आखिरी क्षणों में गोल खाने से बचना चाहेगा भारत

## एफआईएच प्रो लीग

एम्सटलवीन, एजेंसी

भारतीय पुरुष हॉकी टीम को अगर नीदरलैंड के खिलाफ वापसी करनी है और एफआईएच प्रो लीग में शीर्ष स्थान की दौड़ में बने रहना है तो उसे सोमवार को यहां होने वाले महत्वपूर्ण मैच में आखिरी क्षणों में गोल खाने से बचना होगा।



भारत शनिवार को नीदरलैंड के खिलाफ 1-2 से हार के बाद प्रो लीग तालिका में चौथे स्थान पर खिसक गया है। नीदरलैंड नौ मैचों में 17 अंक लेकर शीर्ष पर है। उसके बाद इंग्लैंड (आठ मैचों में 16 अंक), बेल्जियम (आठ मैचों में 16 अंक) और भारत (नौ मैचों में 15 अंक) का नंबर आता है। प्रो लीग का यूरोपीय चरण भारत के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। शीर्ष स्थान पर रहने से भारत अगले साल बेल्जियम और नीदरलैंड की संयुक्त मेजबानी में होने वाले विश्व कप के लिए सीधे क्वालीफाई कर जाएगा। भारतीय टीम अगर इसमें नाकाम रहती है तो उसे पांच से 14 सितंबर तक बिहार के राजगीर में होने वाले एशिया कप के जरिए विश्व कप में जगह बनाने का एक और मौका मिलेगा।

# भारत ने ताइवान ओपन एथलेटिक्स में दूसरे दिन छह स्वर्ण पदक जीते

ताइपे सिटी, एजेंसी

● विथ्या रामराज, रोहित यादव, पूजा, अन्नू रानी और कृष्ण कुमार को मिली सफलता

भारत ने रविवार को ताइवान ओपन अंतरराष्ट्रीय एथलेटिक्स चैंपियनशिप के दूसरे और अंतिम दिन दबदबा बनाते हुए महिलाओं के 800 मीटर फाइनल और लंबी कूद प्रतियोगिता में दोहरे पदक सहित छह स्वर्ण पदक जीते। तीन बार की राष्ट्रीय चैंपियन विथ्या रामराज, रोहित यादव, पूजा, अन्नू रानी और कृष्ण कुमार ने अपने-अपने मुकाबलों में स्वर्ण पदक जीते जिससे भारतीय दल ने प्रभावशाली प्रदर्शन किया।

संतोष टी, विशाल टीके, धर्मवीर चौधरी और मनु टीएस की पुरुष चार गुणा 400 मीटर रिले टीम ने भी तीन मिनट 5.58 सेकेंड के चैंपियनशिप रिकॉर्ड समय के साथ स्वर्ण पदक जीतते हुए भारत के अभियान का सकारात्मक अंत किया। यशास पलाक्ष ने पुरुषों की 400 मीटर बाधा दौड़ में 42.22 सेकेंड के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय के साथ रजत पदक जीता। इस परिणाम से 2025 एशियाई चैंपियनशिप से चूकने के बाद उनके आत्मविश्वास को बढ़ावा मिलेगा।


विथ्या ने महिलाओं की 400 मीटर बाधा दौड़ में 56.53 सेकेंड का समय लेकर स्वर्ण पदक जीता जो इस साल का उनका तीसरा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। तमिलनाडु की इस एथलीट ने फेडरेशन कप फाइनल में 56.04 सेकेंड और एशियाई चैंपियनशिप फाइनल में 56.46 सेकेंड का समय लिया था।

रोहित पुरुषों की भाला फेंक प्रतियोगिता में 75 मीटर का आंकड़ा पार नहीं कर सके लेकिन 74.42 मीटर का उनका सर्वश्रेष्ठ प्रयास उन्हें इस स्पर्धा में स्वर्ण पदक दिलाने के लिए पर्याप्त था। ताइपे के हुआंग शिह फेंग ने 74.04 मीटर के प्रयास से रजत जबकि उनके हमवतन चेंग चाओ टीसुन ने 73.95 मीटर के प्रयास से कांस्य पदक जीता। पूजा ने महिलाओं के 800 मीटर फाइनल में दो मिनट 2.79 सेकेंड के चैंपियनशिप रिकॉर्ड समय के साथ जीत हासिल की और हमवतन ट्विंकल चौधरी को पीछे छोड़ दिया।

# आईपीएल के लिए भी होनी चाहिए 16 सप्ताह की विंडो

नई दिल्ली, एजेंसी

● पंजाब किंग्स के सह-मालिक मोहित बर्मन ने नेशनल फुटबॉल लीग से बराबरी करने के लिए समय बढ़ाने पर दिया जोर



आईपीएल की मौजूदा आठ सप्ताह के तुलना में प्रीमियर लीग (अगस्त से मई), एनबीए (सात महीने) और एनएफएल (4 .5 महीने) की बहुत लंबी विंडो है, जो उनके मूल्य को भी बढ़ाती है।

पंजाब किंग्स के सह-मालिक मोहित बर्मन का मानना है कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) को एनएफएल (नेशनल फुटबॉल लीग, अमेरिका), एनबीए (नेशनल बास्केटबॉल एसोसिएशन, अमेरिका) और यूरोपीय देशों की बड़ी फुटबॉल लीग सहित दुनिया की शीर्ष खेल लीगों के ब्रांड मूल्य से मेल खाने के लिए 12 से 16 सप्ताह की विंडो (टूर्नामेंट के आयोजन का समय) की आवश्यकता है।

आईपीएल के प्रति मैच का मूल्य लगभग 16.8 मिलियन डॉलर है जो दुनिया भर के विभिन्न खेलों की शीर्ष लीग में सिर्फ एनएफएल (36.8 मिलियन डालर) से पीछे है, लेकिन जब समग्र ब्रांड मूल्य की बात आती है तो यह एनएफएल और यूरोप की शीर्ष फुटबॉल लीग से काफी पीछे है।

प्रमुख निवेश बैंक हौलिहान लॉकी के अनुसार आईपीएल का ब्रांड मूल्य लगभग 16 बिलियन डॉलर है, जबकि एक एनएफएल फ्रेंचाइजी डलास काउबॉय की कीमत ही नौ बिलियन डॉलर है, इसके बाद न्यूयॉर्क यांकीस की कीमत 7.1 बिलियन डॉलर है। एनबीए फ्रेंचाइजी न्यूयॉर्क निक्स का मूल्य सात बिलियन डॉलर है, जबकि शीर्ष फुटबॉल क्लब रियाल मैड्रिड और मैनचेस्टर यूनाइटेड ने का मूल्य लगभग छह बिलियन डॉलर है। बर्मन ने आईपीएल के आगे की राह और पंजाब किंग्स के उल्लेखनीय बदलाव के बारे में पीटीआई से बात की। पंजाब की टीम 11 साल के लंबे अंतराल के बाद आईपीएल फाइनल में पहुंची। 'डाबर इंडिया' के प्रमुख बर्मन ने कहा हम प्रति मैच मूल्य के मामले में पहले से ही एनएफएल के बाद दुनिया में दूसरे स्थान पर हैं। लेकिन जब बात ब्रांड मूल्य की आती है तो आंकड़े कुछ और होता है। यह एक अलग पहलू है। मुझे लगता है कि हमें वहां पहुंचने के लिए इस लीग का आयोजन 12 से 16 सप्ताह तक कराने की जरूरत है। उन्होंने कहा इससे हमें बेहतर माहौल बनाने, प्रतिद्वंद्विता बनाने और सभी (प्रशंसक, प्रायोजक, प्रसारक) के लिए अधिक मूल्य बनाने का मौका मिलता है। लेकिन यह सिर्फ आयोजन का समय बढ़ाने के बारे में नहीं है। यह इस बारे में है कि हम उस समय में क्या करते हैं। हम किस तरह की सामग्री पेश करते हैं, हम साल भर प्रशंसकों को कैसे जोड़ते हैं, हम सत्र से परे लीग का निर्माण कैसे करते हैं।

पंजाब किंग्स ने इस सत्र में अपना दूसरा फाइनल खेला और 2014 के बाद से लीग तालिका में शीर्ष पर रहने के बाद यह टीम का पहला फाइनल था। पिछले कुछ साल से खराब प्रदर्शन करने वाली इस टीम की सफलता का श्रेय कोच रिकी पोंटिंग और कप्तान के तौर पर श्रेयस अय्यर को दिया जा रहा है। बर्मन ने कहा रिकी पोंटिंग को टीम का कोच बनाना हमारे बदलाव का पहला कदम था।

# जयशंकर यूरोप रवाना, द्विपक्षीय संबंध व आतंक होगा प्रमुख मुद्दा

- विदेश मंत्री फ्रांस, यूरोपीय संघ और बेल्जियम के नेताओं के साथ करेंगे वार्ता



नई दिल्ली, एजेंसी

विदेश मंत्री एस जयशंकर रविवार को यूरोप की एक सप्ताह की यात्रा पर रवाना हुए जहां वह फ्रांस, यूरोपीय संघ और बेल्जियम के नेताओं के साथ वार्ता करेंगे ताकि द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा दिया जा सके और आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने की भारत की नीति को पुनः पुष्ट किया जा सके। जयशंकर की यूरोप यात्रा पहलगाम आतंकवादी हमले के जवाब में भारत द्वारा 'ऑपरेशन सिंदूर' शुरू किए जाने के एक महीने बाद हो रही है।

ऐसी अपेक्षा है कि जयशंकर यूरोपीय नेताओं को सीमा पार आतंकवाद से निपटने को लेकर नई दिल्ली के दृष्टिकोण से अवगत कराएंगे। अपने दौरे के पहले चरण में जयशंकर फ्रांस जाएंगे। फ्रांस एक ऐसा देश है जो भारत का सदाबहार मित्र बनकर उभरा है। विदेश मंत्री पेरिस और मार्सिले की यात्रा करेंगे जहां वह यूरोप और विदेश मामलों के अपने समकक्ष मंत्री जीन नोएल बैरट के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। जयशंकर मार्सिले शहर में आयोजित होने वाले मेडिटरेनीयन रायसीना डायलॉग के पहले संस्करण में भी भाग लेंगे। जयशंकर ब्रसेल्स में यूरोपीय संघ की उच्च प्रतिनिधि व उपाध्यक्ष काजा कलास से रणनीतिक वार्ता करेंगे। विदेश मंत्रालय ने कहा, भारत-यूरोपीय संघ की रणनीतिक साझेदारी पिछले कुछ साल में विभिन्न क्षेत्रों में मजबूत हुई है तथा इस साल फरवरी में यूरोपीय संघ के कॉलेज ऑफ कमिश्नर्स की पहली भारत यात्रा से इसे और बढ़ावा मिला है। थिंक टैंक व मीडिया से बातचीत करने के अलावा यूरोपीय आयोग और यूरोपीय संसद के वरिष्ठ नेतृत्व से भी मिलेंगे। अपनी यात्रा के तीसरे और अंतिम चरण में विदेश मंत्री बेल्जियम के नेताओं के साथ व्यापक बातचीत करेंगे।

# कहीं आपके फोन की जासूसी तो नहीं हो रही

कुछ हट के

ऑनलाइन की दुनिया आज के वक्त में खतरे से खाली नहीं है। बाजार में इतने सॉफ्टवेयर हैं कि किसी की भी जासूसी हो सकती है। वैसे एंड्रॉयड के मुकाबले आईफोन को हैक करना काफी मुश्किल है, लेकिन ऐसा नहीं है कि हैक नहीं हो सकता है। दुनिया का कोई भी गैजेट हैकप्रूफ नहीं है। आपकी एक गलती हैकर्स को आपके बैंक अकाउंट तक पहुंचने का रास्ता दे सकती है।, या आपका निजी डेटा लीक हो सकता है। इसको लेकर हैकर्स नए-नए पैंतरे निकालते हैं। प्ले स्टोर में ऐसे बहुत से फर्जी ऐप्स और जासूसी सॉफ्टवेयर हैं जो चुपके से आपके मैसेज, फोटो, कॉल, लोकेशन और बाकी जानकारी चुरा सकते हैं। ये ऐप्स अक्सर बिना आपकी जानकारी के आपके फोन में डाल दिए जाते हैं और पकड़े न जाएं इसलिए होम स्क्रीन से गायब हो जाते हैं, जिससे इन्हें ढूंढना मुश्किल हो जाता है। इन्हें 'स्टॉकरवेयर' भी कहा जाता है।




### बचाव के आसान उपाय


- **सेटिंग्स देखे :** एक्सेसिबिलिटी सेटिंग्स, नोटिफिकेशन एक्सेस व डिवाइस एडमिन ऑप्शन्स में देखें कि कोई अजीब ऐप तो नहीं है। स्टॉकरवेयर डिवाइस हेल्थ या सिस्टम सर्विस जैसे नाम रखकर छिप जाते हैं।
- **गूगल प्ले प्रोटेक्ट चालू करें :** ये फीचर आपके ऐप्स को स्कैन करके खतरे का पता लगाएगा और जासूसी करने वाले ऐप्स से बचाएगा।
- **अज्ञात ऐप्स बंद करें :** अगर आपको कोई ऐसा ऐप मिले जिसे आपने डाउनलोड नहीं किया है और बहुत सारी परमिशन है, तो उसे तुरंत बंद करें और अनइंस्टॉल कर दें।

### इस तरह गतिविधियों पर रखते नजर

- **स्क्रीनशॉट :** यह डिवाइस की स्क्रीन के स्क्रीनशॉट लेता है, जिससे उपयोगकर्ता की गतिविधियों का पता चलता है।
- **लोकेशन ट्रैकिंग :** यह डिवाइस की लोकेशन को ट्रैक करता है, जिससे उपयोगकर्ता की भौतिक स्थिति का पता चलता है।
- **कॉल और मैसेज लॉगिंग :** यह कॉल लॉग, मैसेज आदि को रिकॉर्ड करता है, जिससे उपयोगकर्ता की गतिविधियों का पता चलता है।
- **कैमरा व माइक्रोफोन एक्सेस :** कुछ स्पाइवेयर कैमरा व माइक्रोफोन को एक्सेस कर सकते है और आपकी बातें लीक हो सकती हैं।

### ग्रीन सिग्नल दिखे तो हो जाएं अलर्ट

- स्मार्टफोन कंपनियों ने अब फोन में ग्रीन लाइट सिग्नल की सुविधा देना शुरू कर दिया है। इस लाइट का मतलब है कि आपके फोन में माइक या कैमरे का इस्तेमाल किया जा रहा है। ऐसे में यदि सभी एप बंद रखें हैं और फिर भी आपको ग्रीन लाइट दिख रही है तो आप हैकर्स के निशाने पर हैं और जासूसी की जा रही है। तुरंत अनजान एप को फोन से डिलीट करें।



## एक नजर

### पश्चिमी भारतीय-अंटार्कटिक रिज पर 6.2 तीव्रता का भूकंप

**बीजिंग।** अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने बताया कि शनिवार को 2320 बजे पश्चिमी भारतीय-अंटार्कटिक रिज पर 6.2 तीव्रता का भूकंप आया। भूकंप का केंद्र 10.0 किमी की गहराई पर था, जिसे शुरू में 47.83 डिग्री दक्षिण अक्षांश और 116.02 डिग्री पूर्वी देशांतर पर निर्धारित किया गया था।

### अमेरिका में लोकप्रिय टिकटॉकर हिरासत में

**वॉशिंगटन।** अमेरिका की एक संघीय कानून प्रवर्तन एजेंसी दुनिया के सबसे प्रसिद्ध टिकटॉकरों में से एक खाबी लैम को वीज़ा समाप्त होने के कारण हाल ही में हिरासत ले लिया। अमेरिकी आव्रजन और सीमा शुल्क प्रवर्तन (आइसीई) ने यूनिसेफ गुडविल राजदूत एवं लगभग 1380 करोड़ अधिक फॉलोअर्स वाले लोकप्रिय टिकटॉकर को 6 जून को लास वेगास के हैरी रीड अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर हिरासत में लिया था।

### अमेरिका ने नेपाल का अस्थायी संरक्षित दर्जा किया समाप्त

**काठमांडू।** अमेरिका ने 2015 के विनाशकारी भूकंप के बाद नेपाल को दिया गया अस्थायी संरक्षित दर्जा (टीपीएस) समाप्त कर दिया है। स्थानीय मीडिया ने यह जानकारी दी। अमेरिका के गृह मंत्रालय द्वारा शनिवार को जारी अधिसूचना में कहा गया कि इस वर्ष 24 जून को टीपीएस की मियाद समाप्त होने के बाद इसे नेपाल के लिए नहीं बढ़ाया जाएगा। हिमालयन टाइम्स में छपी खबर के मुताबिक, अमेरिका की गृह मंत्री क्रिस्टी नोएम ने कहा कि लाभार्थियों को मियाद समाप्त होने के बाद, पांच अगस्त तक 60 दिन का समय दिया जाएगा।

### परमाणु केंद्रों के निरीक्षण को तैयार पर दबाव स्वीकार नहीं

**तेहरान।** ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेज़ेशकियान ने शनिवार को कहा कि उनका देश अपने परमाणु संयंत्रों के निरीक्षण के लिए तैयार है, लेकिन किसी भी तरह के दबाव को स्वीकार नहीं करेगा। पेज़ेशकियान ने यह बात कज़ाखस्तान के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री मुरात नुर्तलेउ से तेहरान में मुलाक़ात के दौरान कही। यह टिप्पणी ईरान और अमेरिका के बीच अप्रत्यक्ष परमाणु वार्ताओं के संदर्भ में की गई, जिसकी जानकारी वेबसाइट पर दी गई है।

# अप्रवासन नीति के खिलाफ लॉस एंजिल्स में लोगों का हिंसक प्रदर्शन

## ट्रंप के खिलाफ अमेरिका में लोगों का भड़का गुस्सा, पुलिस पर पटाखे-पत्थर फेंके

- पुलिस ने भीड़ पर आंसू गैस के गोले दागे, ट्रंप ने 2000 गाड़र्स भेजे
- गवर्नर ने सरकार के इस कदम पर जताई आपत्ति

पैरामाउंट (अमेरिका), एजेंसी


अमेरिका में लॉस एंजेलिस में प्रदर्शनकारियों पर आंसू गैस के गोले दागते सुरक्षाबल के जवान।

अमेरिका में ट्रंप प्रशासन की अप्रवासन नीति के खिलाफ लोगों का विरोध बढ़ता जा रहा है। शनिवार को कैलिफोर्निया के लॉस एंजिल्स में आव्रजन और सीमा शुल्क प्रवर्तन की ओर से की गई छापेमारी के जवाब में हजारों प्रदर्शनकारी सड़कों पर उतर आए और पुलिस पर पटाखे-पत्थर फेंके। प्रदर्शनकारी पुलिस और अप्रवासन विभाग के लोगों से भिड़ गए। पुलिस ने लाठी चार्ज कर और आंसू गैस के गोले छोड़कर भीड़ को नियंत्रित किया। राष्ट्रपति ट्रंप ने भी इस पर कड़ी नाराजगी जताई है। इससे पहले शुक्रवार को भी लॉस एंजेलिस में ऐसे ही हंगामा हुआ था।

राष्ट्रपति ट्रंप ने प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए कैलिफोर्निया नेशनल गार्ड के 2,000 जवानों को तैनात की है। जबकि गवर्नर ने सरकार के इस कदम पर आपत्ति जताई है। लॉस एंजिलिस में संघीय आव्रजन अधिकारियों ने आव्रजन नियमों के उल्लंघन को लेकर शुक्रवार को 44 लोगों को गिरफ्तार किया जिसके बाद एक संघीय हिरासत केंद्र के बाहर उस समय झड़प हुई जब इस कार्रवाई का विरोध करने जुटे लोगों को तितर-बितर करने के लिए अधिकारियों ने आंसू गैस के गोले दागे। कैलिफोर्निया के गवर्नर एवं डेमोक्रेटिक पार्टी के नेता गैविन न्यूसम ने इस कदम पर आपत्ति जताई और कहा कि रिपब्लिकन पार्टी के नेता एवं राष्ट्रपति ट्रंप का यह कदम जानबूझकर भड़काने वाला है और इससे केवल तनाव बढ़ेगा।

### कोलंबिया में हथियारबंदों ने सांसद को गोली मारी, गंभीर

**बोगोटा।** कोलंबिया की राजधानी बोगोटा में शनिवार को एक चुनाव प्रचार अभियान रैली के दौरान हथियारबंद बदमाशों ने सांसद मिगुएल उरीबे टर्बे को गोली मार दी जिससे वह घायल हो गए। प्राधिकारियों ने यह जानकारी दी। देश के ऊपरी सदन सीनेट के सदस्य उरीबे अगले साल होने वाले राष्ट्रपति पद के चुनाव के संभावित प्रत्याशी हैं। उनकी पार्टी डेमोक्रेटिक सेंटर ने एक बयान जारी कर इस घटना को हिंसा का अस्वीकार्य कृत्य बताया। उनकी पार्टी ने बताया कि यह घटना फोंटिबोन के एक पार्क में हुई जब हथियारबंद हमलावरों ने सांसद को पीछे से गोली मार दी। सोशल मीडिया पर प्रसारित तस्वीरों में खून से लथपथ उरीबे को कई लोगों द्वारा पकड़े देखा जा सकता है। संभवत: उनके सिर पर चोट आई है। अभी तक सीनेटर की हालत के बारे में कोई आधिकारिक जानकारी साझा नहीं की गई है। बोगोटा के मेयर कार्लोस गैलन ने एक्स पर पोस्ट साझा कर बताया कि संदिग्ध हमलावर को पकड़ लिया गया है लेकिन संघीय सरकार ने कहा कि इस हमले के जिम्मेदार लोगों को पकड़ने के लिए इनाम घोषित किया गया है।

## परस्पर सम्मान भावना से भारत-बांग्लादेश के लोग होंगे प्रेरित : यूनुस

**ढाका।** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने प्रधानमंत्री मोदी को लिखे पत्र में कहा है कि एक-दूसरे के सम्मान की भावना और तालमेल भारत और बांग्लादेश का लोगों के कल्याण के लिए काम करने में मार्गदर्शन करती रहेगी। यूनुस ने यह पत्र मोदी द्वारा बांग्लादेश के लोगों और अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार को ईद-उल-अजहा की शुभकामनाएं देने के लिए भेजे गए संदेश के जवाब में लिखा।

यूनुस ने रविवार को एक एक्स पर पोस्ट में ये दोनों पत्र पोस्ट किए। अपने पत्र में यूनुस ने कहा कि मोदी का विचारशील संदेश दोनों देशों के बीच साझा मूल्यों को दर्शाता है। मुख्य सलाहकार ने प्रधानमंत्री मोदी और भारत के लोगों को अपनी शुभकामनाएं भी दीं। छह जून को लिखे पत्र में उन्होंने कहा, मुझे विश्वास है कि एक-दूसरे के सम्मान की भावना और तालमेल दोनों देशों का हमारे लोगों की भलाई के लिए मिलकर काम करने के लिए मार्गदर्शन करती रहेगी।

यूनुस ने कहा कि यह त्योहार चिंतन करने का समय है, जो समुदायों को उत्सव, त्याग, उदारता और एकता की भावना से एक साथ लाता है। 4 जून को लिखे अपने पत्र में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था कि यह त्योहार भारत की समृद्ध और विविध सांस्कृतिक विरासत का अभिन्न अंग है।

# अमेरिका में भारत का दबदबा, दो भारतवंशी उम्मीदवार चुनाव जीते

- टेक्सास नगर परिषद चुनाव में संजय सिंघल व सुख कौर ने शुगर लैंड तथा सैन एंटोनियो में जीत हासिल की



ह्यूस्टन (अमेरिका), एजेंसी

अमेरिका के टेक्सास नगर परिषद चुनावों में दो भारतीय-अमेरिकी उम्मीदवारों ने अपने-अपने शहर में जीत दर्ज की। संजय सिंघल और सुख कौर ने क्रमशः शुगर लैंड तथा सैन एंटोनियो में नगर परिषद चुनावों में जीत हासिल की। प्रारंभिक चरण का चुनाव तीन जून को हुआ था जिसके बाद अंतिम दो उम्मीदवारों के बीच चुनावी (रनऑफ) मुकाबले के लिए मतदान शनिवार को हुआ।

शुगरलैंड के 'डिस्ट्रिक्ट 2' में सिंघल ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी भारतीय-अमेरिकी नासिर हुसैन को हराकर चुनाव जीता। 'फोर्ट बेंड काउंटी' के अनौपचारिक परिणामों के अनुसार, सिंघल को 2,346 वोट मिले जबकि हुसैन को 777 वोट मिले। आईआईटी दिल्ली के पूर्व छात्र सिंघल ने अपना चुनाव प्रचार अभियान पारदर्शी शासन, बुनियादी ढांचे में सुधार और सामुदायिक जुड़ाव पर केंद्रित किया। सिख-अमेरिकी और शिक्षा सुधारक सुख कौर ने सैन एंटोनियो में भारी जीत हासिल कर 'डिस्ट्रिक्ट 1' की अपनी परिषद सीट बरकरार रखी। कौर सैन एंटोनियो में अपने पति और दो बच्चों के साथ रहती हैं।

एक गैर-लाभकारी संस्था की नेता कौर ने अपने प्रतिद्वंद्वी पैटी गिबन्स को 65 प्रतिशत मतों से हराया। स्टैनफोर्ड और हार्वर्ड से स्नातक तथा सैन एंटोनियो शहर परिषद के लिए चुनी गईं पहली सिख महिला कौर ने अपने प्रचार अभियान को किफायती आवास, सार्वजनिक परिवहन विस्तार और समावेशी शहरी विकास पर केंद्रित किया।

# ग्रेटा थनबर्ग और 12 अन्य को गाजा पहुंचने से रोकेगा इजराइल

- समुद्र के रास्ते नाव से निकली जलवायु संरक्षण कार्यकर्ता

तेल अवीव, एजेंसी



इजराइल के रक्षा मंत्री ने पर्यावरण कार्यकर्ता ग्रेटा थनबर्ग और अन्य कार्यकर्ताओं को ले जा रही राहत सहायता नौका को गाजा पट्टी तक पहुंचने से रोकने की प्रतिबद्धता जताई। रक्षा मंत्री इजराइल कैट्ज ने रविवार को कहा कि इजराइल किसी को भी फलस्तीनी क्षेत्र पर अपनी नौसैनिक नाकेबंदी तोड़ने की अनुमति नहीं देगा, जिसका उद्देश्य हमास को हथियार आयात करने से रोकना है।

ग्रेटा थनबर्ग और 12 अन्य कार्यकर्ता मैडलीन नामक नौका पर सवार हैं। नौका का संचालन संचालन फ्रीडम फ्लोटिला गठबंधन द्वारा किया जाता है। यह नौका पिछले रविवार को सिसिली से गाजा की समुद्री नाकेबंदी तोड़ने और मानवीय सहायता पहुंचाने के मिशन के साथ रवाना हुई थी। इसका मकसद फलस्तीनी क्षेत्र में बढ़ते मानवीय संकट के बारे में दुनिया को जागरूक करना भी है। कार्यकर्ताओं ने कहा था कि उनकी योजना रविवार को ही गाजा के जलक्षेत्र में पहुंचने की है। जहाज पर मौजूद अन्य लोगों में यूरोपीय संसद की फ्रांसीसी सदस्य एवं फलस्तीनी मूल की रीमा हसन भी शामिल हैं। फलस्तीनियों के प्रति इजराइल की नीतियों का विरोध करने के कारण उन्हें इजराइल में प्रवेश करने से रोक दिया गया है।

## राहत सहायता स्थल के पास इजराइली गोलीबारी में 5 की मौत

**गाजा पट्टी।** गाजा पट्टी में इजराइल और अमेरिका समर्थित समूह द्वारा संचालित राहत सहायता वितरण केंद्र से लगभग एक किलोमीटर दूर इजराइली गोलीबारी में कम से कम पांच लोग मारे गए और कुछ अन्य घायल हुए हैं। फलस्तीनी स्वास्थ्य अधिकारियों और प्रत्यक्षदर्शियों ने यह जानकारी दी।

इजराइली सेना ने कहा कि उसने अपने सैनिकों के नजदीक आने वाले लोगों पर चेतावनी के तौर पर गोलियां चलाईं। गाजा के दक्षिणी शहर खान यूनिस के नासिर अस्पताल में चार शव लाए गए। वहां मौजूद फलस्तीनी प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि इजराइली सेना ने उन पर एक गोल चक्कर पर गोलीबारी की थी जो पास के शहर राफा में गाजा ह्यूमेनिटेरियन फाउंडेशन द्वारा संचालित एक राहत सहायता केंद्र से करीब एक किलोमीटर दूर है।

## रिवर राफ्टिंग



गर्मी के मौसम में हिल स्टेशन सैलानियों से गुलजार हो उठे हैं। हिमाचल प्रदेश के कुल्लू में रविवार को ब्यास नदी में पर्यटकों ने राफ्टिंग का आनंद लिया। एजेंसी

## असम: अवैध रूप से मवेशियों के वध के आरोप में 16 गिरफ्तार

**गुवाहाटी/नगांव।** असम के मुख्यमंत्री ने रविवार को कहा कि राज्य में एक दिन पहले ईद के दौरान अवैध रूप से मवेशियों के वध के आरोप में 16 लोगों को गिरफ्तार किया गया। कई स्थानों से मवेशियों के अंगों की बरामदगी हुई है। बराक घाटी के दो जिलों- कछार के गुमराह, सिलचर व लखीपुर और करीमगंज के बदरपुर व बंगा में 5 अवैध वध स्थल पाए गए। एक अधिकारी ने बताया कि हिंदू समुदाय के लोगों ने होजाई में दिन में सड़कें अवरुद्ध की और आरोप लगाया कि शनिवार रात को कुछ शरारती तत्वों ने मांस के टुकड़े फेंके थे जबकि मुस्लिमों ने भी सड़क जाम की। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर किया। कहा कि हमारा संविधान धार्मिक स्वतंत्रता के अधिकार की गारंटी देता है लेकिन यह कानून के शासन एवं सार्वजनिक व्यवस्था बनाए रखने की बात भी समान रूप से करता है।

**दीदार** जम्मू-कश्मीर में नदी के ऊपर बने दुनिया के सबसे ऊंचे पुल को लेकर गजब का जुनून देखने को मिल रहा

# पायलट बोला- हम चिनाब ब्रिज के ऊपर हैं, तस्वीर लेने को मची होड़

नई दिल्ली, एजेंसी



जम्मू-कश्मीर में चिनाब नदी पर बने दुनिया के सबसे ऊंचे रेल पुल की तस्वीर लेने को लेकर श्रीनगर जाने वाले विमान यात्रियों के बीच गजब का जुनून देखने को मिल रहा है। इस पुल का उद्घाटन छह जून को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया था।

रेल मंत्रालय द्वारा जारी एक प्रेस बयान के अनुसार, विमान के पायलट विशेष घोषणाएं कर रहे हैं और यात्री दुनिया के सबसे ऊंचे रेलवे पुल (मेहराबदार पुल) की तस्वीरें लेने के प्रति काफी उत्सुकता दिखा रहे हैं। रेलवे बोर्ड के सूचना और प्रचार मामलों के कार्यकारी निदेशक दिलीप कुमार ने रविवार को कहा, चिनाब नदी पर बना पुल हर ऊंचाई से प्रशंसा प्राप्त करता है, जहां धरती से उठे गर्व की गूंज बादलों के बीच गूंजती है। उन्होंने कहा, इन दिनों जम्मू-कश्मीर की शानदार घाटियों से गुजरने वाली हर उड़ान एक खास पल का गवाह बनती है। जैसे ही विमान चिनाब घाटी के पास पहुंचता है, पायलट की आवाज केबिन में गूंजती है: आपके नीचे दुनिया का सबसे ऊंचा रेलवे-मेहराब पुल (चिनाब पुल) है।

### घोषणा होती है, यात्री खिड़कियों की ओर दौड़ पड़ते हैं

जैसे ही यह घोषणा होती है, यात्री खिड़कियों की ओर दौड़ पड़ते हैं और अपने मोबाइल फोन पर इस ऐतिहासिक चमत्कार का वीडियो रिकॉर्ड करना और तस्वीरें लेना शुरू कर देते हैं। केबिन में गर्व की भावना का प्रसार होता है- यात्री ताली बजाते हैं, मुस्कुराते हैं और भारतीय इंजीनियरिंग के चमत्कार के लिए प्रशंसा के शब्द साझा करते हैं। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि आस-पास के गांवों और पहाड़ी क्षेत्रों के स्थानीय लोग अलग-अलग जगहों से पुल की तस्वीरें लेते और वीडियो रिकॉर्ड करते देखे जा सकते हैं। इस संबंध में एक अधिकारी ने कहा, कुछ लोग इस पल को सीधे प्रसारित कर रहे हैं, जबकि अन्य इसे इंस्टाग्राम और फेसबुक पर तुरंत साझा कर रहे हैं। कुमार के अनुसार, आसमान में उड़तीं उड़ानें चिनाब पुल को देखने का झरोखा बन गई हैं, जमीन पर भी लोग इस विस्मयकारी रचना को कैद करने में व्यस्त हैं जो भविष्य की पीढ़ियों के साथ साझा करने के लिए इतिहास के एक भाग को संरक्षित करती है। महत्वाकांक्षी उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेल लिंक (यूएसबीआरएल) परियोजना के हिस्से के रूप में चिनाब पुल दुनिया का सबसे ऊंचा रेलवे-मेहराब पुल है।

## भारतीय मूल के दम्पति को न्यूजीलैंड में शाही सम्मान

**मुंबई।** महाराष्ट्र के सुनीत प्रकाश और उनकी गुजराती पत्नी ललिता कासंजी को सूचना प्रौद्योगिकी उद्योग और वहां के भारतीय प्रवासियों के लिए सेवा करने को लेकर न्यूजीलैंड ऑर्डर ऑफ मेरिट के सदस्य सम्मान के लिए चुना गया है। न्यूजीलैंड का यह पुरस्कार भारत के शीर्ष पद्म राष्ट्रीय पुरस्कारों के समान है।

दोनों सदस्यों को गवर्नर-जनरल डेम सिंडी कीरो द्वारा जल्द ही सम्मानित किया जाएगा। कीरो यूनाइटेड किंगडम के राजा चार्ल्स तृतीय के प्रतिनिधि हैं। न्यूजीलैंड ब्रिटिश सम्राट को अपने राष्ट्राध्यक्ष के रूप में मान्यता देता है। न्यूजीलैंड ऑर्डर ऑफ मेरिट नामक पुरस्कारों के व्यापक समूह की स्थापना 30 मई, 1996 को तत्कालीन ब्रिटिश सम्राट महारानी एलिजाबेथ द्वितीय द्वारा जारी एक रॉयल वारंट द्वारा की गई थी।

# पोप लियो ने राजनीतिक राष्ट्रवाद की आलोचना की

- मेल-मिलाप व संवाद के लिए प्रार्थना की



वेटिकन सिटी, एजेंसी

कैथोलिक ईसाई धर्म के सर्वोच्च नेता पोप लियो 14वें ने रविवार को मेल-मिलाप व संवाद के लिए प्रार्थना की। उन्होंने विश्व में राष्ट्रवादी राजनीतिक आंदोलनों के उभार की भी आलोचना की। पोप का यह संदेश कैथोलिक चर्च को शांति का प्रतीक बनाने के उनके संकल्पों के अनुरूप है।

पोप ने हजारों श्रद्धालुओं के सामने सेंट पीटर्स स्क्वायर में सामूहिक प्रार्थना की और पवित्र आत्माओं से बाधाओं को तोड़ने, उदासीनता और घृणा की दीवारों को गिराने का आह्वान किया। अमेरिकी मूल के पहले पोप लियो-14वें ने कहा, जहां प्रेम है, वहां पूर्वाग्रह के लिए, हमें अपने पड़ोसियों से अलग करने वाले सुरक्षा क्षेत्रों के लिए, बहिष्कार की मानसिकता के लिए कोई स्थान नहीं है, जिसे, दुर्भाग्य से, हम अब राजनीतिक राष्ट्रवाद में भी उभरते हुए देख रहे हैं। उन्होंने हालांकि, किसी विशिष्ट देश या नेता का नाम नहीं लिया। लियो ने दिवंगत पोप फ्रांसिस के शब्दों को भी याद किया, जिन्होंने मई 2023 में पेंटेकोस्ट के मौके पर कहा था कि हमारी दुनिया में हम सभी जुड़े हुए हैं, फिर भी हम खुद को एक-दूसरे से अलग पाते हैं, उदासीनता से सुन्न हो जाते हैं और एकांत से अभिभूत हो जाते हैं।